आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
राजीव गांधी पुण्यतिथि

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 125 | उज्जैन, गुरुवार 21 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 5 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश


### अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास हो गया है। वोटिंग में 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स का साथ दिया। हालांकि 3 रिपब्लिकन सांसद वोटिंग में शामिल नहीं हुए। यह प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ, हालांकि इसे कानून बनने के लिए अभी कुछ और चरणों से गुजरना होगा। अगर यह प्रस्ताव कानून बनता है, तो ट्रम्प सरकार को ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। अभी सीनेट में इस पर अंतिम वोटिंग होनी बाकी है। इसके बाद इसे रिपब्लिकन बहुमत वाली हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स से मंजूरी लेनी होगी। हालांकि उसके बाद भी ट्रम्प इसके खिलाफ वीटो कर सकते हैं।

### एस्टोनिया के विदेश मंत्री बोले- पीएम मोदी हमारे देश आएं तो खुशी होगी

**एस्टोनिया।** एस्टोनिया के विदेश मंत्री मार्गुस त्साहकना ने भारत के साथ संबंध मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश आने का न्योता दिया है। उन्होंने कहा कि एस्टोनिया भारत को बेहद महत्वपूर्ण साझेदार मानता है और दोनों देशों के बीच व्यापार, एआई, आईटी और रक्षा क्षेत्र में सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। राजधानी टालिन में पीटीआई को दिए इंटरव्यू में त्साहकना ने कहा, एस्टोनिया बहुत खुश होगा अगर पीएम मोदी हमारे देश आते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर का भी स्वागत है। जितनी ज्यादा हाई-लेवल विजिट होंगी, उतना बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और वैश्विक स्तर पर उसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। एस्टोनिया भारतीय कंपनियों के लिए यूरोपीय यूनियन के बाजारों का प्रवेश द्वार बन सकता है।

## अमिताभ बच्चन अस्पताल में भर्ती



### नानावटी अस्पताल में बिग बी को ए-विंग की तीसरी मंजिल में रखा गया

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती होने की खबर हैं। पत्रकार विक्की ललवानी ने यूट्यूब अकाउंट से दावा किया है कि उन्हें 16 मई को भर्ती करवाया गया है। वो अस्पताल के ए-विंग में हैं। यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो में विक्की ललवानी ने बताया है कि वो खबर कन्फर्म करने मंगलवार शाम नानावटी अस्पताल में बिग बी को ए-विंग, तीसरी मंजिल में रखा गया है। उन्होंने ये भी दावा किया है कि अभिषेक बच्चन भी पिता को देखने मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे अस्पताल पहुंचे थे। विक्की ललवानी के अनुसार, अमिताभ बच्चन लंबे समय से पेट संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विक्की ललवानी का दावा है कि अमिताभ बच्चन 16 मई यानी शनिवार से अस्पताल में भर्ती हैं। लेकिन फैक्ट चेक में ये भी सामने आया कि 17 मई यानी रविवार को बिग बी हमेशा की तरह फैंस से मिलने के लिए जलसा से बाहर आए थे। इसका वीडियो भी सामने आया था। अमिताभ बच्चन ने मंगलवार देर रात आधिकारिक अकाउंट से कुछ अजीबोगरीब शब्दों के साथ बेमायने वाली पोस्ट की। उन्होंने रात 12 बजकर 3 मिनट पर लिखा- पिलोरी बड़ुंबा। इसके ठीक बाद उन्होंने 12 बजकर 20 मिनट पर ब्लॉग में लिखा- चील जब होवे शांत तो भैया, तोते बोलन सुरु करें, इर बीर फत्ते, कहन ,चल हमऊ, पिलावे सुरु करें। बाजरे दी रोटी खा दी, फू पड़ियों दा, साग रे, मुंह में डालन लागै जैसे , बोलन लागे काग रे। एक रहे हिल भैया की पढ़ाई का दर्पण; औ दूसर विलिंग्टन की याद। लव, प्रेयर एंड मोर।

### बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के सुरक्षाकर्मी की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के चिटगांव शहर में स्थित भारतीय दूतावास परिसर के अंदर मंगलवार को एक भारतीय सुरक्षाकर्मी मृत पाया गया। मृतक की पहचान 35 साल के नरेंद्र के तौर पर हुई है। वे हरियाणा के रहने वाले हैं और दूतावास में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे। नरेंद्र सोमवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने कमरे में लौटे थे। मंगलवार सुबह जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ वालों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। कई बार फोन और आवाज लगाने के बाव भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला। अंदर कमरे के फर्श पर नरेंद्र की डेड बॉडी मिली। वे कैंपस के भीतर बने स्टाफ डॉर्मिटरी में रहते थे। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

### ट्रम्प ने सीरियाई राष्ट्रपति को फिर अपना परफ्यूम भेजा

**वाशिंगटन।** सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने खुलासा किया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन्हें अपने ब्रांडेड विक्टोरी कोलोन की नई बोतलें भेजी हैं। ट्रम्प ने मजाकिया अंदाज में कहा कि शायद पिछली बार दी गई खुशबू खत्म हो गई होगी। अल-शरा ने सोशल मीडिया पर दो कोलोन बोतलों की तस्वीर साझा की। इसके साथ ट्रम्प का एक संदेश भी था, जिसमें लिखा था, हमारी तस्वीर की काफी चर्चा हो रही है, जब मैंने तुम्हें यह शानदार कोलोन दिया था। अगर तुम्हारे पास खत्म हो गया हो तो ये रही नई बोतलें। सीरियाई राष्ट्रपति ने पोस्ट में ट्रम्प को धन्यवाद देते हुए लिखा कि कुछ मुलाकातें गहरी छाप छोड़ जाती हैं और वह उम्मीद करते हैं कि उस मुलाकात की भावना सीरिया और अमेरिका के रिश्तों को और मजबूत करेगी। पिछले साल नवंबर में दोनों नेताओं की मुलाकात का वीडियो भी काफी चर्चा में रहा था।

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

# विकास और जन-कल्याण के लिए 30,055 करोड़ की वित्तिय स्वीकृति

## किसानों के हक में बड़ा फैसलाः प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 11,608.47 करोड़ रुपए की स्वीकृति, स्थानान्तरण नीति वर्ष-2026 का अनुमोदनः 1 जून से 15 जून तक हो सकेंगे तबादले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश के विकास और जन-कल्याण को गति देने के लिए कुल 30,055 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृतियां दी गई। मंत्रि-परिषद ने राज्य के कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति -2026 को भी मंजूरी दी है। राज्य के विभिन्न वर्गों के हित में कई बड़े निर्णय लिए गए। इसमें वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजनों की पेंशन योजना के लिए 15,184.42 करोड़ रुपये के साथ ही विभिन्न आपदाओं में किसानों को संबल देने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के निरंतर क्रियान्वयन के लिए 11,608.47 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

इसके साथ ही श्रमिक कल्याण की योजनाओं के लिए 1,779.07 करोड़ रुपये, सिवनी और देवास की समूह जल प्रदाय योजनाओं के लिए 593 करोड़ 24 लाख रुपये, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संचालन के लिए 373 करोड़ 38 लाख रुपये, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए 360 करोड़ रुपये तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से संबंधित शौर्य दल और चाइल्ड हेल्पलाइन योजनाओं के लिए 156 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।



### स्थानान्तरण नीति वर्ष 2026 का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद ने राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानान्तरण नीति वर्ष 2026 का अनुमोदन किया है। स्वीकृति अनुसार इस वर्ष 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक की अवधि के लिये स्थानांतरण से प्रतिबंध शिथिल किया जायेगा। नीति में लिपिकीय त्रुटि सुधार, स्पष्टीकरण अथवा अन्य संशोधन करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अधिकृत किया गया है। पद एवं संवर्ग संख्या के आधार पर अधिकतम स्थानांतरण की संख्या का निर्धारण स्थानांतरण नीति में स्पष्ट किया गया है। पति-पत्नी को एक स्थान पर पदस्थ किये जाने तथा स्वयं की गंभीर बीमारियों के प्रकरण में स्थानांतरण को विभागों के निर्धारित प्रतिशत या संख्या के अतिरिक्त रखा गया है। जिला एवं राज्य संवर्ग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का जिले के भीतर स्थानांतरण प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से किया जायेगा। सभी विभागों के विभागाध्यक्ष तथा शासकीय उपक्रमों एवं संस्थाओं में पदस्थ प्रथम श्रेणी के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का स्थानांतरण समन्वय में मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद किया जायेगा।

### किसानों के हक में बड़ा फैसला

- मंत्रि-परिषद ने किसानों को फसल हानि या क्षति होने पर वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का आगामी 05 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31) तक निरंतर क्रियान्वयन के लिए 11 हजार 608.47 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है।
- स्वीकृति अनुसार पात्र कृषकों को प्रति कृषक प्रत्येक मौसम में न्यूनतम दावा राशि 1,000 रुपए का भुगतान करने के लिए दावा राशि और राशि 1000 के अंतर की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा। योजना के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक नियम/दिशा-निर्देश जारी करने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग को अधिकृत किया गया है।

### वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजन की पेंशन योजना के लिए 15,184.42 करोड़ रुपए की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत वृद्धजनों, कल्याणी महिलाओं और दिव्यांगजन की पेंशन योजना के लिए 15 हजार 184.42 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एन.एस.ए.पी.) योजना अंतर्गत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 1 अप्रैल 2026 से आगामी 05 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 2,123 करोड़ 42 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। योजना अंतर्गत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली 40 वर्ष से अधिक आयु की कल्याणी महिलाओं को पात्रतानुसार प्रतिमाह 600 रुपए पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है। राज्य शासन की समग्र सामाजिक सुरक्षा योजना अन्तर्गत समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना को 1 अप्रैल 2026 से आगामी 05 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 13,061 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। योजना अंतर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रित वृद्ध, 18 वर्ष से अधिक आयु की कल्याणी (विधवा) महिलाएं एवं 06 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग जिनकी निशक्तता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है एवं 50 वर्ष या अधिक आयु की अविवाहिता को योजना के अंतर्गत पात्रतानुसार 600 रुपए प्रतिमाह पेंशन राशि का भुगतान किया जाता है।

---

# प्रदेश के 41 हजार मेडिकल स्टोर बंद रहे

## बुजुर्ग भटकते रहे...दवा नहीं मिली, दवा की ऑनलाइन बिक्री का विरोध

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में बुधवार को करीब 41 हजार दवा दुकानें बंद रही। अकेले भोपाल के 3 हजार से ज्यादा मेडिकल स्टोर्स इस बंद में शामिल हैं। सिर्फ अस्पतालों के अंदर संचालित मेडिकल स्टोरों को ही खुला रखा गया।

यह बंद ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स की ओर से ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बुलाया गया है।

आईओएसीडी को जनरल सेक्रेटरी राजीव सिंघल ने बताया कि प्रदेश के सभी रिटेल और थोक दवा व्यवसायियों ने इस बंद का समर्थन किया है। यह मुद्दा सीधे आम लोगों की सेहत से जुड़ा है। घर-घर पहुंच रही ऑनलाइन दवाओं की गुणवत्ता और निगरानी को लेकर अभी स्पष्ट सिस्टम नहीं है, जो गंभीर चिंता का विषय है।




इधर, भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ का कहना है, आज भोपाल के सभी मेडिकल स्टोर बंद है। थोक दवा बाजार भी बंद रखा गया। बाजार में ऑनलाइन सिस्टम का पुतला भी दहन किया गया।

### हड़ताल से मरीज परेशान

ग्वालियर के दवा बाजार में दवा लेने पहुंचे बुजुर्ग हरिओम कश्यप ने बताया कि वह अपनी 75 साल की पत्नी के लिए दवा लेने आए थे, लेकिन बाजार बंद होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी देर भटकने पर भी उन्हें दवा नहीं मिलीं। उन्होंने कहा कि जिस दवा के लिए वह आए हैं, वह उनकी पत्नी के लिए बेहद जरूरी है। समय पर दवा नहीं मिलने से उनकी तबीयत और बिगड़ सकती है। अस्पतालों के अंदर संचालित मेडिकल स्टोर्स को बंद से मुक्त रखा गया है, ताकि मरीजों को कोई परेशानी न हो। इमरजेंसी मरीजों के लिए जिला स्तर पर टास्क फोर्स बनाई गई है। संपर्क के लिए नंबर जारी किए गए हैं, जिन पर कॉल कर मरीज दवा की मांग कर सकते हैं। टास्क फोर्स जरूरतमंदों तक दवाएं पहुंचाने का काम करेगी

## पं. प्रदीप मिश्रा की कथा शुरू होने से पहले चले लात-घूंसे

एजेंसी ▶▶ करनाल

हरियाणा के करनाल में मशहूर कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा शुरू होने से पहले ही भारी बवाल मच गया। घरौंडा की नई अनाज मंडी में आयोजित इस कार्यक्रम में वीआईपी पास बांटने को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले और मारपीट हुई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराकर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## पीएम मोदी ने मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की, इटली में एक ही कार में घूमे

एजेंसी ▶▶ रोम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी को मेलोडी टॉफी गिफ्ट की। पीएम मेलोनी ने एक्स पर इस वीडियो को पोस्ट कर कहा- प्रधानमंत्री मोदी मेरे लिए गिफ्ट में बहुत-बहुत अच्छी टॉफी लेकर आए- मेलोडी।

पीएम मोदी अपने पांच देशों के दौरे के आखिरी चरण में मंगलवार को इटली पहुंचे। वहां पीएम मेलोनी ने उनका स्वागत किया। दोनों रोम की सड़कों पर एक ही कार में घूमे और करीब 2000 साल पुराने ऐतिहासिक कोलोजियम का दौरा भी किया।

**मोदी ने मेलोनी को मेलोडी टॉफी ही क्यों दी-** मोदी ने मेलोनी को मेलोडी टॉफी इसलिए गिफ्ट की थी क्योंकि सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के नामों को जोड़कर मेलोडी (मोदी+मेलोनी=मेलोडी) शब्द काफी वायरल हो गया था। असल में मेलोनी और मोदी के नामों को जोड़कर लोगों ने मजाकिया और दोस्ताना अंदाज में मेलोडी कहना शुरू कर दिया था।

पीएम मोदी ने इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मैं पीएम मेलोनी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मेरा और मेरे प्रतिनिधिमंडल को स्वागत किया। उन्होंने जॉर्जिया मेलोनी को भारत आने का न्योता दिया।

---

## दुनिया फिर जंगलराज की तरफ बढ़ रहीः जिनपिंग

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध को लेकर चेतावनी दी है। रॉयटर्स के मुताबिक, बीजिंग में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि दुनिया फिर जंगलराज की तरफ बढ़ रही है। जिनपिंग ने चेतावनी दी कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और वैश्विक स्थिरता पर बड़ा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एकतरफा सैन्य कार्रवाई और लंबे समय तक चलने वाला युद्ध दुनिया को ऐसे दौर में ले जा सकता है, जहां अंतरराष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ जाएं। उन्होंने कहा कि लड़ाई रोकना बेहद जरूरी है। जिनपिंग ने यह बयान बुधवार को बीजिंग में पुतिन के औपचारिक स्वागत के बाद दिया। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल के बाहर दोनों नेता रेड कार्पेट पर साथ चले और सैन्य बैंड ने रूस और चीन के राष्ट्रगान बजाए।

बंद पड़ी गौशाला के एक कमरे में ठूंसा गौवंश

## दम घुटने से 17 गायों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मुरैना

भीषण गर्मी के दौरान दर्दनाक हादसे से 17 गौवंश की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। मामला मुरैना के देवगढ़ थाना क्षेत्र के खाड़ोली गांव में बंद पड़ी शासकीय गौशाला का है। यहां किसी ग्रामीण ने गौवंश को एक कमरे में बंद कर दिया। आग उगलती गर्मी और अंदर दमघोंटू हालात के कारण गौवंश हीट स्ट्रोक का शिकार हो गया।

19 मई की रात जौरा के पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर हालत में मिले आधा दर्जन गौवंश का इलाज कर जान बचाई। मृत गौवंश में 4 से 5 महीने के दो बछड़े भी शामिल हैं। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सोमवार को कोई ग्रामीण पहाडगढ़ क्षेत्र से करीब दो दर्जन गौवंश लेकर आया। उसने पहले गौवंश को हरा चारा खिलाया और फिर सुबह करीब 11 बजे गौशाला के एक कमरे में बंद कर बाहर से कुंडी लगाकर चला गया। बाहर चंबल की झुलसाने वाली गर्मी कहर बरपा रही थी, जबकि कमरे के अंदर दमघोंटू हालात। कई घंटे तक बंद रहने के कारण गौवंश हीट स्ट्रोक का शिकार हो गया।

## प्रदेश में 4 दिन हीटवेव का अलर्ट, नौगांव में पारा 47 डिग्री

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सूरज जैसे आग उगल रहा है। दिन में भीषण गर्मी पड़ रही है तो लू के थपेड़ों का सितम भी है। मंगलवार को छतरपुर के 2 शहर- खजुराहो और नौगांव सबसे गर्म रहे। नौगांव में तापमान रिकॉर्ड 47 डिग्री और खजुराहो में 46.4 डिग्री रहा।



सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 47 डिग्री पर पहुंचा।

मौसम केंद्र ने अगले 4 दिन हीटवेव यानी, लू की चेतावनी जारी की है। प्रदेश के 22 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार रहा। नौगांव और खजुराहो के बाद तीसरा सबसे गर्म शहर दतिया रहा। यहां तापमान 45.8 डिग्री दर्ज किया गया।

---

संग रहने के लिए की थी चोरी, होटल से वही गहने लेकर भाग निकला ब्वॉयफ्रेंड

## 1.66 करोड़ की ज्वेलरी चुराई, सेल्सगर्ल अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अहमदाबाद में निकोल इलाके की एक ज्वैलरी शोरूम की सेल्स गर्ल हर्षिदा शेट्टी 10 दिनों बाद पुलिस की गिरफ्त में आ गई। हर्षिदा 11 मई 2026 को शोरूम से 1.66 करोड़ रुपए की ज्वेलरी चुराकर फरार हो गई थी।

पुलिस पूछताछ में हर्षिदा ने बताया कि उसने ब्वॉयफ्रेंड मयूर माली के साथ मिलकर चोरी का ये प्लान बनाया था। वारदात के बाद दोनों अहमदाबाद से दिल्ली और वहां से उत्तर भारत के कई राज्यों में छिपकर रहे।

ब्वॉयफ्रेंड ही गहने लेकर भाग निकला हर्षिदा ने बताया कि वे एक होटल में ठहरे हुए थे। तीन दिन पहले जब वह नहाने गई तो मयूर उसके चोरी किए गहने लेकर फरार हो गया। उसके पास कुछ ही गहने रह गए थे, जो उसने पहन रखे थे।

पैसे खत्म होने के बाद हर्षिदा वापस अहमदाबाद आ गई। मंगलवार की शाम वह गहने बेचने की फिराक में थी तभी पुलिस को खुफिया सूत्रों से उसकी खबर मिल गई और उसे अरेस्ट कर लिया गया। अब उसके ब्वॉयफ्रेंड की तलाश की जा रही है।



### शोरूम मालिक लंच करने घर गए थे

निकोल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दर्शनभाई शाह अपने परिवार के साथ शहर के कृष्णानगर इलाके की नयननगर सोसाइटी में रहते हैं। वे निकोल इलाके में अनमोल सर्कल के पास ग्रेविटी शॉपिंग मॉल में आभूषण नाम से सोने-चांदी का शोरूम चलाते हैं। दर्शनभाई के शोरूम में मैनेजर, सेल्समैन और मार्केटिंग समेत कुल 19 लोग काम करते हैं। हर्षिदा शेट्टी नाम की एक लड़की 11 महीने पहले सेल्स गर्ल के तौर पर शोरूम में शामिल हुई थी। 11 मई, 2026 को जब दर्शनभाई दोपहर खाना खाने के लिए घर गए थे, तब शोरूम के मैनेजर और स्टाफ मौजूद थे और उसी दौरान सेल्स गर्ल हर्षिदा वारदात को अंजाम देकर फरार हो गई।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## कैसे-कैसे खेल...




शासन को चूना लगाने के लिए अपडेट तरीकों का उपयोग होने लगा है। जहां रूग्णावस्थियों को सेवा दी जाती है वहां से भी कमाई के रास्ते निकाले जा रहे हैं। ऐसे ही मामले में संभाग के एक जिले के अस्पताल में किचन संचालन का अहिल्या बाई की नगरी की फर्म को नियमानुसार ठेका प्रदान किया गया। मात्र किचन संचालन की अनुमति दी गई। ठेकेदार ने यहां कैंटीन भी डाल लिया और अस्पताल की शासकीय भूमि को एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर किराए पर ही उठा दिया।किराया भी कोई 2-5-10 हजार नहीं बल्कि 1.75 लाख रूपए प्रति माह। कुल 13 माह पर यह भूमि किराए पर चलाई गई। अनियमितता एवं नियम विरुद्ध काम चलता रहा। शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाते हुए निजी लाभ अर्जन किया गया। ऐसा नहीं है कि यह सब बाले-बाले हो। ये कोई एक चार दिवारी के अंदर का मसला नहीं था जो छुप जाता। जमीन भी सार्वजनिक रूप से सबके सामने थी और कैंटीन भी सबके सामने ही चलता रहा। ये बात अलग है कि जिम्मेदारों ने भी अपनी मिलीभगत करते हुए इससे आंखें मूंद ली। सब कुछ सहजता से जारी था। इस बीच शिकायत होने पर मामला खुल गया और अब जिम्मेदारों के गले की हड्डी बन गया है। खुसूर-फुसूर है कि धड़ाधड़ एक के बाद एक ऐसे मामले सामने आते जा रहे हैं। नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी धता बताया जा रहा है। मानव सेवा की शपथ लेने वाले भी अगर ऐसे मामलों में शामिल हों तो फिर ऐसे में नैतिकता पर ही सवाल उठना लाजिमी है।

## न्यूज कॉलम

### 76वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप में उज्जैन के चार खिलाड़ी चयनित

**उज्जैन।** पांडिचेरी में 22 से 29 मई 2026 तक आयोजित होने वाली 76वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश की टीम में उज्जैन के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। बास्केटबॉल एसोसिएशन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया और पांडिचेरी बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को ग्वालियर में आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया गया था। इसी शिविर में मध्य प्रदेश टीम का अंतिम चयन किया गया।चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग से उज्जैन के आदित्य पांचाल और तनिष्क पांचाल शामिल हैं। वहीं बालिका वर्ग से वृतिका कुरिल और वैष्णवी गुप्ता ने मध्य प्रदेश की टीम में अपनी जगह बनाई है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति शर्मा, कोच मनीषा पंवार, प्रगति जैन, समीक्षा भदोरिया और विनोद पांचाल ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने मध्य प्रदेश टीम को चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### विधायक प्रोफेसर मालवीय ने प्रमुख राजनैतिक हस्तियों को लिया हाशिए पर

# जमीन के मुद्दे पर सियासत गरमाई, सत्ता-विपक्ष दोनों में हलचल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन


आलोट विधायक प्रोफेसर चिंतामणि मालवीय की कंपनी के महाकाल के पास जमीन खरीदने पर सत्ता-विपक्ष में जमीन के मुद्दे पर सियासत गर्माई हुई है। एक ही माह में यह दुसरा अवसर है जबकि भाजपा विधायक विपक्ष के निशाने पर है। इसे लेकर शिकवा शिकायत को दौर की स्थिति में मिडिया में मुद्दा उछाला गया है। मुद्दा महाकाल मंदिर के पास पार्किंग की जमीन की खरीदी-बिक्री को लेकर बताया जा रहा है।इस जमीन पर फाइव स्टार होटल बनाने की तैयारी की भी चर्चा है।

सूरज की आग उगलती गर्मी एवं प्रदेश में पेट्रोल झडीजल के दाम सर्वाधिक होने की स्थिति में उठ रहे आमजन के सवालों के बीच उज्जैन की सियासत ने विधायक के जमीन खरीदने के मुद्दे को लाकर आम आदमी का ध्यान भटकाते हुए मतिभ्रम की स्थिति है।

### सिरे से खारिज किया आरोपों को

विधायक मालवीय ने मिडिया से चर्चा में सिलसिलेवार आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जिस जमीन को महाकाल मंदिर की पार्किंग की जमीन बताया जा रहा है, वह मंदिर से करीब एक किलोमीटर दूर है। उसके आसपास पार्किंग बनाई गई है, जिसमें संबंधित खसरा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि जमीन मालिक ने पार्किंग को लेकर आपत्ति दर्ज - कराई है। उन्होंने दावे से कहा कि किसी जमीन पर पार्किंग बन जाने से वह सरकारी नहीं हो जाती। रिकॉर्ड में जिसके नाम जमीन दर्ज है, वह उसी की रहती है। यदि सरकार ने वहां पार्किंग बनाई है तो मुआवजा देने का फैसला अदालत करेगी।





**एक ही माह में विपक्ष के निशाने पर दूसरी बार आए विधायक मालवीय**

### विधवा महिला को डराकर खरीद ली 28 बीघा जमीन

विधायक मालवीय ने कहा कि इस तरह की राजनीति यदि हम करने आएंगे तो ऐसी सैकड़ों रजिस्ट्रियां है, जिनमें बहुत अनियमितताएं हैं। इस जमीन से 250 मीटर दूरी पर विधवा महिला से एक राजनीतिक परिवार के लोगों ने डरा-धमकाकर 16 लाख रुपए बीघा के हिसाब से 28 बीघा जमीन की रजिस्ट्री करवाई है। उन्होंने पत्रकारों से कहा जमीन किसके परिवार ने खरीदी इसकी जानकारी आप निकालो। उन्होंने आरोप लगाए कि शहर में एक राजनीतिक परिवार की होटल बन रही है, जिस जमीन पर होटल बन रही है, उसका मालिक केस लड़ता रहा, वह अब पागलों की तरह घूम रहा है। उसकी जमीन पर कब्जा कर होटल बनाई जा रही है। ऐसे 100 से ज्यादा मामले हैं। उज्जैन के राजनीतिक परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हेल में 52 बीघा जमीन पर नकली व्यक्ति खड़ा कर रजिस्ट्री कराई, बाद में व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। जो अस्तित्व में ही नहीं है। ऐसे फर्जी काम हो रहे हैं, लेकिन जो व्यक्ति शुद्ध काम करना चाहते हैं और स्वच्छ तरीके से आय अर्जित करना चाहते हैं, उन्हें परेशान किया जा रहा है।

- **रिकार्ड के आधार पर रजिस्ट्री-** विधायक प्रोफेसर मालवीय ने कहा कि जमीन खरीदने से पहले 50 से 75 साल तक का रिकॉर्ड देखा जाता है। खसरा नंबर 3664/1 और 3666/1 की रजिस्ट्री अकबर, रियम हकीमुद्दीन, तैय्यब हुसैन, हमुनाबाई और इब्राहिम हकीमुद्दीन से कराई गई। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड में जमीन जिनके नाम थी, उन्हीं से रजिस्ट्री कराई गई। यदि मुझे लगातार परेशान किया तो मैं सारे प्रमाण लेकर बताऊंगा कि किस तरह कोठी पैलेस की 500 करोड़ की संपत्ति, बांगड़ बाल भवन और विक्रम कीर्ति मंदिर की 500-500 करोड़ की जमीन कैसे 1 रुपए में एक संस्था को दे दी जाती है।
- **पूरा मामला ही सियासती करार दिया-** विधायक मालवीय ने पूरे मामले को प्रपंची सियासती रूप से प्रेरित बताया। कहा कि उन्हें बदनाम करने के लिए तथ्यहीन आरोप लगाए जा रहे हैं और अंतिम निर्णय अदालत करेगी। कांग्रेस पार्षद की शिकायत पर मालवीय ने कहा कि शिकायत का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जमीन को लेकर मुआवजे का सवाल बनता है तो मांग की जाएगी।
- **हाल ही में मालवीय दूसरी बार निशाने पर-** गौरतलब तथ्य यह है कि विधायक मालवीय हाल ही में कांग्रेस संगठन के दूसरी बार निशाने पर लिए गए हैं। इसी माह की शुरूआत में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी ने भी उन पर निशाना साधा था। जिसे लेकर विधायक ने उन्हें 10 करोड़ की मानहानि का नोटिस दिया था। इसके बाद फिर से कांग्रेस के पार्षद की ओर से माह मध्य में ही उन पर जमीन को लेकर निशाना साधा गया है।

### करीब दो सौ की संख्या में जुटे जिला मुख्यालय पर

# दवा बाजार से रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे दवा विक्रेता

## कलेक्टर को प्रधानमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग रखी







दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एवं मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के देशव्यापी आह्वान पर बुधवार को उज्जैन जिले में भी दवा व्यवसायियों ने अपनी दुकानें पूर्णतः बंद रखकर एक दिवसीय हड़ताल रखी। दवा बाजार में एकत्रित होकर वहां से सीधे रैली के रूप में जिला केमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में दवा विक्रेता करीब 200 की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और कलेक्टर रोशनकुमार सिंह को प्रधानमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर अपनी मांगे रखी।

ऑनलाइन दवाओं की बिक्री, नकली दवाओं के कारोबार, नशे की दवाओं के अवैध व्यापार और बड़ी कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट देकर छोटे व्यापारियों को खत्म करने की साजिश के विरोध में नारेबाजी करते हुए दवा विक्रेताओं ने रैली निकाली और कलेक्टोरेट पहुंचे। इसके उपरांत कलेक्टोरेट में जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

**जनऔषधि केंद्र चालू रहे-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि हडताल को देखते हुए पूर्व से ही जिले के 27 प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों को 24 घंटे खुला रखने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे में जन औषधि केंद्रों से जैनेरिक दवाओं का विक्रय अत्यंत ही कम दर पर किया गया। इससे मरीज एवं उनके परिजनों को किफायत में दवा उपलब्ध हुई है। इन दुकानों से जरूरी सभी दवा मिली। सभी दुकानें 24 घंटे निर्बाध रूप चालू रही। बाजार से 80 प्रतिशत कम दर पर इन मेडिकलों पर जैनरिक दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। चरक भवन में रेडक्रास की जनऔषधि केंद्र पर इस दौरान दवा खरीदने वालों की खासी भीड़ देखी गई।

**निजी अस्पतालों के मेडिकल भी चालू रहे-** जिले के वरिष्ठ ड्रग निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के अनुसार देश व्यापी हड़ताल में जिले के करीब 2 हजार मेडिकल स्टोर्स बंद रहे। इस दौरान मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए जनऔषधि केंद्रों के साथ निजी अस्पतालों के मेडिकल स्टोर्स मरीजों की दवा उपलब्धता के लिए चालू रहे। जरूरतमंदों ने वहां से दवा की खरीदी की है। इसके साथ ही कंपनियों द्वारा संचालित कुछ मेडिकल स्टोर्स चालू रहे हैं।

# अब श्री कालभैरव में प्रोटोकाल दर्शन की दर रू. 500 तय की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



उज्जैन के मदिरापान करने वाले प्रसिद्ध श्री कालभैरव मंदिर में अब श्रद्धालुओं को शीघ्र दर्शन की नई सुविधा शुरू की गई है। श्री महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर यहां भी सशुल्क वीआईपी दर्शन व्यवस्था शुरू कर दी गई है। बुधवार सुबह से लागू हुई इस व्यवस्था के तहत श्रद्धालु से रू. 500 का टिकट लेकर सीधे गर्भगृह से दर्शन करवाए जा रहे हैं। बकौल मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम एल एन गर्ग इस दर में दर्शनार्थी गर्भगृह में पूजन अर्चन कर सकेंगे। मदिरापान उपलब्धता के आधार पर रहेगा। सामान्य दर्शन व्यवस्था पूर्ववत निःशुल्क है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रोटोकाल के तहत शीघ्र दर्शन की व्यवस्था पिछले वर्षों से प्रचलित है। इसमें प्रति श्रद्धालु रूपए 250 शुल्क लेकर दर्शन करवाए जाते हैं। इसी तर्ज पर श्री कालभैरव मंदिर प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर के बाहर टिकट काउंटर बनाया गया है, जहां से श्रद्धालु 500 रुपए का शीघ्र दर्शन टिकट प्राप्त कर सकते हैं। टिकट लेने के बाद श्रद्धालुओं को निर्गम मार्ग से विशेष प्रवेश दिया जाएगा, जिससे वे सीधे गर्भगृह द्वार तक पहुंचकर भगवान श्री कालभैरव के दर्शन कर सकेंगे।

### अभी केवल ऑफलाइन टिकट व्यवस्था

मंदिर प्रशासक एल.एन. गर्ग के अनुसार फिलहाल टिकट व्यवस्था ऑफलाइन रखी गई है। आने वाले समय में इसे ऑनलाइन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई बार श्रद्धालु शीघ्र दर्शन के नाम पर ठगी का शिकार हो जाते थे, इसलिए अब अधिकृत टिकट काउंटर से ही सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर में बच्चों को बैग वितरित किये



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

माँ शिप्रा तैराक दल व जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग उज्जैन द्वारा चलाये जा रहे ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर में स्व. श्री रविशंकर सोलंकी की स्मृति में मुख्य अतिथि रवि सोलंकी (उज्जैन प्राधिकरण अध्यक्ष), विजय चौहान (दौलतगंज मंडल अध्यक्ष), संदीप मेहता (दैनिक अवंतिका संपादक), अरविंद आड़ा, संतोष सोलंकी (संस्था सचिव व कोच), सपना माली (महिला प्रशिक्षक) द्वारा बच्चों को बैग वितरित किये गये तथा रवि सोलंकी द्वारा बच्चों को तैराकी के गुण व लाभ के बारे में बताया गया तैराकी से सम्पूर्ण शरीर का व्यायाम होता हैं। माँ शिप्रा तैराक दल का मुख्य उद्देश्य खेलो में बच्चों को आगे की ओर बढ़ावा देना है।

# कैसे हो शहर मवेशीमुक्त जब जयचंद हों हर तरफ







दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विकास की इबारत लिखते शहर में चारों तरफ स्वतंत्र विचरण करते मवेशी सभी के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। मुख्य सड़कों पर जुगाली करते और मल्लयुद्ध करते ये मवेशी गंभीर दुर्घटनाओं को भी जन्म देते रहे पर ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन ने इनके आगे हार मान ली है।

आवारा मवेशी को पकड़ने के लिए नगरनिगम के पास एक बड़ा अमला है जिसमे एक जीप, एक पशुवाहन, दो वाहनचालक, आठ पकड़नेवाले कर्मचारी व इंचार्ज फिर भी दिनभर मे मात्र चंद ही मवेशी पकड़ने मे सफलता मिल पा रही है। जब तक गैंग, पशु पकड़ने पहुंचती है, पशुपालक थोड़ी देर पहले अपने पशु घेरकर ले जाते हैं। कभी कोई पशु के पास गैंग सदस्य पहुंचकर कोशिश भी करते हैं तो ये पशुपालक अपनी टूव्हीलर का कर्कश हार्न बजा देते हैं या विचित्र आवाज लगाकर मवेशी को भगा ले जाते हैं। अगले ही दिन सडकों पर फिर से स्वतंत्र मवेशी विचरण करते नजर आते हैं।

**सारी करतूत जयचंदों की-** एक पुरानी मशहूर कहावत है कि घर का भेदी लंका ढहाए। नगरनिगम मे भी कुछ घर के भेदी हैं। विभाग के पशु पकड़नेवाले अमले मे जयचंद हैं जो विभाग से वेतन लेने के बावजूद मोबाइल फोन से पशुपालकों को जानकारी देते रहते हैं कि अमुक मार्ग पर पशु पकड़ने जाने वाले हैं। सूचना तंत्र पुष्ठ होने से मवेशीपालक गैंग के पहुंचने से पहले ही पशु हांक कर घर ले जाते हैं या आसपास की गली मे घेर देते हैं।

### जयचंदों पर हो सख्त कार्रवाई

नगरनिगम प्रशासक को पशु पकड़नेवाली गैंग के जयचंदों को खोजना कठिन कार्य नहीं है। इनके मोबाइल के कॉल डिटेल्स निकाले जाएं और दोषी व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई हो।

### पुलिस के सहयोग से पकड़े

यदि नगरनिगम के मुखिया मुख्यमंत्री के गृहनगर को वाकई मवेशियों के त्रास से मुक्ति दिलाना चाहते हैं तो सर्वप्रथम तो गैंग के सभी सदस्यों के मोबाइल जप्त करके रखे जाएं। गैंग के पीछे चलनेवाले मवेशी पालकों को पुलिस पकड़कर थाने मे बैठाए और फिर मवेशी पकड़े जाएं। इस कार्य मे जो व्यवधान उपस्थित करे उस पर वैधानिक कार्रवाई हो।

### घांस व चारा बेचने वालों को हटाया जाए

शहर के मुख्य स्थानों पर सडक किनारे ही चारा व घांस बेचनेवाले आराम से अपना धंधा करते हैं। धार्मिक भावना से ओतप्रोत लोग चारा खरीदकर सड़क या चौराहे पर ही चारा डाल देते हैं। चारा खाने के दौरान मवेशी कई बार आपस मे लड़ने लगते हैं परिणामस्वरूप राहगीर घायल हो जाते हैं। समय रहते इन आवारा मवेशियों से शहर को मुक्त करना होगा नहीं तो इनसे दुर्घटनाएं होती रहेंगी और किसी घर का चिराग अपाहिज होगा या असमय ही बुझेगा।

## गुमशुदा की तलाश



उज्जैन महाकाल दर्शन को आये भावनगर गुजरात के दर्शनार्थियों का साथी जिसका नाम उनागर नगजी भाई मोहन भाई है जिसकी उम्र 54 वर्ष निवासी नाना खुन्टावदा भावनगर गुजरात है जो 19 मई की रात्रि को कालभैरव मंदिर में दर्शनों के दौरान अपने साथियों से बिछुड़ गया है जिस किसी को इसका पता चले कृपया निम्न नम्बरो पर सूचित करने का कष्ट करें।

**जगदीश भाई जोशी पालीवाल 4824899672**
**डॉ. ओम प्रकाश पालीवाल 94250 92409**

## न्यूज ब्रीफ

### ऊर्जा मंत्री ने इंदौर में बिजली उपभोक्ताओं से की सीधे बात

**इंदौर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार रात इंदौर शहर के बिजली सब स्टेशनों का दौरा किया। उन्होंने उपभोक्ताओं से सीधे बात की, बिजली आपूर्ति के संबंध में प्रथम दृष्टया स्थानीय इंजीनियरों की लापरवाही पाए जाने पर 2 के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री सिंह ने इंदौर के ओल्ड पलासिया पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं से संवाद किया। कुछ उपभोक्ताओं ने बार-बार बिजली जाने की शिकायत की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि इस तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य अभियंता श्री आरसी जैन को ओल्ड पलासिया, मनोरमागंज क्षेत्र के बिजली इंजीनियरों सत्यप्रकाश जायसवाल और कमलेश टाले को नोटिस देने के निर्देश दिए। मंत्री श्री तोमर ने निर्देश दिए हैं कि मेंटेनेंस गुणवत्ता से हो ताकि बिजली बार-बार न जाए, मेंटेनेंस की सूचना स्थानीय रहवासियों को दी जाए। बिजली आपूर्ति के संबंध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर 2 इंजीनियरों को मंगलवार दोपहर नोटिस जारी कर दिए गए। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर वेतनवृद्धि रोकने की कार्रवाई भी की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, कार्यपालक निदेशक गजरा मेहता, मुख्य अभियंता कार्य एसएल करवाड़िया, शहर अधीक्षण अभियंता डीके गाठे आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### परामर्श समिति की बैठक मंत्री शाह की अध्यक्षता में सम्पन्न

**इंदौर।** जनजातीय कार्य विभाग की विभागीय परामर्श समिति की बैठक मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की अध्यक्षता में वल्लभ भवन भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में विभागीय योजनाओं पर चर्चा की गई और महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि बिखरे हुए गांवों के स्थान पर ब्लॉक मुख्यालय में छात्रावासों का युक्तियुक्तकरण किया जाए। ब्लॉक मुख्यालय में जो कॉलेज बने हैं वहाँ जनजातीय क्षेत्र के ग्रामों से विद्यार्थियों को आने के लिये बस सुविधा प्रारंभ की जाए। सदस्यों द्वारा जनजातीय वर्ग के जो फर्जी जाति प्रमाण पत्र बने हैं और उस पर शीघ्रता पूर्वक जाँच पूरी करने की आवश्यकता बैठक में बताई गई। बैठक में माननीय विधायकगणों द्वारा मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह द्वारा अपने क्षेत्र में जनजातीय समाज की कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए प्रारंभ की गई बस सुविधा और विभिन्न कन्या छात्रावासों का नामकरण रानी दुर्गावती और शबरी माता के नाम पर किए जाने की सराहना की गई। परामर्शदात्री समिति की बैठक में मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि समिति की बैठक नियमित रूप से होनी चाहिए। जब भी विधानसभा की बैठक हो तब परामर्श समिति की बैठक भी उसी अवसर पर आयोजित की जाए।

### ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह की बैठक इंदौर में होगी

**इंदौर।** वर्ष 2026 में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का युवा कार्यक्रम विभाग 20-21 मई, 2026 को इंदौर में ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह की बैठक का आयोजन करेगा। यह बैठक सुदृढ़ता, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण के व्यापक विषय के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। इस बैठक में युवा उद्यमी तथा ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे। यह नवाचार, उद्यमशीलता और सतत विकास के प्रमुख चालक के रूप में युवाओं पर भारत के निरंतर जोर को दर्शाता है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया वर्चुअल तरीके से संबोधित करेंगे। कार्य समूह की इस बैठक के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे करेंगी, जो प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के साथ-साथ उद्घाटन भाषण भी देंगी।

इस सत्र में मध्य प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल भी विचार व्यक्त करेंगी। इस कार्यक्रम में चर्चाएँ और सहयोगात्मक आदान-प्रदान शामिल होंगे। कार्यक्रम में डिजिटल नवाचार, समावेशिता और स्थिरता पर विषयगत सत्रों के साथ-साथ अंतर-देशीय शिक्षण और सहभागिता के अवसर भी शामिल होंगे।

### कलेक्टर के निर्देश पर इंदौर में बसों पर बड़ी कार्रवाई

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आरटीओ और जिला प्रशासन की टीम द्वारा मंगलवार को इंदौर में बसों की सघन जांच की गई। बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम ,आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था आदि की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान आठ बसों से 2 लाख 26 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया और दो बसों के फिटनेस निरस्त किये गये। इंदौर में आज स्टार चोराहे पर आरटीओ और जिला प्रशासन की टीम द्वारा अनफिट और बिना परमिट की बसों पर संयुक्त कार्रवाई की गई । लोक परिवहन वाहनों खासकर आल इंडिया टूरिस्ट बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने, ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट लेकर स्टेज कैरिज के रूप में बसों का संचालन करने एवं परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर 08 बसों पर कार्यवाही करते हुए 2 लाख 26 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया।

## उज्जैन में यह मामला विकास से ज्यादा खर्च और उपयोगिता की बहस बनता जा रहा है

# सिंहस्थ दो महीने का, फिर 700 करोड़ की स्थायी पाइपलाइन क्यों

## 15 मीटर सड़क और 9 मीटर अतिरिक्त जमीन अधिग्रहण से किसानों में नाराजगी

### अस्थायी व्यवस्था 100 करोड़ में संभव, फिर स्थायी प्रोजेक्ट पर खर्च क्यों किया जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकुंभ सिंहस्थ- 2028 की तैयारियों के नाम पर उज्जैन में प्रस्तावित 700 करोड़ रुपये का सीवरेज और वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट अब बड़े विवाद का रूप लेता जा रहा है। जिस सिंहस्थ क्षेत्र में स्थायी निर्माण पर प्रतिबंध है, वहीं 300 किलोमीटर सीवरेज और 300 किलोमीटर पानी लाइन बिछाने की योजना पर सवाल उठ रहे हैं। किसान, जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञ आमने-सामने हो गए हैं। विरोध इसलिए भी तेज है क्योंकि इन लाइनों का वास्तविक उपयोग केवल सिंहस्थ के दो महीने ही होना है, जबकि इसके लिए किसानों की जमीन स्थायी रूप से प्रभावित होना तय है। जानकारों का दावा है कि अस्थायी व्यवस्था से यह काम बेहद कम लागत में हो सकता है, फिर भी करोड़ों रुपये की स्थायी परियोजना तैयार की जा रही है। अब यह मामला विकास से ज्यादा खर्च और उपयोगिता की बहस बनता जा रहा है।

सवाल ये है कि जब पूरा काम एक ही क्षेत्र में होना है तो अलग-अलग एजेंसियों की जरूरत क्यों पड़ रही है। शहर पहले भी देख चुका है कि एक विभाग सड़क बनाता है और दूसरा उसे खोद देता है। ऐसे में जवाबदेही तय करना मुश्किल हो जाता है। महापौर परिषद ने फिलहाल इस प्रस्ताव पर रोक लगाकर प्रशासन से स्पष्ट कार्ययोजना मांगी है।

### इतना बड़ा खर्च क्यों किया जा रहा

- इस पूरे मामले में यह सवाल भी प्रमुखता से उठ रहा है कि जब अस्थायी व्यवस्था से काम हो सकता है तो स्थायी निर्माण पर इतना बड़ा खर्च क्यों किया जा रहा है। पूर्व के सिंहस्थ में अस्थायी व्यवस्थाएं बनाई जाती रही हैं। प्रयागराज और हरिद्वार जैसे कुंभ क्षेत्रों में भी अस्थायी सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम का उपयोग किया जाता है। जानकारों का दावा है कि यदि उज्जैन में भी अस्थायी सीवरेज लाइन डाली जाए तो पूरा काम करीब 100 करोड़ रुपये में पूरा हो सकता है। इसके बावजूद 600 करोड़ रुपये का स्थायी प्रोजेक्ट प्रस्तावित किया गया है।
- **एमआईसी लौटा चुकी प्रस्ताव-** नगर निगम की एमआईसी बैठक में भी इस प्रोजेक्ट पर सवाल उठ चुके हैं। महापौर विषय को समझने के बाद ही स्वीकृति देने का कहकर प्रस्ताव लौटा चुके हैं। सबसे बड़ा विवाद काम को अलग-अलग एजेंसियों में बांटने को लेकर है। प्रस्ताव के अनुसार एक एजेंसी यानी उज्जैन विकास प्राधिकरण सड़क बनाएगी, दूसरी एजेंसी यानी नगर निगम सीवरेज एवं वाटर सप्लाई पाइपलाइन डालेगी।

### 12 साल बाद फिर नई लाइन डालने की जरूरत पड़ी तो क्या माना जाएगा

- जानकारों और जनप्रतिनिधियों का तर्क है कि सिंहस्थ हर 12 साल में एक बार आता है। ऐसे में करोड़ों रुपए खर्च कर स्थायी सीवरेज लाइन बिछाने का औचित्य समझ से परे है। सवाल यह भी उठ रहा है कि अगले सिंहस्थ तक इन लाइनों की स्थिति क्या रहेगी। यदि 12 साल बाद फिर नई लाइन डालने की जरूरत पड़ी तो वर्तमान प्रोजेक्ट की उपयोगिता क्या मानी जाएगी। इसी कारण अब यह पूरा प्रोजेक्ट विकास से ज्यादा सरकारी धन के बड़े खर्च के रूप में देखा जाने लगा है।
- प्रोजेक्ट को लेकर एक और बड़ा विवाद किसानों की जमीन अधिग्रहण का है। योजना के अनुसार सिंहस्थ क्षेत्र में 15 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर 4.5-4.5 मीटर अतिरिक्त जमीन भी ली जाएगी। यानी कुल 9 मीटर अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण होगा। किसानों का कहना है कि दो महीने के उपयोग वाले प्रोजेक्ट के लिए स्थायी रूप से उनकी जमीन प्रभावित की जा रही है। सीवरेज लाइन और सड़क निर्माण के बाद खेतों की स्थिति भी खराब हो सकती है।

# चरक अस्पताल से क्षीरसागर उद्यान रोड पर खुदाई के दौरान फूटी पाइपलाइन

## कीचड़ और फिसलन से लगा जाम, वाहन चालकों को घंटों करना पड़ी मशक्कत





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चरक अस्पताल से क्षीरसागर उद्यान रोड पर मंगलवार को खुदाई के दौरान पानी की पाइपलाइन फूट गई। इस कारण प्रेशर से सड़क पर पानी बह निकला और खुदाई वाले गड्ढे लबालब भर गए। इससे पूरी सड़क पर कीचड़ फैल गया और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि खुदाई के दौरान अचानक पाइपलाइन फूट गई। तेज बहाव से पानी सड़क पर आ गया और खोदे गए गड्ढे पानी से भर गए। कुछ ही देर में सड़क पर कीचड़ फैल गया। फिसलन की वजह से कई दोपहिया वाहन चालक फिसलते-फिसलते बचे। कीचड़ और पानी के कारण सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। यहां से निकल रहे वाहन फंस गए और लंबा जाम लग गया। लोगों को वाहन निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई देर तक आवागमन बाधित रहा।

### मंदिर में विवाद के बाद पुजारी सुरक्षा एक्ट बनाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिद्धपीठ गढ़कालिका माता मंदिर एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार चर्चा पुजारियों के विवाद की नहीं, बल्कि किन्नर अखाड़े की साध्वी कालीनंद गिरि की नाराजगी को लेकर है। दो दिन पहले उन्होंने मंदिर में आत्मदाह का प्रयास किया था। मामला पुलिस तक पहुंचा और बाद में पुजारी व साध्वी की आपसी सहमति से शांत भी हो गया। हालांकि अब पुजारी महासंघ ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से पुजारी सुरक्षा एक्ट बनाने की मांग की है। बता दें गढ़कालिका माता मंदिर में लंबे समय से पुजारी पद को लेकर विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। वर्तमान में दो महिला पुजारी टीनानाथ व करिश्मानाथ बारी-बारी से पूजा अर्चना कर रही हैं।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना: 13 जून को वैष्णों देवी के लिए रवाना होगी यात्रा

### जिले का लक्ष्य 191 यात्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



**जरूरी दस्तावेज-** आवेदन के साथ आधार कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। सभी दस्तावेज समग्र आईडी में ई-केवाईसी सहित हों। आवेदन 02 सेट में और केवल हिंदी भाषा में ही मान्य होंगे।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत उज्जैन जिले से जून 2026 में वैष्णों देवी तीर्थ यात्रा प्रस्तावित है। यात्रा 13 जून को रवाना होगी। इसके लिए इच्छुक आवेदक 30 मई 2026 को दोपहर 3 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। जिले से यात्रा का लक्ष्य 191 तीर्थयात्री तय किया गया है।

आवेदन फॉर्म नगर पालिक निगम उज्जैन, आगर रोड स्थित कार्यालय नगर शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के कक्ष क्रमांक 214 से प्राप्त किए जा सकते हैं। भरे हुए आवेदन 30 मई तक इसी कार्यालय में जमा होंगे।

आवेदन 60 वर्ष से अधिक उम्र के आवेदक दंपति के साथ यात्रा कर सकते हैं। ऐसे आवेदक दंपत्ति अपने साथ 18 से 49 वर्ष का एक सहायक ले जा सकते हैं। 60 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले आवेदक के लिए आयु का बंधन नहीं है। वे भी एक शारीरिक रूप से सक्षम सहायक ले जा सकते हैं। आवेदक आयकर दाता न हो और उज्जैन निकाय क्षेत्र का मूल निवासी हो।

## निगम आयुक्त ने किया हरियाखेड़ी वाटर सप्लाई प्लांट का निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को गंभीर, अंबोदिया एवं गऊघाट स्थित हरियाखेड़ी वाटर सप्लाई प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, प्रोजेक्ट से जुड़े इंजीनियर और ठेकेदार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि प्लांट पर चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति बेहद धीमी है। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि काम समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। संसाधन और लेबर बढ़ाकर काम में तेजी लाने को कहा। आयुक्त मिश्रा ने सख्त हिदायत दी कि निर्माण कार्य में उपयोग होने वाला मटेरियल गुणवत्ता पूर्ण और टेस्टिंग किया हुआ होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य के दौरान गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर जिले में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत गत 24 मार्च से प्रारंभ हुए टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इन्दौर जिले में अब तक 16200 अपेक्षित लक्ष्य के विरूद्ध आज दिनांक 19 मई 2026 तक 15051 एक्स-रे किए जा चुके है, जो कि लक्ष्य 92.9 प्रतिशत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि इन्दौर जिले में 02 हेण्ड हेल्ड एक्स-रे मशीन है और 10 फिक्स एक्स-रे मशीन है, प्रिवेंटिव इलाज में भी इन्दौर जिला मध्य प्रदेश में दूसरे स्थान पर है, अभी भी अभियान के दौरान यह सेवाएँ निरंतर प्रदान की जा रही है।

## इंदौर से भोपाल तक लगाई जा रही है दौड़

# ओबीसी मोर्चा के दावेदारों की लगी लाइन

## वर्तमान अध्यक्ष भी दौड़ में शामिल, इसलिए भारी कशमकश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



भाजपा के मोर्चा और प्रकोष्ठों में अब स्थानीय स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्ति होना है। इसके लिए दावेदारों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। भाजपा के ओबीसी मोर्चे का भी यही हाल है। यहां वर्तमान अध्यक्ष खुद को दौड़ में आगे रखे हुए हैं तो कई नए दावेदार भी अपने नेताओं के मार्फत प्रदेश अध्यक्ष पर दबाव बनाए हुए हैं। शहर में अभी युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा, किसान मोर्चा सहित ओबीसी मोर्चा के अध्यक्षों की नियुक्ति की जाना है।

इंदौर के मामले में कुछ ज्यादा ही पसोपेश की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि यहां हर विधायक अपना व्यक्ति बड़े पदों पर देखना चाहता है और उसी चक्कर में इंदौर से भोपाल तक दौड़ लगाई जा रही है। ओबीसी मोर्चा के शहर अध्यक्ष को लेकर भी करीब आधा दर्जन नाम कतार में हैं। वर्तमान नगर अध्यक्ष रघु यादव को उम्मीद है कि उनका कार्यकाल देखते हुए उन्हें एक बार और इसी पद पर नियुक्त

किया जा सकता है, इसलिए वे अभी भी दावेदारों की कतार में अपने आपको अव्वल रखे हुए हैं। रघु के नाम पर चर्चा हुई तो संगठन भी उनकी मदद कर सकता है, वहीं पूर्व पार्षद नीलेश चौधरी अपने राजनीतिक आका जीतू जिराती के माध्यम से लॉबिंग कर रहे हैं, लेकिन उनके हाथ निराशा लग सकती है। सुमित मिश्रा की कार्यकारिणी की घोषणा होने पर जिन नेताओं ने विरोध किया था, उसमें नीलेश भी शामिल थे, इसलिए संगठन इनके नाम को लेकर गंभीर नहीं है। एक नंबर विधानसभा से विजय बिंजवा, नितिन कश्यप और निखिल सोनी जैसे नाम आगे हैं। 3 नंबर से संजय कौशिक और जीतू कुशवाह भी दमदार रूप से दावेदारी कर रहे हैं।

कुशवाह की छवि हिन्दूवादी नेता के रूप में हैं, जिसे वे अब पद पाकर भुनाना चाह रहे हैं। हालांकि वर्तमान कार्यकारिणी में वे महामंत्री हैं। इसके अलावा कुछ और दावेदार भी अपने-अपने आकाओं के माध्यम से दावेदारी में लगे हुए हैं और खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं।

# जलसंकट से नाराज विधायक हार्डिया के बदले सुर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



जलसंकट को लेकर स्थानीय राजनीति भी गरमाने लगी है। कांग्रेस के पार्षद जगह-जगह जलसंकट को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, तो भाजपा विधायक महेंद्र हार्डिया जलसंकट को लेकर मुखर हो गए थे और एक कार्यक्रम बीच में छोड़कर आ गए थे। उन्होंने जलसंकट के मुद्दे पर महापौर को भी घेरा था।

इस मामले को भाजपा संगठन ने गंभीरता से लिया और बुधवार सुबह भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के साथ भाजपा विधायक महेंद्र हार्डिया मेयर के निवास पर पहुंचे। उन्होंने पहले दुपट्टा डालकर मेयर का स्वागत किया और फिर गले भी मिले। दोनों के गिले-शिकवे दूर हो गए। आपको बता दें कि तीन दिन पहले एक वार्ड के कार्यक्रम में हार्डिया जलसंकट को लेकर नाराज हो गए थे और कहा था कि इतने वर्षों से वह विधायक हैं। पहली बार जलसंकट को लेकर जनता इतनी परेशान है। लोग समस्या लेकर रोज आते हैं। इसके बाद वे मेयर की मौजूदगी में कार्यक्रम को छोड़कर आ गए थे।

**चाय पीने आए थे-** महापौर पुष्य मित्र भार्गव ने कहा, ?महेंद्र हार्डिया हमारे विधायक हैं और मेरे लिए सम्मानीय हैं। वे समय-समय पर चाय पीने आते हैं। आज भी चाय पीने आए और कहा कि उन्हें एक विषय गलत ब्रीफ हो गया था। हमने कहा कि पार्टी और हम मिलकर शहरहित में काम कर रहे हैं। जो भी समस्या आती है, वे हमें बताएंगे। हम उनके पुराने अनुभवों का लाभ लेंगे?।

**मेरी नाराजगी नहीं थी-** वहीं, विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा, इंदौर के महापौर हैं, मैं विधायक हूँ। अक्सर मिलने आते रहते हैं। नाराजगी मेरी नहीं, जनता की थी। मेरी मेयर से बात हो चुकी है। एक-दो दिन में रिजल्ट आ जाएंगे।

## सट्टे के पैसों को लेकर युवक और युवती में सड़क पर मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में देर रात सड़क पर हंगामे और मारपीट का एक और मामला सामने आया है। विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित मेघदूत गार्डन के बाहर सोमवार रात युवक और युवती के बीच पैसों के विवाद ने हाईवोल्टेज ड्रामे का रूप ले लिया। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि बीच सड़क पर थप्पड़, धक्कामुक्की और चप्पल तक चलने लगी। करीब आधे घंटे तक चले इस हंगामे को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना रात करीब साढ़े 12 बजे की है। स्कूटी से पहुंचे युवक और युवती के बीच अचानक पैसों को लेकर बहस शुरू हो गई। विवाद के दौरान युवती युवक पर सट्टे में पैसे हारने का आरोप लगाते हुए जोर-जोर से चिल्ला रही थी। वहीं युवक बार-बार कह रहा था कि ?पैसे मेरे हैं, मैं जैसे चाहूं खर्च करूं।? इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। युवती ने युवक को थप्पड़ मार दिए, जिसके बाद युवक ने भी जवाब देने की कोशिश की। कुछ ही देर में दोनों सड़क पर एक-दूसरे से उलझ पड़े और चप्पल तक चलने लगी।

## न्यूज कालम



### संघर्ष समिति ने सूत मिल मैदान में दो स्थाई हेलोजन लगाए जाने की मांग की

**सनावद।** क्षेत्र में स्टेडियम की मांग वर्षों से जन सुविधा हेतु नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही है परंतु नतीजा सिफर ही रहा है।ले देके एक सूत मिल ग्राउंड है जिस पर समय समय पर पटाखा दुकान,कार्निवाल,या अन्य आयोजन होते रहते हैं,जिस वक्त भी बच्चों की खेल गतिविधि पर लगाम लगी रहती है आधे समय बरसात में बंद हो जाता है शेष थोड़े से समय में बच्चे बड़े सभी विभिन्न खेल गतिविधियों में यहां स्वास्थ्य,आनंद और प्रतिभा निखार को अंजाम देते हैं।लेकिन मैदान के एक और कॉलोनी का पिछला हिस्सा होने से अतिक्रमण धीरे धीरे मैदान की और खिसक रहा है साथ ही असामाजिक तत्व कालोनी के पिछले हिस्से से सटे मैदान में रात में अंधेरे में बैठकर शराबखोरी नशा आदि करते हैं और कांच की बोतलें फोड़ भी जाते हैं जिससे मैदान के किनारों पर छोटे छोटे कांच के टुकड़े बिखरे रहते हैं जिससे बच्चों के चोटिल होने का खतरा बना रहता है।सनावद विकास संघर्ष समिति ने नागरिकों की मांग पर जन सुविधा हेतु स्टेडियम की मांग करते हुए सूत मिल मैदान में दो स्थाई हेलोजन लगाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है ताकि रात्रि में किनारों पर प्रकाश बना रहे और असामाजिक तत्व नशा एवं अन्य बुरी गतिविधियों पर लगाम लग सके।

### देश के प्रति करना चाहिए समर्पण का श्रृंगार-आरती जायसवाल



**जावरा** ।विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का निजी स्कूल में चल रहे शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के पंचम दिवस पर मातृ शक्ति प्रांत संयोजिका मालवा प्रांत आरती जायसवाल ने व्रत त्यौहार और 16 श्रृंगार विषय पर बहनों को मार्गदर्शन किया। मंच पर दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका वर्ग प्रमुख ज्योति प्रिया शर्मा उपस्थित रही।जायसवाल ने बताया कि व्रत त्यौहार सोलह श्रृंगार का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों कारण है। जिस प्रकार एक नारी को 16 श्रृंगार बाहरी रूप से सुंदर बनाते है। उसी प्रकार हर नारी को शौर्य, शालीनता, साहस, आत्मबल, संघर्ष, त्याग, समर्पण, भक्ति, ज्ञान, शिक्षा, धर्म की रक्षा का श्रृंगार, ओर देश के प्रति समर्पण का श्रृंगार भी करना चाहिए। व्रत करने से आराध्य के प्रति समर्पण और विश्वास के साथ शरीर शुद्ध होता है। उसी प्रकार आज हर व्यक्ति को मोबाइल से दूरी का व्रत, क्रोध, नकारात्मक विचार से दूरी, समय पालन, सेवा, मोन व्रत, का व्रत लेना चाहिए।

### नगर पालिका पर ई ओ डब्लयू की टीम पहुंची गलियारे में मचा हड़काम

**जावरा** । नगर पालिका परिषद के कामकाज ई ओ डब्लयू की जांच के घेरे में आ गए। 2023 से अब तक हुए निर्माण कार्यों सामग्री खरीदी और नामांतरण मामलों में कथित गड़बड़ियों की शिकायत ई ओ डब्लयू ( आर्थिक अन्वेक्षण ब्यूरो) टीम ने मंगलवार को अचानक नगर पालिका परिषद कार्यालय में प्रवेश किया और परिसर में खलबली मच गई।

भाजपा पार्षद रुक्मण धाकड़ के प्रतिनिधि राजेश धाकड़ की शिकायत के बाद उज्जैन ईओडब्ल्यू लगातार दस्तावेज मांग रहा था लेकिन नगर पालिका कई फाइले उपलब्ध नहीं करवा रही थी ।इसी के चलते निरीक्षक रामजी यादव अपनी टीम के साथ नगरपालिका पहुंच गए ।टीम ने नगर पालिका पहुंचने के बाद अलग-अलग विभागों से जानकारी जुटाइ। सीएमओ कक्ष के बाहर डेरा डाल दिया सीएमओ के आने का इंतजार कर रहे थे सीएमओ जनसुनवाई में व्यस्त होने से नहीं आ सके थे ।ई ओ डब्लयू टीम सीएमओ से जरूरी दस्तावेज जप्त कर सकती है ।अगर जांच में अनियमितता होती है तो संबंधित पर बड़ी कार्रवाई होगी। ई ओ डब्लयू की अचानक कार्रवाई से नगर पालिका गलियारे में हड़कंप मच गया। अधिकारी एवं कर्मचारियों में बेचैनी झलक रही है देखना है क्या कार्रवाई होती है?

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चलाया सफाई अभियान



**नेपानगर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया समिति के राजेन्द्र मसाने द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम के तहत नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था के सदस्यों व नगर विकास प्रस्फुटन समिति सदस्यों द्वारा नगर की पांधार नदी पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें समिति सदस्यों और नगर विकास प्रस्फुटन समिति राजीव नगर वार्ड 1, पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड 2, साईनाथ वार्ड 5 के सदस्यों ने नदी की साफ सफाई की इस दौरान मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मनीष कुवादे सर, खकनार ब्लॉक समन्वयक अमजद खान सर संस्था के शहजाद अली, सर्वेश किंगे, प्रांशु अहीरे, धनराज पाटील, अमर कैथवास, राजा संगुरले, आर्यन पाल, गौरीश भगत, प्रेमनारायण वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### आदर्श महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन

**बड़वानी** । मध्य प्रदेश की शासन की रोजगारोन्मुखी योजना अंतर्गत युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर के मार्गदर्शन में प्रति मंगलवार को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है।

# आपत्ति के बाद भी हटाई जा रही कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल

## राजनीतिक दबाव के चलते नियमों के विरुद्ध हो रहा कार्य

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



सनावद नगर के वार्ड क्रमांक 17 श्रद्धा सबुरी विहार कॉलोनी के पास गिरिराज नीमां व पुष्पेंद्र सोनी द्वारा कॉलोनी प्रस्तावित है जिस भूखंड पर यह कालोनी काटी जा रही है उसका रास्ता अन्य जगह से है लेकिन प्रशासन पर राजनीतिक दबाव व टीएनसी विभाग को गुमराह कर श्रद्धा सबूरी कॉलोनी से रास्ता दिखाकर इन लोगों के द्वारा नक्शा स्वीकृत करवा लिया गया है। जो कि नियमों के विरुद्ध है ।

संबंधित लोगों के द्वारा तहसीलदार व नगर पालिका सीएमओ पर दबाव बनाकर प्रशासनिक अमले द्वारा श्रद्धा सबुरी कॉलोनी के बाउंड्रीवाल की दीवाल को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

इसी के चलते हैं श्रद्धा सबूरी कॉलोनी के प्रकाश माली जगदीश माली ने इस पर आपत्ति दर्ज कर न्यायालय में याचिका लगाई है । प्रकाश माली ने बताया कि श्रद्धा सबूरी विहार कॉलोनी फेस 1 की सुरक्षा हेतु ग्राम निवेश विभाग खरगोन से विधि मत अनुमति प्राप्त कर कॉलोनी को विकसित किया गया और कॉलोनी की सुरक्षा हेतु कॉलोनी के चारों ओर बाउंड्रीवॉल निर्मित है जिसे गिरिराज नीमा व पुष्पेंद्र सोनी के द्वारा संयुक्त रूप से बिना हमारी सहमति व स्वीकृति के उनके द्वारा अपनी सुविधा अनुसार नक्शा स्वीकृत कर लिया अब हम पर दबाव बनवा कर हमारी कॉलोनी की सुरक्षा हेतु बनाई गई बाउंड्रीवाल को बिना किसी आधार के तोड़ कर रास्ता बनाने का कार्य किया जा रहा है उसे रोकने हेतु हमारे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय खंडपीट इंदौर के समक्ष डिड याचिका क्रमांक 18782/ 26 प्रस्तुत की गई है जो न्यायालय में विचाराधीन है प्रकाश माली ने कहा कि हमें एक कॉलोनी को दूसरी कॉलोनी को रास्ता देने में कोई समस्या नहीं है लेकिन हम चाहते हैं कि पहले आप आपकी कॉलोनी डेवलप कर ले उसके बाद हम हमारी कॉलोनी में से आपको कनेक्टिविटी के लिए रास्ता दे देंगे । जो कि नगरी प्रशासन टीएनसी नियम अनुसार है ।लेकिन संबंधित कॉलोनी डेवलप करने के पहले ही कनेक्टिविटी के लिए आम रास्ते की मांग कर रहा है।

# स्कूली छात्राओं को मिल रहा ब्यूटी पार्लर का व्यावसायिक प्रशिक्षण

**नेपानगर।** नई शिक्षा नीति 2020 के तहत व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेपानगर की पी एम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल में एक अनूठी पहल शुरू की गई है। विद्यालय में कक्षा १०वीं एवं १२वीं की छात्राओं को 'ब्यूटी एंड वैलनेस' व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत ब्यूटी पार्लर का ऑन जॉब प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक मोनिका सिंह चौहान ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल काम की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। इसमें स्किन केयर, हेयर कटिंग, हेयर स्टाइलिंग, मेकअप, मेहंदी, थ्रेडिंग और फेशियल जैसे सभी महत्वपूर्ण कार्यों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस छात्राओं को स्वरोजगार के लिए तैयार करना है, ताकि वे 12वीं के बाद अपना स्वयं का ब्यूटी पार्लर शुरू कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। प्राचार्य अरुण महाजन ने कहा, "व्यावसायिक शिक्षा का मुख्य उद्देश्य ही छात्र-छात्राओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जोड़ना है। किताबी ज्ञान के साथ यदि हुनर भी हो तो बच्चे के भविष्य की नींव मजबूत होती है। हमारा प्रयास है कि हमारी बेटियां किसी पर निर्भर न रहें, बल्कि दूसरों को रोजगार देने लायक बनें।" प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्रा काजल ने उत्साह के साथ बताया, "पहले मुझे लगता था कि पार्लर का काम बहुत मुश्किल है, लेकिन मैडम ने बहुत अच्छे से सिखाया। अब मैं ब्राइडल मेकअप भी कर लेती हूं। मैं चाहती हूं कि पढ़ाई पूरी करके गांव में ही अपना पार्लर खोलूं।

# एशिया के पहले अखबारी कागज कारखाने नेपा मिल में लगी आग, मचा हड़कंप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नेपानगर

एशिया के सबसे पहले अखबारी कागज के कारखाने नेपा लिमिटेड में बुधवार को अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। पेपर मशीन की डीसीएस यूनिट में आग लगने की सूचना मिलते ही मिल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 3 बजे पेपर मशीन की डीसीएस यूनिट से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना मिल प्रबंधन और फायर ब्रिगेड को दी।

सूचना मिलते ही नेपा मिल के दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। आग की गंभीरता को देखते हुए नगरपालिका नेपानगर के दमकल विभाग को भी बुलाया गया। नेपा मिल और नगरपालिका की संयुक्त दमकल टीमों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, मशीनों और यूनिट को कितना नुकसान पहुंचा है, इसका आकलन आग पूरी तरह बुझने के बाद ही हो सकेगा।

**जांच का विषय:**

आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। मिल प्रबंधन के अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से आग लगी है, यह जांच के बाद ही पता चल सकेगा। घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की जा सकती है।

# मेला देख कर लौट रहे युवक की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने आधी रात तक थाने के सामने किया प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट



समीपस्थ ग्राम खामरिया की 22 वर्षीय युवक कृष्णपाल पिता लक्ष्मण सिंह मंगलवार रात्रि को खेड़ी बाईपास पर अचेत अवस्था में मिला जिसे परिजन अस्पताल ले गए जहां कृष्ण पाल की मृत्यु हो गई। कृष्णपाल ने करने से पहले परिजनों को पांच जनों के नाम बताएं एवं कहा कि उन्होंने मेरे मुंह में जबरदस्ती कोई दवाई डालकर मुंह दबाकर खेड़ी रोड बाईपास पर पुलिया के नीचे छोड़ गए थे। कृष्णपाल आलोट मेला देखकर शाम 7.30 बजे अपने गांव खमरिया की ओर जा रहा था। कृष्णपाल की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने रात्रि 10.30 बजे थाने के सामने मृतक का शव रखकर जाम किया परिजन एवं ग्रामीण हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। जानकारी के अनुसार ग्राम खामरिया निवासी कृष्णपाल पिता लक्ष्मण सिंह 20 वर्ष आलोट मेला देखकर लगभग शाम 7.30 बजे अपने गांव खामरिया की ओर जा रहा था जहां उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर जहरीला पदार्थ खिलाया जिसकी सूचना स्वयं कृष्ण पाल ने फोन कर अपने परिजनों को भी दी थी फोन पर जानकारी मिलने के बाद परीजन तुरंत बाईपास पर पुलिया के यहां पहुंचे जहां उन्हें कृष्ण पाल अचेत मिला ।वहीं पुलिस कार्रवाई में देरी होती देख ग्रामीण गुस्सा हो गए लगभग रात्रि 10.30 बजे ग्रामीणों ने थाने के सामने शव रखकर तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया ग्रामीणों क्या कहना था कि मृतक ने मरने से पहले जो पांच नाम बताए हैं पुलिस उन्हें तुरंत पकड़े मौके पर एसडीओपी पल्लवी गौर थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम ने लोगों को समझाइए दी लेकिन ग्रामीण किसी बात को मानने को तैयार नहीं थे रात्रि लगभग 2 बजे तक प्रदर्शन करने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस की समझाइश पर शव को हटाने पर राजी हुए एवं कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की ।

वहीं बुधवार सुबह से ही ग्रामीणों ने कारगिल चौराहे पर धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया था ग्रामीणों की मांग थी सभी आरोपी तुरंत पकड़े जाएं उनके अवैध निर्माण तोड़े जाए वही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए दोपहर 1 बजे तक चल प्रदर्शन के बाद जावरा अनुविभागीय अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल, एस डी ओपी पल्लवी गौर आलोट एस डी एम रचना शर्मा द्वारा निष्पक्ष कार्रवाई की मांग के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

# सहायक कलेक्टर श्री अग्रवाल ने किया आरसेटी बड़वानी का भ्रमण

## क्लोथिंग फर्म हेतु युवतियों का औद्योगिक प्रशिक्षण प्रारम्भ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बड़वानी में बुधवार को नवपदस्थ सहायक कलेक्टर श्री माधव अग्रवाल द्वारा विभागीय भ्रमण संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने युवतियों को औद्योगिक क्षेत्र की चुनौतियों से निडर होकर सामना करने और एक सफल व आत्मनिर्भर केरियर बनाने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला के मार्गदर्शन में गत 16 मई से आरसेटी बड़वानी में एनआरएलएम के समन्वय से 30 दिवसीय विशेष औद्योगिक महिला सिलाई प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। क्लोथिंग फर्म हेतु आयोजित इस प्रशिक्षण में कुल 70 युवतियां भाग ले रही हैं, जिन्हें प्रशिक्षण उपरांत रोजगार हेतु जील कंपनी बदनावर में इंटरव्यू के माध्यम से रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय आजीविका मिशन की डीएम फाइनेंस श्रीमती आयुषी पाटीदार ने प्रशिक्षणार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के फायदे और शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत में आरसेटी निदेशक श्री संजू बरवरे द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय अभिवादन व स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल व प्रभावी संचालन संस्थान के संकाय सदस्य श्री यश सेठी द्वारा किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर समस्त आरसेटी स्टाफ और प्रशिक्षणार्थी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### आदर्श महाविद्यालय में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन

**बड़वानी** । मध्य प्रदेश की शासन की रोजगारोन्मुखी योजना अंतर्गत युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर के मार्गदर्शन में प्रति मंगलवार को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। इसी के अंतर्गत 19 मई को शासकीय आदर्श महा विद्यालय बड़वानी में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डॉ गजेंद्र सिंह पटेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश शासन युवाओं को रोजगार मेले के माध्यम से अवसर प्रदान कर रहा है। बड़वानी जिले के युवाओं में असीम ऊर्जा और अद्भुत क्षमता है हमारे युवा जहां भी जाते हैं अपने क्षेत्र को गौरान्वित करते हैं युवा संगम रोजगार मेले में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने माना।

### आईटी व सिक्यूरिटी के विद्यार्थियों को ऑन द जॉब ट्रेनिंग का दिया प्रशिक्षण

**बड़वानी।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 बड़वानी में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग चल रही है जिसमें आईटी के विद्यार्थियों की ट्रेनिंग विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ आईटी बड़वानी एवं सिक्योरिटी के विद्यार्थियों को जल संसाधन विकास विभाग बड़वानी में करवाई जा रही है संस्था प्राचार्य ने बताया कि ऑन द जॉब ट्रेनिंग विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को कंप्यूटर संचालन, ऑफिस मैनेजमेंट, इंटरनेट बैंकिंग, व्यवहारिक कौशल, स्वरोजगार, मानव संसाधन और उपलब्ध सामग्री का उपयोग अपने कौशल का विकास करना सिखाया जा रहा है। व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि आईटी के दो जॉब रोल संचालित है पहली कक्षा ९वी और 10वीं में डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा दूसरा 11वीं व 12वीं में जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर,आईटी में शिक्षा को अधिक गतिशील आकर्षक और समावेशी शिक्षण वातावरण बनाने की क्षमता निहित है । कंप्यूटर टैबलेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन शिक्षण विद्यार्थियों को सशक्त बनाते हैं और डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे अभियानों को गति प्रदान कर भविष्य की संभावनाओं को पूरा करने में मदद करते हैं। वही सिक्योरिटी प्रशिक्षक श्री संदीप शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को सिक्युरिटी ट्रेड में रोजगार के बेहतर भविष्य की संभावना के लिए तैयार किया जा रहा है।

# कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई कर दिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

घट्टिया विकासखंड के गांव नजरपुर निवासी 70 वर्षीय सायर बाई ने आवेदन देकर शिकायत की कि उनके परिवार में ०४ बेटे है। उनमें से 3 बेटों ने प्रार्थियां और उसके सबसे छोटे बेटे को घर से बेदखल कर दिया है तथा उनके स्वामित्व की जमीन पर भी अनाधिकृत रूप से कब्जा कर लिया है। प्रार्थियां आर्थिक रूप से कमजोर होकर निशक्त भी है। अतः उन्हें उनके स्वामित्व की जमीन पर कब्जा दिलवाया जाए। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीएम घट्टिया को भरण पोषण अधिनियम के तहत प्रार्थियां को सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व रिकार्ड का निरीक्षण कर उनकी भूमि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उज्जैन निवासी दीपिका बैरागी ने कहा कि उनके घर के सामने कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है तथा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। इस पर नगर निगम के जोनल अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। तराना के ग्राम कायथा के समस्त ग्राम वासियों ने आवेदन दिया कि गांव में स्थित कई वर्ष पुराने खेतों पर आवागमन के मार्ग को कुछ लोगों द्वारा बलपूर्वक बंद कर दिया गया है। जिसके कारण ग्रामवासियों को कृषि कार्य करने में बहुत समस्या आ रही है तथा उनकी फसल का भी बहुत नुकसान हो रहा है। इस पर एसडीएम तराना को मामले की जांच कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महिदपुर रोड़ निवासी शंकरलाल ने आवेदन दिया की गांव में उनके स्वामित्व की कृषि भूमि को उन्होंने एक व्यक्ति के पास रुपयों की आवश्यकता होने के कारण गिरवी रखा था। उनके द्वारा समय पर कर्ज चुकाने के बावजूद अनावेदक द्वारा उनकी भूमि पर से कब्जा नहीं छोड़ा गया है। इस पर तहसीलदार महिदपुर को मामले की जांच कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### पर्यावरण प्रेमियों ने सीखी बिना गमले पौधे तैयार करना

**उज्जैन।** प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित संस्था उज्जैन गार्डनिंग हॉबीट्स का मई माह का मासिक मिलन समारोह प्रकृति तीर्थ विश्वास निवास में हुआ। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी समारोह में शामिल हुए। आयोजन का मुख्य आकर्षण कोकेडामा पर लाइव वर्कशॉप रही। इसे पर्यावरणविद शशांक शुक्ल ने संचालित किया।संस्था के अमित माथुर के अनुसार कार्यशाला की शुरूआत परिचय सत्र से हुई। इसके बाद व्यावहारिक प्रशिक्षण और जागरूकता संवाद हुआ। सत्र में बिना गमले के पौधे तैयार करने की जापानी तकनीक सरल तरीके से समझाई और कोकेडामा बनाने की प्रक्रिया सिखाई। लोगों ने रुचि से इसे सीखा। पर्यावरण अनुकूल बागवानी के विकल्पों पर चर्चा हुई। इसके बाद गौरैया संरक्षण पर संवाद सत्र हुआ। विक्रम विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. शेखर मैदमवार ने छोटे पक्षियों की घटती संख्या पर चिंता जताते हुए पर्यावरण संतुलन के लिए संरक्षण की जरूरत बताई। रुचि श्रीवास्तव, मोहम्मद जिया फारूकी, अर्पित गोयल ने भी विचार व्यक्त करते हुए समाज को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

# जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों की समीक्षा बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) की संभागीय शाखा भरतपुरी, उज्जैन द्वारा मंगलवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन के सभाकक्ष में उज्जैन संभाग के सभी जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता अपेक्स बैंक के नव मनोनीत अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह यादव जी ने की।

बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री मनोज कुमार गुप्ता , संभागीय शाखा प्रबंधक श्री शैलेन्द्र रावत, उज्जैन जिला बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विशेष श्रीवास्तव तथा देवास, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, नीमच एवं आगर-मालवा जिला बैंकों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के प्रारंभ में अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह यादव ने वैश्विक ऊर्जा संकट के संदर्भ में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नागरिकों से किए गए अनुरोध का उल्लेख करते हुए सहकारिता एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से ईंधन बचाओ - ऊर्जा बचाओ की अपील की।

साथ ही उन्होंने वोकल फॉर लोकलज्ज अभियान को सशक्त बनाने और च्च्एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत जिला बैंक मुख्यालय तथा समस्त पैक्स स्तर पर लक्ष्य पूर्ण कर पौधारोपण करने का आह्वान किया, ताकि च्च्हरित सहकार अभियानज्ज सहकारी समितियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास का प्रभावी मॉडल बन सके।बैठक में सदस्यता महाभियान, ऋण वितरण, वसूली, अमानत संग्रहण, टर्म लोन, पैक्स की व्यावसायिक गतिविधियों तथा गेहूँ उपार्जन की विस्तृत समीक्षा की गई।

उज्जैन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा सदस्यता अभियान में पूरे मध्य प्रदेश में सर्वाधिक अंश पूंजी (लगभग 50 लाख रुपये) जमा की गई है। वर्ष 2025-26 में अल्पावधि फसल ऋण की सर्वाधिक वसूली देवास जिला बैंक द्वारा की गई। कुछ जिला बैंकों द्वारा अमानत संग्रहण (कासा) के लक्ष्य 100 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किए गए, जबकि शेष बैंकों को लक्ष्य पूर्ति हेतु और प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

# परामर्श समिति ने मंत्री डॉ. शाह द्वारा अपने क्षेत्र में किए नवाचारों को सराहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

जनजातीय कार्य विभाग की विभागीय परामर्श समिति की बैठक मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की अध्यक्षता में आज वल्लभ भवन में संपन्न हुई। बैठक में विभागीय योजनाओं पर चर्चा की गई और महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि बिखरे हुए गांवों के स्थान पर ब्लॉक मुख्यालय में छात्रावासों का युक्तियुक्तकरण किया जाए। ब्लॉक मुख्यालय में जो कॉलेज बने हैं वहाँ जनजातीय क्षेत्र के ग्रामों से विद्यार्थियों को आने के लिये बस सुविधा प्रारंभ की जाए। सदस्यों द्वारा जनजातीय वर्ग के जो फर्जी जाति प्रमाण पत्र बने हैं और उस पर शीघ्रता पूर्वक जाँच पूरी करने की आवश्यकता बैठक में बताई गई।

बैठक में माननीय विधायकगणों द्वारा मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह द्वारा अपने क्षेत्र में जनजातीय समाज की कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए प्रारंभ की गई बस सुविधा और विभिन्न कन्या छात्रावासों का नामकरण रानी दुर्गावती और शबरी माता के नाम पर किए जाने की सराहना की गई। बैठक में विधायक श्री कुंवर सिंह टेकाम, श्री जयसिंह मरावी, श्री फुंदेलाल सिंह मार्को, सुश्री गंगा सज्जन सिंह उइके, श्री राजन मंडलोई तथा प्रमुख सचिव श्री गुलशन बामरा एवं आयुक्त श्री तरुण राठी उपस्थित थे।परामर्शदात्री समिति की बैठक में मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि समिति की बैठक नियमित रूप से होनी चाहिए। जब भी विधानसभा की बैठक हो तब परामर्श समिति की बैठक भी उसी अवसर पर आयोजित की जाए।

## न्यूज -कॉलम

### चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** इंदौररोड पर बुधवार शाम चार पहिया वाहन ने बाइक सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। गंभीर घायल वृद्ध को अस्पताल लाया जाता उससे पहले मौत हो गई। चरक अस्पताल में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया है। इंगोरिया के ग्राम दंगवा?ा में रहने वाले 60 वर्षीय राधेश्याम पिता कनीराम जाट बुधवार को रामवासा में तीर्थ यात्रा से लौटते रिश्तेदारों के कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। शाम को कार्यक्रम खत्म होने पर वह बाइक से इंगोरिया जाने के लिये निकले। परिवार की महिलाओं को कार से रवाना किया गया। बाइक से जा रहे राधेश्याम रामवासा और पंथपिपलाई के बीच पहुंचे थे, उसी दौरान तेजगति से आये चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक घीसती हुई काफी दूर तक गई और राधेश्याम सिर में गंभीर चोंट लगने पर लहूलुहान हो गये। कार में सवार रिश्तेदारों को दुर्घटना का पता चला तो उन्होने कार रोकी और अन्य रिश्तेदारों को सूचना दी। इस बीच दुर्घटना की जानकरी लगने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई थी। राधेश्याम जाट को चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना नानाखे?ा थाना पुलिस को दी गई है। गुरूवार सुबह मृतक राधेश्याम का पोस्टमार्टम कराया जायेगा। बताया जा रहा था कि चार पहिया वाहन कार थी, जो टक्कर मारने के बाद मौके से भाग निकली थी। मृतक राधेश्याम जाट खेती किसानी का काम करते थे। मामले की जानकारी लगने पर काफी संख्या में परिवार के लोगों चरक अस्पताल पहुंच गये थे।

### डीआईजी-एसपी ने किया महाकाल मंदिर का निरीक्षण



**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ 2028 और ब?ते तापमान के बीच महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए बुधवार को डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा ने महाकाल मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारी अपने अधिनस्थों के साथ तपती गर्मी में नंगे पैर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगमता और व्यवस्थित दर्शन को लेकर परिसर में काफी देर तक भ्रमण करते रहे। इस दौरान उन्होने श्रद्धालुओं के लिये पेयजल, छांव, प्राथमिक उपचार, खोया-पाया केन्द्र और महिला सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। मंदिर के आपास पार्किंग व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, अग्निशमन व्यवस्था, आपदा प्रबंधन के निर्देश अधिनस्थ अधिकारियों को दिये। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि सिंहस्थ का आयोजन वैश्विक है। जिसकों लेकर अभी से तैयारियां की जा रही है। समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा और वर्तमान में दिये जा रहे निर्देशों का अवलोकन किया जायेगा। व्यवस्था में कमी होने पर उसमें सुधार के प्रयास सिंहस्थ पूर्व पूरे कर लिये जायेगें। महाकाल की नगरी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा ही सर्वोपरि धर्म है।

### चोरी में शामिल हत्या के आरोपी को जेल से लाई पुलिस

**उज्जैन।** माकडोन में हुई हत्या के आरोपी माखन पिता मोहन गुर्जर को चिंतामण गणेश थाना पुलिस जेल से 2 दिनों के प्रोटेक्शन रिमांड पर लेकर आई है। एएसआई विक्रम वर्मा ने बताया कि उक्त आरोपी चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम बमोरा से सालभर पहले हुई 3 मुर्रा भैस चोरी का आरोपी भी है। उसकी काफी समय से तलाश थी। आरोपी ने अपने 5 साथियों के साथ मिलकर 2 लाख कीमत से अधिक की भैंस चोरी की थी। पूर्व में उसके 2 साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। 3 फरार चल रहे थे। कुछ दिन पहले पता चला कि भैस चोरी का एक आरोपी माकडोन में हुई हत्या में जेल भेजा गया है। जिसके चलते उसका प्रोटेक्शन रिमांड जारी कराकर भैस चोरी और फरार 2 साथियों की पूछताछ के लिये चिंतामण थाने लाया गया है।

### मकान बनाने की बात पर हुये विवाद में 4 घायल

**उज्जैन।** झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम सुमराखेडा में मकान बनाने की बात पर 2 पक्षों के कृपाल पिता बालू बागरी और गिरधारी पिता भंवर बागरी के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की धमकी दी। विवाद में एक पक्ष से गिरधारी, उसका काका मानसिंह, काकी रामकुंवरबाई घायल हो गये। दूसरे पक्ष से कृपाल की मां रामूबाई घायल हुई है। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। गिरधारी का कहना था कि वह अपनी जमीन पर मकान बना रहा है। लेकिन कृपाल के परिवार का कहना है कि जमीन सरकारी है। उसके द्वारा पूर्व में आपत्ति पर भी लगाई गई थी, लेकिन जमीन सरकारी नहीं होना सामने आई। इसी बात पर विवाद कर मारपीट की गई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 689-3 | 678-1 |
| मेन बाजार | 155-1 | 344-1 |
| कल्याण नाइट | 890-7 | 136-0 |
| मिलन डे | 000-0 | 477-8 |
| मिलन नाइट | 146-1 | 170-8 |
| मधुर डे | 146-1 | 557-7 |
| मधुर नाइट | 258-5 | 340-7 |
| शुभांक | 1 6 | 7 |

लालच में उलझे व्यापारी से लाखों की धोखाधडी....

# सस्ते गोल्ड के चक्कर में डिब्बे से निकला कलाकंद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सस्ते गोल्ड (सोना) के लालच में उलझे व्यापारी के पास मिठाई के डिब्बे में गोल्ड आया तो उसमें कलाकंद (मिठाई) निकली। डिलेवरी देने आये युवक को घेराबंदी कर पकडा गया और पुलिस के सुपुर्द किया गया। धोखाधडी का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने डिलेवरी देने आये युवक को 6 दिनों की रिमांड पर लिया है।

माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि सेठीनगर में रहने वाले व्यापारी अजय जाधव ने शिकायत दर्ज कराकर बताया कि वर्ष 2023 में वह मुम्बई गया था, जहां उसकी मुलाकात राज नामक युवक से हुई थी। जिसने खुद को गुजरात के कच्छ भुज का रहने वाला बताया था और कहाकि उसके पास कस्टम का गोल्ड आता है। जिसे सस्ते में दिलवा देगा। इसी के चलते उसकी बातों में आ गया। उज्जैन लौटने पर संपर्क में रहा, लेकिन कस्टम का इशु चलने की बात कहकर गोल्ड भेजने से मना करता रहा। कुछ समय पहले उसने गोल्ड भेजने की बात कहीं और कुछ रूपयों का ऑनलाइल ट्रांजेक्शन करा लिया। कुछ समय पहले राज ने रोहित को उज्जैन भेजा और 7.62 लाख रूपये मंगवाये। रूपये देने के बाद रोहित लौट गया। 18 मई को रोहित एक डिब्बा लेकर आया और उसमें गोल्ड होने की बात कहकर डिब्बा दिया। जिसके बाद वह चला गया, लेकिन डिब्बा खोला तो वह मिठाई का था, जिसमें कलाकंद रखा हुआ था। करीब 10 लाख देने के बाद डिब्बे में मिठाई निकलने पर रोहित की तलाश शुरू की गई और उसके पकडा गया है। एएसआई गौतम के मुताबिक मामला धोखाधा?ी का होने पर प्रकरण दर्ज किया गया और रोहित का पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर 6 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान सामने आया कि रोहित का पूरा नाम रोहित उर्फ अंकुर पिता प्रदीप भाई जोशी निवासी कच्छ गुजरात है। वह राज का साथी है। पुलिस टीम उसे राज की तलाश में गुजरात लेकर जायेगी।

### बिस्किट के दिखाये फोटो, 200 ग्राम का दिया आर्डर



एएसआई गौतम के अनुसार व्यापारी ने शिकायत में बताया कि मुम्बई में हुई मुलाकात के दौरान राज ने उसे कस्टम का गोल्ड आने की जानकारी देकर गोल्ड बिस्टिक के फोटो दिखाये थे। उसके द्वारा इस तरह बात की गई जैसे वह हमेशा गोल्ड का काम करता है और कम कीमत में उपलब्ध करा सकता है। उसे सौ से दो सौ ग्राम गोल्ड का आर्डर दिया था। राज द्वारा रोहित रूपयों के लिये रोहित को भेजा गया था। रोहित 13 मई को उज्जैन आ गया था लेकिन माल आने की बात कहकर टालता रहा। 18 मई को उसने गोल्ड आने की बात कहीं और कुछ देर बाद डिब्बा लेकर आया गया।

# चौडीकरण कार्य में गैलरी से गिरा युवक मलवे में दबा

## लोगों ने निकाला बाहर, दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



सतीगेट से चौडीकरण कार्य में जेसीबी से तोडे जा रहे मकान के दौरान जेसीबी का पंजा दूसरे भवन की गैलरी से टकराते ही गैलरी भर भारकर गिर गई। जहां खडा युवक मलबे में दब गया। घायल होने पर उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिंहस्थ के मद्देनजर सतीगेट क्षेत्र में मार्ग का चौडीकरण कार्य चल रहा है। जेसीबी से मकानों को तोडा जा रहा है। बुधवार को मार्ग पर राम मार्केट के पास मकान तोडने का काम चल रहा था। इस दौरान पास में वर्धमान गारमेंट की पहली मंजिल पर कपडे की कटिंग का काम चल रहा था। जेसीबी चलने पर कपडा कटिंग का काम करने वाला हरीश पिता रामरतन सोलंकी अपनी दुकान की गैलरी में आकर खड़ा हो गया। उसी दौरान जेसीबी का पंजा गैलरी से टकरा गया और गैलरी भर भराकर नीचे आ गिरी। गैलरी के साथ हरीश भी नीचे आ गया और मलबे में दब गया। घटनाक्रम देख आसपास के लोग बचाने के लिये दौडे और मलबे से हरीश का बाहर निकाला गया। उसे चोंट लगी थी, तत्काल चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसके हाथ और पैर में चोंट लगने पर उपचार के लिये भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि वहां 3 दोपहिया वाहन भी खडे थे, गैलरी गिरने से तीनों वाहन भी मलबे में दबने से क्षतिग्रस्त हो गये।

# वैधशाला पर टेलिस्कोप से देख सकेंगे चंद्रमा की सतह के गड्ढे

### आज से 7 दिवसीय ग्रीष्मकालीन आकाशीय अवलोकन शिविर

**उज्जैन।** खगोलीय पिंडों में जिज्ञासा रखने आज से शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर सात दिनों तक ग्रीष्मकालीन आकाशीय अवलोकन शिविर में चंद्रमा की सतह पर गड्ढे, पहाड के साथ सौर मंडल के सबसे बड़े ग्रह, उपग्रहों का अवलोकन टेलिस्कोप से कर सकेगें। इसके लिये उम्र 10 वर्ष से अधिक और 20 रूपये शुल्क देना होगा।

वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रकाश गुप्त ने बताया कि वर्तमान में आकाश में सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में लट्टू की तरह चमकदार शुक्र ग्रह को देख ा जा रहा है। पश्चिमी आकाश में लगभग 60 अशं पर चमकदार बृहस्पति ग्रह दिखाई दे रहा है। शुक्ल पक्ष का प्रतिदिन बढ़ता हुआ हमारा चन्द्रमा तो आकाश में दिख ही रहा है। इस प्रकार तीन खगोलीय पिण्डों के अवलोकन के लिए और खगोलीय पिंडों में जिज्ञासा रखने वालों के लिये शासकीय जीवाजी वेधशाला पर 21 से 28 मई तक ग्रीष्मकालीन आकाशीय अवलोकन नशविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का समय शाम 7 से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। खगोलीय पिंडों का अवलोकन करने वालों की उम्र 10 से होना अनिवार्य है। शिविर के प्रतिभागियों को आकाशीय जानकारी प्रदान की जायेगी और 8 इंच व्यास के टेलिस्कोप से चन्द्रमा की सतह के गड्ढे, पहाड, सौर मण्डल के सबसे बडे ग्रह बृहस्पति की सतह की पट्टियों उसके उपग्रहों पृथ्वी के नजदीक ग्रह शुक्र को उसकी चन्द्रमा की तरह कलाओं के साथ अवलोकन करवाया जायेगा। शुक्र ग्रह नीचे की स्थिति में होने के कारण शाम 8 बजे के बाद टेलिस्कोप की परिधि से बाहर हो जायेगा। इसे 8 बजे तक ही दिखाया जा सकेगा। आकाशीय अवलोकन के लिये आकाश का खुला होना आवश्यक है। बादल होने पर आकाशीय अवलोकन नहीं कर सकेगें।

# इलेक्ट्रिकल्स गोदाम में शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग

## दमकलकर्मियों ने पाया काबू, लाखों का नुकसान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



डाबरी पीठा क्षेत्र में बुधवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब इलेक्ट्रिकल्स गोदाम से धुआ उठा और कुछ देर में आग विकराल हो गई। आग लगने की खबर मिलते ही फायर बिग्रेड की 2 गा?ी मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने मशक्कत के बाद काबू पाया। आगजनी में लाखों का नुकसान होना सामने आया है।

डाबरी पीठा में गणेश इलेक्ट्रिकल्स गोदाम का संचालन नितेश जैन द्वारा किया जाता है। जहां इलेक्ट्रिकल सामान के साथ ब?ी संख्या में केबल रखी थी। सुबह 9 बजे के लगभग अचानक गोदाम से धुआं निकलने लगा। आसपास के दुकानदार कुछ समय पाता उससे पहले आग ने विकराल रूप ले लिया। नितेश जैन दुकान नहीं पहुंचे थे। वहीं पास की दुकानें भी नहीं खुली थी, लेकिन क्षेत्र में अधिकांश दुकानदार आ चुके थे। उन्होने तत्काल आग लगने की सूचना फायर बिग्रेड को दी। कुछ देर में 2 गा?ी डाबरी पीठा पहुंच गई। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू किये। केबल और इलेक्ट्रिकल सामान रखा होने पर लपटे तेजी से बाहर की ओर निकल रही थी।

जिसके चलते दमकलकर्मियों को काफी मशक्कत करना प?ी, लेकिन करीब 1 घंटे बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। इस दौरान संचालक नितेश भी डाबरी पीठा पहुंच गये थे। आशंका जताई गई कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी है। जिसके चलते गोदाम में रखा लाखों का सामान पूरी तरह से स्वाहा हो गया है। पिछले कुछ दिनों से 44 डिग्री तापमान में आग लगने की घटना लगतार सामने आ रही है। कहीं सूखा कचरा सुलग रहा है कि तो दुकानों, वाहनों में आग लग रही है। इलेक्ट्रिकल्स गोदाम में लगी आग को लेकर पुलिस का कहना था कि मामले संचालक द्वारा शिकायत दर्ज कराने पर जांच शुरू की जायेगी।

### बदमाशों ने मांगा हफ्ता, नहीं देने पर दी मारने की धमकी

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के फाजलपुरा और इंदिरानगर चौराहा पर बदमाशों ने 2 लोगों का रास्ता रोक 500 रूपये हफ्ता मांगा, नहीं देने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे।

पुलिस ने दोनों मामलों में बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज है। पुलिस के अनुसार पहला मामला फाजलपुरा में रहने वाले गोवर्धन पिता कैलाश बाथम के साथ हुआ। गोवर्धन का रास्ता रोक बदमाश अफ्रिका उर्फ रामकिशन ने रूपये मांगे थे। दूसरा मामला इंदिरानगर चौराहा पर मंडली पान की दुकान के सामने का है। मुल्लापुरा में रहने वाले संदीप पिता इंदरसिंह ठाकुर हाल मुकान तालाब के पीछे इंदिरानगर को बदमाश अंकित शर्मा ने रोका और क्षेत्र में रहने पर शराब पीने के लिये 500 रूपये हफ्ता देने की बात कहीं। जिस पर विवाद हुआ और बदमाश ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के अनुसार दोनों बदमाशों की तलाश जारी है।


### जाहिर - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नहारिया तह. उज्जैन जिला उज्जैन में स्थित कृषि भूमि गोकुल पिता श्री मांगीलाल की मालिकी की भूमि सर्वे नं 112/2 रकबा 0.40 हे में से रकबा 0.10 हे., एवं ईश्वर पिता मांगीलाल माता राजूबाई की मालिकी की भूमि सर्वे नं 110/1 रकबा 0.05 हे में से रकबा 0.025 हे एवं विकास पिता श्री सोमनाथ गुप्ता, दीपक पिता अशोक शहपुरकर की मालिकी की भूमि सर्वे नं 110/2 रकबा 0.55 हे. में से रकबा 0.06 हे, एवं ग्रीष्मा पति श्री राहुल चितलकर, दीपकराव शिन्दे पिता श्री माधवराव शिन्दे की मालिकी की भूमि सर्वे नं 110/3 रकबा 0.30 हे. में से रकबा 0.04 हे. इस प्रकार कुल बिक्री रकबा 0.225 हे. जो कि मेरे पक्षकार द्वारा जोरावरसिंह पिता श्री विक्रमसिंह निवासी ग्राम नहारिया तह. व जिला उज्जैन से अनुबंध के आधार पर क्रय करनेका सौदा तय किया होकर उक्त भूमि की कीमत पेटे आंशिक राशि जोरावरसिंह को अदा कर सौदा चिट्ठी / इकरारनामा भी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित करवा लिया गया है। उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय या किसी बैंकिंग संस्था या किसी व्यक्ति विशेष का कोई लेन-देन, भार, बोझ बकाया या कोई पारिवारिक संबंधित विवाद हो या कोई रास्ते अथवा सीमा का विवाद हो तो वह जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद उक्त भूमि की कीमत की बकाया शेष राशि का भुगतान मेरे पक्षकार द्वारा अदा कर उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में अथवा मेरे पक्षकार द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य व्यक्ति के हित में निष्पादित करवा लिया जावेगा, बाद मियाद उक्त भूमि के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति इस जाहिर सूचना के समक्ष शुन्य मानी जावेगी। सो सूचित हो।

उज्जैन, दिनांक 20/05/2026

**वर्षा प्रतीक मगरे ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**कार्यालय-सी.एफ.-5, भरतपुर काम्प्लेक्स, उज्जैन**
**मो. 8109957096-9329570707**


# जांच में अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत निकली गलत

## खुद बनाई फर्जी आईडी और मैसेज किये थे पोस्ट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

इंस्टाग्राम आईडी से अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत का मामला पुलिस के पास पहुंचा तो जांच में झूठा निकला। महिला ने खुद फर्जी आईडी बनाकर मैसेज किये थे और सहकर्मी से शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अब सहकर्मी को फरियादी बनाकर महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है।

हाटकेश्वर कालोनी के पास तिरूपति डायमंड कालोनी में रहने वाली महिला द्वारा गोल्ड फायनेंस कंपनी का संचालन किया जाता है। उसी कम्पनी में पटनी बाजार की रहने वाली युवती भी काम करती है। जिसके माध्यम से कंपनी संचालित करने वाली महिला ने कुछ दिन पहले युवती से नीलगंगा थाना पुलिस को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई कि उसे इंस्टग्राम आईडी से अश्लील मैसेज किये जा रहे है। पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला कुछ ओर ही निकला। शिकायत करने वाली युवती को मैसेज कंपनी संचालित करने वाली महिला द्वारा फर्जी आईडी बनकर किये गये थे। मैसेज कंपनी में काम करने वाले युवक की पत्नी के नाम से भेजे गये थे। जांच में पता चला कि गोल्ड फायनेंस कंपनी में काम करने वाले युवक और उसकी पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। युवक ने न्यायालय में तलाक का केस लगा रखा है।

उसकी पत्नी मायके इंदौर चली गई है। युवक ने कंपनी संचालित करने वाली महिला के साथ साजिश रचकर पत्नी की फर्जी आईडी बनाई थी और कंपनी में काम करने वाली युवती को अश्लील मैसेज किये थे। ताकि पुलिस जांच करे तो युवक की पत्नी शंका के घेरे में आ जाये और उसे तलाक के केस में पत्नी की हरकतों का फायदा न्यायालय में मिल जाये। लेकिन पुलिस की जांच में मामला उलटा पड गया। अब पुलिस ने कंपनी संचालित करने वाली महिला के खिलाफ केस दर्ज किया है। सूत्रों की माने तो कंपनी संचालित करने वाली महिला और युवक के बीच काफी मेलजोल है, जिसके चलते पूरी साजिश को रचा गया था।

### शिप्रा तीर्थ परिक्रमा की तैयारियो को लेकर बैठक

**उज्जैन।** 22 वर्षों से हो रही शिप्रा तीर्थ परिक्रमा को लेकर भाजपा महाराजवाडा मंडल की बैठक भाजपा लोकशक्ति कार्यालय में हुई। बैठक में परिक्रमा की तैयारियों, व्यवस्थाओं और आयोजन के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की गई। मंडल के मीडिया प्रभारी महेंद्र जायसवाल के अनुसार बैठक में बताया गया कि शिप्रा तीर्थ परिक्रमा से धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं पर खास ध्यान रहेगा। आयोजन को सफल और भव्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई।


## कार्यालय नगर परिषद पोलायकलॉ, जिला-शाजापुर (म.प्र.)

क्रमांक/ई-टेण्डर/2026/991 — पोलायकलॉ,दिनांक 20.05.2026

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता हैं।

| क्र. | ई-टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लगात | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_508964_1 20.05.2026 | नगर के विभिन्न वार्डो में सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य | 1. 3 माह (वर्षा ऋतु सहित) 2. 50,25,441 | 1. 10,000 2. 37,691 | 18-06-26 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in/ की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशननहीं किया जावेगा।

(पवन राजकुमार)
अध्यक्ष
नगर परिषद पोलायकलॉ

(भगवानसिंह भिलाला)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पोलायकलॉ

# शिखर पाने की लालसा



पूछा गया है– क्या महत्वाकांक्षा अपरिहार्य नहीं है?

महत्वाकांक्षा केवल तब तक अपरिहार्य है, जब तक व्यक्ति में मूलभूत परिवर्तन नहीं होता। हमें महत्वाकांक्षा को अपरिहार्य क्यों मान लेना चाहिए? क्या मनुष्य की मनुष्य के साथ क्रूरता अपरिहार्य है? क्या आप इसे समाप्त करना नहीं चाहते? इसे अनिवार्य मानना क्या नितांत विचारहीनता का द्योतक नहीं है? प्रश्नकर्ता की दुविधा यह है कि यदि वह औरों के साथ क्रूर नहीं है, तो कोई दूसरा उसके साथ क्रूरता से पेश आएगा, इसलिए उसे शिखर पर पहुंचना है। प्रत्येक व्यक्ति, हरेक समूह और विचारधारा की कोशिश यही होती है कि वह शिखर पर पहुंच जाए, और इसी कारण से क्रूरता और हिंसा कायम रहती हैं। सृजन केवल शांति में संभव है; और यदि पारस्परिक उपयोग होता रहेगा, तो शांति कैसे हो सकती है? जब तक किसी एक के या सबके साथ हमारे संबंध आवश्यकता तथा उपयोगिता पर आधारित हैं, तब तक शांति की बात करना निरर्थक प्रलाप है। दूसरे की आवश्यकता और उसका उपयोग अपरिहार्य रूप से शक्ति और प्रभुत्व की ओर ले जाते हैं। किसी धारणा की शक्ति और तलवार की शक्ति, दोनों एक समान ही हैं; दोनों ही विध्वंसक हैं। धारणा और विश्वास मनुष्य को मनुष्य के विरोध में खड़ा कर देते हैं, और तलवार भी यही करती आई है। धारणा और विश्वास तो प्रेम का प्रतिवाद, विरोध ही हैं। आपके मन में सवाल उठेगा कि तब हम चेतन या अचेतन रूप से शक्ति की इस कामना में क्यों घुलते रहते हैं? क्या शक्ति या सत्ता की दौड़, स्वयं से, जो है से पलायन का एक मार्ग नहीं है? हर कोई अपनी अपर्याप्तता, आंतरिक दरिद्रता, अपने अकेलेपन और अलगाव से पलायन करने की कोशिश करता है। जो यथार्थ है, वह तो अप्रिय है, लेकिन पलायन मोहक और आकर्षक लगता है। गौर कीजिए, यदि आपकी शक्ति, आपका पद और आपके द्वारा कष्ट से अर्जित धन आपसे छिन जाने वाला हो, तब क्या होगा? आप इसका प्रतिरोध करेंगे। है कि नहीं? समाज कल्याण के लिए आप स्वयं को अनिवार्य मानते हैं, इसलिए आप हिंसापूर्वक या चतुर दलीलों को पेश करके प्रतिरोध करेंगे। यदि आप अपने सारे संग्रह का स्वेच्छा से परित्याग कर सकते, तो आप कुछ रह ही नहीं जाते, है न? कोई नहीं चाहता कि मैं कुछ न रह जाऊं। तब आपके पास केवल बाहरी दिखावा है, भीतरी सत्व से रहित। सबको वही दिखावा चाहिए; और इस द्वंद्व से घृणा, भय, हिंसा व ह्रास उपजते हैं। आप अपनी विचारधारा समेत उतने ही अपर्याप्त हैं जितने कि आपके विरोधी, और इसलिए आप दोनों ही शांति, पर्याप्तता, उपयुक्त रोजगार या ईश्वर के नाम पर एक–दूसरे को नष्ट कर रहे हैं।



सम्पादकीय

## गर्म हवाओं का समय

भारत का एक बड़ा हिस्सा धूप और लू से तप रहा है। न दिन को चैन है और न रात को आराम। ज्यादातर इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है और अनेक जगह 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि लू जैसी स्थिति पूरे एक सप्ताह जारी रह सकती है या उससे आगे भी बढ़ सकती है। रात के समय भी न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास महसूस हो रहा है। उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान 30 डिग्री से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया जाएगा। मौसम विभाग ने तेज सतही हवाओं का भी अनुमान लगाया है, जिनकी गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा सकती है। मतलब, तेज गति से गर्म हवाओं का दौर बना रहेगा। देश भर में तापमान में 20 मई तक 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का अनुमान है। पूर्वी हवाएं अब मध्य पाकिस्तान और राजस्थान से आने वाली उत्तर-पश्चिमी शुष्क व गर्म हवाओं में बदल गई हैं, जिससे गर्मी बढ़ेगी।

ऐसे में, खराब मौसम से जूझने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। मौसम वैज्ञानिक इस साल सुपर अल नीनो की आशंका जता रहे हैं। इसके प्रभाव से इस साल का दक्षिण-पश्चिमी मानसून सामान्य से कम रहने की आशंका है। फिलहाल जो स्थिति बन रही है, उसमें जून से सितंबर तक मानसूनी वर्षा सामान्य से आठ प्रतिशत कम या 92 प्रतिशत ही रह सकती है। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रशांत महासागर तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे जून या जुलाई तक एक सुपर अल नीनो के विकसित होने का खतरा है। सुपर अल नीनो बड़े पैमाने पर मौसम प्रणालियों को बाधित करता है, जिससे भारत में मानसून कमजोर हो जाता है। जलवायु वैज्ञानिक डॉक्टर माधवन नायर ने पहले ही चेतावनी दे रखी है कि इस वर्ष का अल नीनो 1997 और 2015 में दर्ज हालात जितना गंभीर हो सकता है। वर्षा कम होगी, असर फसल पर पड़ेगा, उपज कम होगी, तो महंगाई को बल मिलेगा। महंगाई बढ़ेगी, तो देश में सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा। अभी जैसे आर्थिक तनाव से देश गुजर रहा है, उसमें सजग रहने की जरूरत और बढ़ गई है। शासन-प्रशासन को अपने स्तर पर पूरी तैयारी रखनी चाहिए। आगामी प्रतिकूल स्थितियों का अधिकतम अनुमान लगाते हुए तैयारी रखने में सबकी भलाई है।

### बंगाल में हार पश्चात

# दीवार पर लिखी इबारत पढ़कर विचलित है विपक्ष

बंगाल चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में ऊपर की ओर है। अमेरिकी डाटा एनालिस्ट फर्म मॉर्निंग कंसल्ट के मार्च अप्रैल के सर्वे के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी 68 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ ग्लोबल लिस्ट में पहले पायदान पर हैं। अगर दुनिया के देशों से मिलने वाले सर्वोच्च सम्मानों को लोकप्रियता का आधार मानें तो शायद मोदी दुनिया के ऐसे पहले राजनेता होंगे जिन्हें अब तक 31 देशों के सर्वोच्च सम्मान मिले हैं। अभी अभी स्वीडन सरकार ने अपने देश का सर्वोच्च सम्मान रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार दिया है। 16 मई को उन्होंने प्रधानमंत्री के अपने कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे किए हैं। वह भाजपा के ऐसे एकमात्र राजनेता हैं जिन्होंने किसी लोकल राजनीति से प्रादेशिक या राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश नहीं किया बल्कि 13 वर्ष तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के बाद 12 वर्ष का प्रधानमंत्री के रूप में शानदार कार्यकाल पूरा किया है जो विपक्ष को डरा रहा है। वह विपक्ष जिसमें देश की सत्ता पर सबसे अधिक समय तक राज करने वाली कांग्रेस शीर्ष पर है आज देश भर के राज्यों से समाप्त प्राय है। अगर उसका तीन राज्यों में अस्तित्व है और अन्य तीन राज्यों में है भी तो वह भी दूसरे दलों की बैसाखियों के सहारे है। 2026 का केरल का चुनाव थोड़ी सी खुशी लेकर आया लेकिन यह खुशी अन्य राज्यों में पराजय के आंसुओं को सुखा नहीं सकती। बंगाल का चुनाव यद्यपि दल के रूप में भाजपा और टीएमसी के बीच में था लेकिन मूल रूप में यह मोदी और ममता के बीच ही था। जहां एक ओर टीएमसी ममता के नाम पर चुनाव लड़ रही थी तो वहीं बंगाल की जनता मोदी को जिताने की बात कर रही थी। जिसने भी लगातार इस चुनाव पर नजर रखी है वे जानते हैं कि मतदाता भाजपा को जिताना है या शुभेंदु अधिकारी को लाना है नहीं कह रही थी बल्कि मोदी को वोट देना है कह रही थी। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मोदी समूची भाजपा और हिंदुत्व के पर्याय बन गए हैं। बंगाल के चुनाव ने जो एक महत्वपूर्ण तथ्य स्थापित किया वह यह कि अब देश में कोई भी दल केवल मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर जीवित नहीं रह सकता। 60 साल तक राज करने वाली कांग्रेस हो या निखालिस मुसलमानों की राजनीति करने वाले दल हों उनकी जीत का आधार व्यक्तिगत सीटों पर तो हो सकता है किंतु सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने या पहुंचाने का नहीं हो सकता।



डॉ. हरिकृष्ण बडोदिया (दैनिक अवन्तिका)

बंगाल के चुनाव ने एक नया आयाम सेट कर दिया है कि हिंदू यदि एकजुट हो जाएगा तो देश की राजनीति से वर्तमान विपक्ष का सफाया होना तय है। आज यही निष्कर्ष विपक्ष की चिंता सबसे बड़ा कारण बन गया है। देश की 78 प्रतिशत हिंदू आबादी को कांग्रेस, सपा, बसपा जैसे कई राजनीतिक दलों ने जातियों में बांटकर अपना उल्लू सीधा किया। आने वाले चुनावों में यह ध्वस्त हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। 2024 में सपा ने उत्तर प्रदेश में इसी फार्मूले के आधार पर (पीडीए) पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक को अपने पाले में कर लोकसभा की 37 सीटें अपने पक्ष में की थीं किंतु आगे इसकी संभावना तो आने वाले समय में बिल्कुल नहीं दिखती। यही नहीं अभी तो 2027 और 2028 के चुनाव होना है और बंगाल के हिंदुओं ने अपनी एकता का जो उदाहरण सेट किया है वह न केवल उत्तर प्रदेश के हिंदुओं को प्रभावित करेगा बल्कि उन राज्यों को भी प्रभावित करेगा जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। यही नहीं 2029 तक होने वाले चुनावों का पैटर्न यदि बंगाल जैसा ही रहे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। यही कारण है कि विपक्ष ना केवल सहमा हुआ है बल्कि दीवार पर लिखी इबारत को पढ़ पढ़ कर विचलित है। वह ऐसा कोई मौका नहीं चूकना चाहता जिससे उसकी प्रासंगिकता स्थापित न हो सके। बंगाल चुनाव के तुरंत बाद जहां एक ओर ममता बनर्जी ने वोट चोरी का आरोप लगाया वहीं राहुल गांधी ने भी इसी घिसेपिटे रिकॉर्ड का बजाना शुरू किया जबकि भारत का एक-एक नागरिक इस बात को अच्छी तरह जान रहा है कि ममता का कट्टर मुस्लिम प्रेम, मुस्लिम तुष्टिकरण और मुस्लिम टीएमसी कार्यकर्ताओं के विगत 5 साल के आतंक ने बंगाल के हिंदुओं को एक कर दिया। हिंदुओं के वोटों का ऐसा ध्रुवीकरण भाजपा के प्रयत्नों से कम हुआ बल्कि उस खूनी आतंक, भ्रष्टाचार, कट मनी, टोलेवाजी और नेतृत्व की धमकियों से हुआ जिसे बंगाल के हिंदू झेल रहे थे। राज्य में महिलाओं की इज्जत तार तार हो रही थी, आम विरोधी विचारधारा वाले भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या से जिस तरह हिंदू महिलाएं विधवा हुईं जिस तरह लड़कियों और महिलाओं के रेप हुए जिस तरह हिंदुओं को उनके आराध्य और मंदिरों में पूजा पाठ से रोका गया और जिस तरह थोक में बांग्लादेशी घुसपैठियों ने मूल बंगालियों के हकों को छीना उन सब घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया कि एक और बार यदि ममता सत्ता में आतीं तो बंगाल को बांग्लादेश बनने से कोई रोक नहीं सकता था। इन सब घटनाओं की चर्चा चुनाव संपन्न होने या बंगाल में शुभेंदु अधिकारी की भाजपा सरकार बनने के बाद खत्म हो जाएगी ऐसा सूचना बेवकूफी होगी। इन सब घटनाओं और परिस्थितियों तथा अन्यायों की चर्चा अगले 2 साल लोकसभा चुनाव के होने तथा उसके बाद भी होगी इससे इनकार नहीं किया जा सकता। वस्तुतः यह सब इसलिए याद किया जाएगा क्योंकि बंगाल की जनता ने वोटो की क्रांति से अन्याय पर विजय प्राप्त कर ममता को उखाड़ फेंका है। बंगाल के चुनाव में भाजपा की जीत का सेहरा हर बार की तरह मोदी के सिर पर बंधा जिसने उनकी लोकप्रियता को एक बार फिर उच्चता के शिखर पर स्थापित किया है। विगत लगभग एक दशक से मोदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पायदान पर खड़े हैं। यह न केवल भारत के लिए गौरव की बात है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनेताओं के लिए भी आश्चर्य की बात है। मोदी आज ऐसी शख्सियत बन गए हैं जिन्हें न केवल सुना जाता है बल्कि उनकी कही बातों पर अमल भी किया जाता है। विगत सप्ताह जब मोदी ने देश की जनता का आह्वान करते हुए सोना ना खरीदने, तेल की बचत करने, पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से परहेज करने, जहां संभव हो कार्यस्थलों पर वर्क फ्रॉम होम करने, अपने दैनिक जीवन में खाद्य तेल का उपयोग कम करने, रासायनिक उर्वरक पर निर्भरता कम करने तथा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की तो विपक्ष के कान खड़े हो गए। उसे लगा कि यदि वास्तव में मोदी की इन बातों पर अमल हुआ तो उसकी तुलनात्मक रूप से स्थिति और कमजोर हो जाएगी। ऐसी स्थिति में विपक्ष के कई सारे नेता राहुल गांधी अखिलेश यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे, अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह चिल्लाने लगे कि मोदी से देश संभल नहीं रहा।

## लो फिर से नीट का पेपर लीक हो गया

माँ की कलाई पर अब वह स्वर्ण-वृत्त नहीं था जो कभी समय और संस्कार की गवाही देता था। वहाँ सिर्फ सफेद निशान थे जो अभाव की नई लिपि लिख रहे थे। पिता के जाने के बाद घर की छत तो नहीं गिरी पर दीवारें संकरी हो गईं। माँ की आँखों के नीचे जो काले घेरे थे वे महज नींद की कमी नहीं थे बल्कि उन आंसुओं के सूखे हुए तालाब थे जिन्हें उन्होंने बेटे के भविष्य की खातिर पी लिया था। घर का सारा सोना अब कोचिंग संस्थान की तिजोरी में पीला पड़ चुका था। बेटा घर से नहीं निकला था बल्कि एक उम्मीद निकली थी जिसे सिस्टम के कसाईखाने में हलाल होने के लिए भेजा गया था। माँ कहती थी कि तू बस पढ़ना बेटा। बेटा पढ़ता रहा और माँ के हाथ खाली होते रहे यहाँ तक कि चूड़ियाँ भी उस रेस के घोड़े पर दाँव लगा दी गईं। सत्ता की कुर्सी पर बैठे लोगों के लिए नैतिकता महज एक चुनावी जुमला है। जब ईमान ही किस्तों पर बिकता हो तो प्रश्नपत्र की कीमत क्या होगी। त्याग और तपस्या का फल अक्सर व्यवस्था के गटर में बह जाता है। आँखों का पानी मर जाए तो शासन की चमक बढ़ जाती है। शिक्षा अब मोक्ष का मार्ग नहीं बल्कि नीलामी का चबूतरा है।

कोचिंग की दीवारें जेल की उन सलाखों जैसी थीं जहाँ कैदी खुद अपनी मर्जी से अंदर जाता है और अपनी आत्मा को बाहर गिरवी रख देता है। लड़का उस मशीन का हिस्सा बन गया जहाँ सपनों को कुचलकर रैंक बनाई जाती थी। उसके कमरे में बिखरी हुई किताबों के पन्ने उसे अपनी ही चमड़ी जैसे लगते थे। जब नीट का पेपर हुआ तो उसे लगा कि वह अपनी माँ की सूनी कलाइयों का हिसाब चुकता कर देगा। परीक्षा केंद्र पर उसकी ऐसी तलाशी ली गई जैसे वह बम लेकर जा रहा हो। जूतों से लेकर बेल्ट तक उतरवा लिए गए। उसे लगा कि इतनी शुचिता है तो अंदर सच ही होगा।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 21 मई 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 18:59
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - पंचमी 08:27 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - पुष्य 02:48 उपरांत अश्लेषा
योग - गण्ड 10:58 उपरांत वृद्धि करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 03 तारिख

**मेष-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है।

**मिथुन-** जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**कर्क-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

**सिंह-** शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**कन्या-** मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**तुला-** थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**वृश्चिक-** किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी।

**धनु-** कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है।

**मकर-** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ-** घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में वृद्धि होगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**मीन-** अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से खिन्नता रहेगी। जोखिम न लें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है।

# खाना खाने के बाद पेट की जलन के कारण और निदान



खाना खाने के बाद जलन की समस्या एक आमबात है लेकिन यही समस्या ज्यादा बढ़ जाए तो यह बड़ी बीमारी का रूप भी ले सकती है। ये समस्या ज्यादातर मिर्च मसाले खाने से हो जाती है। कुछ लोगों को जलन की समस्या हमेशा रहती है जिसके कारण वो असहज महसूस करने लगते हैं। तो आइए जानते हैं कि खाना खाने के बाद पेट में जलन होने के क्या कारण होते हैं और कैसे इससे बचा जा सकता है।

खराब लाइफस्टाइल के कारण आज के समय में एसिडिटी और पाचन से जुड़ी बहुत सारी समस्याएं सामने आ रही हैं। एसिडिटी की समस्या आजकल हर किसी को हो रही है। वहीं, खाना खाने के बाद पेट में जलन होना भी एसिडिटी का ही एक लक्षण है, जिसे डॉक्टरों की भाषा में हार्टबर्न और एसिड रिफ्लक्स कहा जाता है। खाने के बाद जलन की समस्या ज्यादातर तब होती है जब तीखा खाना या मसालेदार खाने का सेवन किया हो। हालांकि, कभी कभी जलन होना एक आम बात हो सकती है। लेकिन, हर बार खाने के बाद जलन होना एक बड़ी बीमारी का संकेत हो सकता है। तो आइए जानते हैं आखिर क्यों खाने के बाद पेट और सीने में जलन की समस्या होती है।

### खाना खाने के बाद पेट में जलन क्यों होती है?

खाना खाने के बाद पेट में जलन की समस्या के लिए कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। ऐसे लोग जो बहुत ज्यादा मसालेदार खाना खाते हैं उन्हें इस समस्या का खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

### 1. गैस्ट्रोइसोफेगल रिफ्लक्स डिजीज

पेट में जलन एसिड रिफ्लक्स की वजह से हो सकती है। दरअसल, जब पेट के निचले हिस्से में खाना पहुंचकर दोबारा ऊपर फूड पाइप में आने लगता है तो इसी समस्या को गैस्ट्रोइसोफेगल एसिड रिफ्लक्स कहा जाता है।

### 2. हाइटल हर्निया

पेट में हर्निया होना सामान्य कंडीशन है। इसकी वजह से कई बार खाना खाने में परेशानी, जलन, दर्द, थकान या मुंह का स्वाद बिगड़ जाता है। अगर किसी को हल्की-फुल्की दिक्कत है तो उसे खाने के पैटर्न में बदलाव और सुधारकर ठीक किया जा सकता है।

### 3. मसालेदार या तीखा खाना

मसालेदार खाना स्वाद में काफी तीखा होता है, जो मुंह और गले में जलन पैदा कर देता है। मसालेदार खाना खाने से मुंह में जलन, पेट में दर्द, एसिड रिफ्लक्स आदि हो सकता है।

### पेट में जलन की समस्या को ऐसे करें दूर

1. अगर पेट में जलन की समस्या लंबे समय से परेशान कर रही है तो ऐसे में डॉक्टर की सलाह जरूर लें। साथ ही साथ ये बीमारी कुछ खास घरेलू नुस्खों से भी दूर की जा सकती है।

2. खाना खाने के बाद तुरंत नहीं लेटना चाहिए। खाने के बाद तुरंत लेटने से एसिड रिफ्लक्स जैसी पाचन संबंधी दिक्कतें सामने आती हैं।

3. खाना खाने के बाद कम से कम 1000 स्टैप्स चलना चाहिए। ऐसा करने से डाइजेस्टिव सिस्टम, ब्लड शुगर लेवल और सेहत अच्छी रहती है।

समसामयिक

## छोटी-छोटी सी खुशियाँ

छोटी-छोटी सी खुशियाँ, महकाती जीवन की बगिया,
चेहरे पर मुस्कान खिलाती, अनूठी पहचान बन जाती,
बूँद-बूँद खुशी का प्राणायाम, तन-मन को देती आराम,
दुःखों के बादल मिटाती, सुकून की बारिश बन जाती ।
भावों की मीठी-मीठी मिसरी, मन की चमकीली ढिबरी,
परिवार में प्रेम बढ़ाती, पल-पल को नव रंगों से सजाती,
जीवन का बन हिस्सा, अगली-पिछली यादों का किस्सा,
प्रेम भाव साझा करती, भीतर-बाहर को मधुरम बनाती ।
भावों की रसीली मंजरी, यादों की बनकर सुंदर गठरी,
जीवन में आस उजास भरती, संजीवनी सी ये बहती,
खुशियों का कारण बन जाना आनंद जीवन में बहाना,
खुशियाँ दिलों को पास लाती, जीवन अनुराग बढ़ाती ।
जी लेना भरपूर वर्तमान, कल क्या होगा किसको ज्ञान,
खुशियाँ ढाल बन जाती, सकारात्मकता को ये बढ़ाती,
सबसे पहले है परिवार, मत रोकना खुशियों की धार,?
ये साथ को दिलचस्प बनाती, सार्थक एहसास जगाती ।
चार दिन की जिंदगानी, कब खत्म हो अपनी कहानी,
बड़ों छोटों को लुभाती, ये परिवार को नेह से सजाती,
छोटी-छोटी खुशियों का बन गीत, जग में फैलाना प्रीत,
ये मन-मस्तिष्क का द्वंद्व मिटाती, अहम को भी घटाती ।



मोनिका डागा (दैनिक अवन्तिका)

## स्मार्ट शहर में गौमाता...!

स्मार्ट शहर की चकाचौंध में, खो गई गौमाता,
सीमेंट की सड़कों पर, किसे याद है वो नाता।
पहले आँगन में बंधकर, घर की शान कहाती,
ट्रैफिक में भटकती छाया, बाधा बन है जाती।
पहली रोटी उसके नाम की, परंपरा थी प्यारी,
पिज्जा-बर्गर युग में, वह बातें लगती हैं भारी।
गोबर से लिपते जो घर, अब डर्टी कहलाते हैं,
एसी कमरों में बैठे हम, संस्कार भूल जाते हैं।
गौ-रक्षक की बातें गूंजें, भाषणो-अखबारों में,
भूखी गायें ढूंढती हैं रोटी, कूड़े ढेर-किनारों में।
नारे ऊँचे व भावनाएँ भी, सच थोड़ा कड़वा है,
सेल्फी में जो दिखता प्यार, धरा पे कम सा है।
कृष्ण की वो बंसी रोती है, गोकुल भी है हैरान,
जहाँ चरती थीं गायें, वहाँ पे मॉल और दुकान।
स्मार्ट बनने की होड़ में, इतने आगे हैं बढ़ आए,
गौमाता को भूलें, खुद को आधुनिक बतलाए।
सोचो, विकास की दौड़ में, क्या-2 'पीछे' छूटा,
जिसने हमें जीवन दिया, वही रास्ते में है छूटा।
स्मार्ट शहर की माया में, सवाल खड़ा है होता,
क्या सच आगे बढ़े, इंसानियत का दम घुटता?

## मिलने लगे इनाम...!

तीसरे-चौथे बच्चे पर, अब मिलने लगे इनाम,
यूं जनसंख्या की चर्चा में, बदल रहा है काम।
कल तक जो कहते थे–छोटा रखो परिवार,
ये बढ़ती उम्र की चिंता ने बदला पूरा विचार।
बच्चे सिर्फ बोझ नहीं, भविष्य की हैं पहचान,
उनसे तो चलता रहता, देश व समाज महान।
जब घटती जनसंख्या से, 'अर्थव्यवस्था' डोले,
तब नई सोच के दीप, शासन के मन के बोले।
हर नन्हा जीवन लाता है, खुशियों की सौगात,
ममता, सपने, उम्मीदों की, जगती नई बारात।
नीति चाहे जो भी बदले, समय बदलता जाए,
बच्चों की मुस्कानों से, हर आँगन खिल जाए।




संजय तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

धर्म-आस्था

# पुरुषोत्तम मास : जब समय भी बन जाता है ईश्वर का उत्सव

भारतीय संस्कृति में समय केवल तिथियों और महीनों की गणना नहीं, बल्कि आत्मा की यात्रा माना गया है। हमारे ऋषियों ने प्रत्येक कालखंड को धर्म, साधना और जीवन संतुलन से जोड़ा। इन्हीं दिव्य अवधियों में पुरुषोत्तम मास अर्थात अधिक मास का विशेष महत्व है। यह मास केवल पंचांग का अतिरिक्त अध्याय नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, विनम्रता, तप और ईश्वर के निकट जाने का दुर्लभ अवसर माना गया है।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

वर्ष 2026 में पुरुषोत्तम मास 17 मई से प्रारंभ होकर 15 जून तक रहेगा। इस अवधि में भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की उपासना को अत्यंत फलदायी बताया गया है। शास्त्रों के अनुसार इस मास में किए गए जप, तप, दान, व्रत और सत्संग सामान्य समय की अपेक्षा अनेक गुना पुण्य प्रदान करते हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं –
मासानां मार्गशीर्षोऽहम।
अर्थात – महीनों में मैं मार्गशीर्ष हूँ।

किन्तु पुराणों में पुरुषोत्तम मास को स्वयं भगवान श्रीकृष्ण का स्वरूप माना गया है। यही कारण है कि इसे पुरुषोत्तम नाम प्राप्त हुआ।

अधिक मास की व्यवस्था भारतीय खगोल विज्ञान की अद्भुत सूक्ष्मता का परिणाम है। सौर वर्ष और चंद्र वर्ष के बीच उत्पन्न अंतर को संतुलित करने के लिए लगभग 32 महीने बाद एक अतिरिक्त मास जोड़ा जाता है। लेकिन भारतीय मनीषा ने इस गणितीय व्यवस्था को भी आध्यात्मिक अर्थ प्रदान किया।

पुराणों में वर्णित कथा के अनुसार प्रारंभ में इस अतिरिक्त मास को कोई स्वीकार नहीं करता था। सभी उसे मल मास कहकर उपेक्षित करते थे। तब भगवान श्रीकृष्ण ने उसे अपना नाम देकर पुरुषोत्तम मास घोषित किया। यह कथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि गहरा जीवन संदेश भी देती है कि जिसे संसार तुच्छ समझे, ईश्वर उसी को महान बना सकते हैं।

पद्मपुराण में कहा गया है –
सर्वमासेषु यत्पुण्यं सर्वतीर्थेषु यत्फलम।
तत्फलं कोटिगुणितं पुरुषोत्तममासके॥

अर्थात अन्य महीनों और तीर्थों में जो पुण्य प्राप्त होता है, पुरुषोत्तम मास में वही फल करोड़ों गुना अधिक प्राप्त होता है।

इसी संदर्भ में द्रौपदी और अधिक मास की कथा भी विशेष महत्व रखती है। मान्यता है कि पूर्व जन्म में उन्होंने अहंकारवश अधिक मास का अपमान किया था। बाद में जीवन में उन्हें अनेक कठिनाइयों और अपमान का सामना करना पड़ा। यह कथा प्रतीकात्मक रूप से मनुष्य को यह शिक्षा देती है कि किसी भी धर्म परंपरा, साधना या व्यक्ति का तिरस्कार नहीं करना चाहिए।

गोस्वामी तुलसीदास ने भी विनम्रता और भक्ति के महत्व को रेखांकित करते हुए लिखा –
परहित सरिस धरम नहि भाई।
परपीड़ा सम नहि अधमाई॥

अर्थात दूसरों के हित से बड़ा कोई धर्म नहीं और दूसरों को कष्ट देने से बड़ा कोई अधर्म नहीं।

आज का मनुष्य भौतिक उपलब्धियों में जितना आगे बढ़ा है, भीतर से उतना ही बेचैन भी हुआ है। जीवन में सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन शांति कम हुई है। ऐसे समय में पुरुषोत्तम मास मनुष्य को ठहरने, स्वयं को देखने और ईश्वर से जुड़ने का अवसर देता है।

इस मास में दान, दीपदान, गीता पाठ, श्रीमद्भागवत श्रवण, विष्णुसहस्त्रनाम जप, हरिनाम संकीर्तन और अन्नसेवा को विशेष महत्व दिया गया है। यह केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर करुणा, श्रद्धा और संतुलन जगाने का माध्यम है।

शास्त्रों में कहा गया है –
हरेर्नाम हरेर्नाम हरेर्नामैव केवलम।
कलौ नास्त्येव नास्त्येव नास्त्येव गतिरन्यता॥

अर्थात कलियुग में केवल भगवान के नाम का स्मरण ही कल्याण का मार्ग है।

इसीलिए पुरुषोत्तम मास में हरिनाम जप और भक्ति साधना को अत्यंत प्रभावशाली माना गया है।

विवाह, गृहप्रवेश, नई संपत्ति खरीदना या अन्य मांगलिक कार्य इस अवधि में टालने की परंपरा भी इसी आध्यात्मिक दृष्टि से जुड़ी है। यह समय बाहरी विस्तार की अपेक्षा भीतर की साधना का समय माना गया है।

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि उसने खगोल विज्ञान, धर्म, मनोविज्ञान और जीवनदर्शन को एक सूत्र में पिरोया। पुरुषोत्तम मास उसी समन्वित चिंतन का पवित्र उदाहरण है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,54,400 रवा- 1,54,200 चांदी-टंच- 2,58,800 पाट- 2,57,800।

## उज्जैन किराना


अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



## फसल चोरी कर बेचने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, 40 हजार रु की राशि बरामद

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में नकबजनी एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा। उक्त अभियान के तहत एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस ने फसल चोरी कर बेचने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चोरी की गई फसल की बिक्री से प्राप्त संपूर्ण राशि 40 हजार रुपये बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। फरियादी राधेश्याम पिता भोनीसिंह चोरसिया निवासी ग्राम उमरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम उमरी निवासी प्रताप चोरसिया, गिर्राज चोरसिया, राजेन्द्र एवं सुमेर चोरसिया उसके खेत से रायड़ा की फसल काटकर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान आरोपी प्रताप सिंह पिता भागचंद चोरसिया, गिरराज पिता प्रेमसिंह चोरसिया, राजेन्द्र पिता मोडसिंह चोरसिया, सुमेरसिंह पिता सर्जनसिंह चोरसिया से पूछताछ की, जिसमें आरोपियों ने चोरी की गई फसल को 40 हजार रुपये में बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से फसल बिक्री की संपूर्ण राशि 40,000 रुपये बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## अधिक मास के पहले मंगलवार शिव जी का श्रीफल के जटा से किया आकर्षक श्रृंगार



**महिदपुर रोड।** अधिक मास के पहले मंगलवार को नगर के रेल्वे स्टेशन परिसर स्थित त्रिभुवन नाथ मंदिर में स्थित भगवान त्रिभुवन नाथ का एक भक्त द्वारा नारि यल की जटा से आकर्षक श्रृंगार किया गया रात्रि में यहां हनुमान चालीसा तथा सुंदरकांड के पाठ का सामूहिक आ योजन भी आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सुंदरकांड तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया। इससे पूर्व भी यहां रविवार तथा सोमवार को भी ईख तथा अमरूद से भगवान त्रिभुवन का मनोहारी श्रृंगार किया गया जिसे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने देखकर श्रद्धा से अपना सर झुकाया मंदिर के पुजारी जितेन शर्मा ने बताया पूरे अधिक मास के दौरान भगवान त्रिभुवन नाथ का रोजाना अलग-अलग शिव जी की प्रिय वस्तुओं से श्रृंगार किया जायेगा

## 3 चोरी की मोटर साइकिल बरामद 2 आरोपी गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सघन अभियान चलाया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी के हॉटस्पॉट चिन्हित कर निगरानी, सीसीटीवी विश्लेषण एवं आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही। थाना प्रभारी राजगढ़ निरीक्षक श्रीमती मंजू मखेनिया के नेतृत्व में पुलिस को दो शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर 3 चोरी की मोटर साइकिल एवं दोनों आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटर साइकिल कीमत 1 लाख 10 हजार रु को बरामद किया। फरियादी सुल्तानसिंह पिता शिवसिंह सौंधिया निवासी ग्राम करनपुरा थाना कोतवाली राजगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मोटर साइकिल ग्राम करेड़ी स्थित शराब के ठेके के सामने से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा ली। इस पर अपराध क्रमांक 283/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार फरियादी राधेश्याम पिता रंगलाल तंवर निवासी ग्राम कांसी की मोटर साइकिल कलेक्ट्रेड के सामने से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। साथ ही एक अन्य फरियादी हरिशंकर पिता रामरंजन शर्मा निवासी हेडगेवार कॉलोनी राजगढ़ की मोटर साइकिल को उसके किराए के मकान के सामने हेडगेवार कॉलोनी से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। तीनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच की। जांच के दौरान आरोपियों को चिन्हित कर हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा तीनों चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया जिसके उपरांत पुलिस ने चोरी की तीनों मोटर साइकिल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद कर आरोपी सुनील पिता देवसिंह वर्मा 21 वर्ष, निवासी ग्राम दलेलपुरा थाना कोतवाली राजगढ़, सुरेश पिता रोडसिंह तंवर 30 वर्ष निवासी ग्राम दलेलपुरा थाना कोतवाली राजगढ़ को गिरफ्तार किया।


# दैनिक अवन्तिका

## अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजुरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**


### अमरकोट गढ़ में कथित तंत्र-मंत्र का मामला गरमाया, एसपी से शिकायत

# सोना दबा है कहकर बच्चे से खुदवाई जमीन, तांत्रिक क्रिया के आरोप

### लाल कपड़ों में व्यक्ति पढ़ता रहा मंत्र, डरकर जंगल से भागा मासूम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

कथित तंत्र-मंत्र और गुप्त धन निकालने से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोयतकला थाना क्षेत्र स्थित ग्राम गुराड़ी बंगला के एक 8 वर्षीय बालक को अमरकोट गढ़ ले जाकर तांत्रिक क्रियाएं करने और जमीन खुदवाने के आरोप के बाद क्षेत्र में भय और चर्चा का माहौल बन गया है। मामले को लेकर मंगलवार को पीड़ित परिवार आगर पहुंचा और पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।



परिजनों द्वारा पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार 14 मई की सुबह गांव के दो युवक बालक को मोटरसाइकिल पर बैठाकर अमरकोट गढ़ की ओर ले गए थे। परिवार को शुरूआत में इस बात की जानकारी नहीं थी कि बच्चे को कहां और किस उद्देश्य से ले जाया जा रहा है। काफी देर तक बच्चा वापस नहीं लौटा तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। बाद में जब बालक घर पहुंचा तो उसने जो आपबीती सुनाई, उसे सुनकर परिवार के लोग सहम गए।

बालक ने बताया कि अमरकोट गढ़ पहुंचने पर वहां पहले से कुछ लोग मौजूद थे और जमीन खोदने का काम चल रहा था। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने बच्चे से कहा कि जमीन के नीचे सोना-चांदी और गड़ा हुआ धन दबा है। जिसे निकालने के लिए खुदाई करनी होगी। इसी दौरान लाल कुर्ता और लाल पायजामा पहने एक व्यक्ति, जिसके हाथ में चिमटा था, बच्चे के पास आया और उसके ऊपर मंत्र पढ़ने लगा। बच्चे के अनुसार वहां का माहौल बेहद डरावना था और सभी लोग अजीब तरह की बातें कर रहे थे। घबराया बालक मौका मिलते ही वहां से भाग निकला और जंगल के रास्ते छिपते हुए किसी तरह अपने घर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद उसने पूरी घटना अपने दादा और मामा को बताई। घटना सुनने के बाद परिवार में डर और आक्रोश का माहौल बन गया। परिजनों का कहना है कि यदि बच्चा साहस नहीं दिखाता और वहां से भागकर नहीं आता तो उसके साथ कोई गंभीर अनहोनी हो सकती थी। मामले की जानकारी गांव में फैलते ही लोगों में भी भय का वातावरण बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि अमरकोट गढ़ क्षेत्र को लेकर पहले भी तरह-तरह की चचाएं होती रही हैं। लेकिन इस तरह नाबालिग को कथित तांत्रिक क्रियाओं में शामिल करने का मामला बेहद गंभीर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने पीड़ित पक्ष को मामले में उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वहीं सोयतकलां थाना पुलिस को पूरे मामले की जांच कर संबंधित लोगों से पूछताछ के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि अमरकोट गढ़ में आखिर किस उद्देश्य से खुदाई और कथित तंत्र-मंत्र की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं।

### पार्षद प्रतिनिधि ने ट्रक ड्राइवर पर फेंकी चप्पल

# देवास में जल संकट से परेशान महिलाओं का चक्काजाम, वाहन निकालने पर हुआ विवाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास के आवास नगर में पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं ने बुधवार को मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक चालक ने जाम के बीच से अपना वाहन निकालने की कोशिश की, जिस पर विवाद खड़ा हो गया। मौके पर मौजूद पार्षद प्रतिनिधि राज वर्मा ने गुस्से में आकर ट्रक ड्राइवर पर चप्पल फेंक दी। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया और मामले को शांत कराया।



क्षेत्र में नियमित पानी नहीं आने और कम समय के लिए नल खुलने से महिलाएं खासी नाराज थीं। परेशान होकर वे सड़क पर उतर आईं और मुख्य मार्ग पर लाइन लगाकर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी। महिलाओं ने सड़क पर करीब 15 से 20 मिनट तक नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व पार्षद प्रत्याशी उषा अग्रवाल भी महिलाओं के साथ धरने पर मौजूद थीं। चक्काजाम के दौरान पार्षद प्रतिनिधि राज वर्मा और उषा अग्रवाल के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली। विवाद के दौरान राज वर्मा ने सीधा आरोप लगाया कि उषा अग्रवाल के घर में पानी के दो नल कनेक्शन मौजूद हैं।

#### समझाइश के बाद खत्म हुआ प्रदर्शन

रहवासियों का आरोप था कि क्षेत्र में जल संकट को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की लंबी समझाइश के बाद महिलाओं ने अपना चक्काजाम समाप्त किया।

#### चर्चा कर जल्द समाधान निकालेंगे

प्रदर्शन खत्म होने के बाद पार्षद प्रतिनिधि राज वर्मा ने बताया कि पानी की गंभीर समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई है। उन्होंने रहवासियों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस जल संकट का स्थायी समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

## नगर विकास को मिली रफ्तार, विभिन्न कार्यों हेतु 20 लाख रुपये स्वीकृत

**सुसनेर।** नगर के विभिन्न विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों द्वारा करीब 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से नगर में सड़क, सामुदायिक भवन एवं धार्मिक स्थलों के विकास कार्य कराए जाएंगे। जानकारी के अनुसार कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर विकास को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्रों में आवश्यक निर्माण कार्यों के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजनसिंह ने बताया कि सुसनेर क्षेत्र के विधायक भेरो सिंह बापू द्वारा अपनी विधायक निधि से कई महत्वपूर्ण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। नगर के शीतला माता मंदिर एवं बगड़ावत धाम मंदिर परिसर में विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। इससे मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा तथा आवश्यक निर्माण कार्य संपन्न होंगे। इसके अलावा नगर की जामा मस्जिद तक पहुंच मार्ग को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पांच फिट रोड निर्माण कार्य हेतु 7 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। राशि स्वीकृत होने के बाद अब जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं वार्ड क्रमांक 10 में राजेंद्र बजाज के मकान से सुभाष पंडित के मकान तक सीसी रोड निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। सड़क निर्माण होने से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के समय होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी।




## विद्यार्थियों को दी प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी प्रथम चरण में महाविद्यालय में जीरो पेंडेंसी

**शुजालपुर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर द्वारा संचालित कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के शिक्षकों ने दीप्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल एवं स्कॉलर्स हायर सेकेंडरी स्कूल शुजालपुर का दौरा कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। अभियान के दौरान पंकज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रवेश एवं छात्रवृत्ति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण में महाविद्यालय में जीरो पेंडेंसी की स्थिति है तथा किसी भी विद्यार्थी का आवेदन लंबित नहीं है। प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि प्रथम चरण में महाविद्यालय के लगभग सभी विषयों के लिए विद्यार्थियों द्वारा आवेदन किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह जानकारी हेल्प डेस्क के माध्यम से प्राप्त हुई है। साथ ही उन्होंने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए 1 मई से 15 मई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। महाविद्यालय की टीम ने विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देने के साथ उच्च शिक्षा प्रवेश कैलेंडर भी वितरित किए। इस दौरान डॉ. योगेंद्र लववंशी, रोड सिंह मालवीय एवं डॉ. सुनील कुमार मित्तल उपस्थित रहे। डॉ. मित्तल ने विद्यार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी भी दी। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार कॉलेज चलो अभियान के तहत शुजालपुर एवं आसपास के सभी हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया एवं उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## बच्चों का धार्मिक एवं संस्कार शिविर संपन्न

**महिदपुर।** पूज्य आचार्य श्री उमेश मुनि जी म.सा. की सुशिष्या एवं पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनिजी म.सा.की आज्ञानुवर्तनी, संयम रुचिका,पूज्य महासती श्री संयम प्रभाजी म.सा. आदि ठाणा 12 की शुभ निश्राय में बालक- बालिकाओं का धार्मिक एवं संस्कार शिविर स्थानीय स्थानक भवन में संपन्न हुआ। शिविर समापन के अवसर पर पूज्य महासती श्री संयम प्रभाजी म.सा.ने एक धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज वर्तमान समय में केरियर बनाने के लिए सभी बच्चे उत्साहित रहते हैं, किंतु कैरेक्टर अच्छा बनाने के लिए बहुत कम बच्चे उत्साहित रहते हैं । इसका कारण है कि जैनत्व के संस्कार के बीजारोपण के लिए अभिभावकों के पास समय नहीं है। वर्तमान समय की सामाजिक स्थिति को देखते हुए बच्चों में सुसंस्कार का निर्माण बहुत जरूरी है। इस शिविर में 5 वर्ष से 15 वर्ष तक के 35 बालक- बालिकाओं ने पांच दिवस तक ज्ञान प्राप्त किया। बच्चों को स्वल्पाहार पैकेट एवं शीतल पेय बसंतीलालजी बुरड़ परिवार एवं ललितजी मेहता परिवार द्वारा प्रदान किए गये। धर्म सभा का संचालन विमल बुरड़ ने किया तथा धर्म सभा की प्रभावना ललित राजमल जी मेहता परिवार द्वारा वितरित की गई। उक्त जानकारी अरुण बुरड़ ने दी।

### अंग्रेजी साहित्य में भविष्य की संभावनाओं पर हुआ विस्तार व्याख्यान

# अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के आईक्यूएसी एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को अंग्रेजी साहित्य में भविष्य की संभावनाएँ एवं अवसर विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में स्व. राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय कालापीपल के असिस्टेंट प्रोफेसर संजय कुमार सोलंकी विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के बाद शिक्षण,शोध, पत्रकारिता, कंटेंट राइटिंग, प्रकाशन, अनुवाद, मीडिया, जनसंपर्क एवं सिविल सेवा जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। प्रो.सोलंकी ने कहा कि अंग्रेजी साहित्य विद्यार्थियों में संचार कौशल, रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच एवं आत्मविश्वास का विकास करता है, जिसकी वर्तमान व्यावसायिक क्षेत्र में अत्यधिक मांग है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशल विकास पर ध्यान देने तथा भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर मोना जाटव एवं असिस्टेंट प्रोफेसर अंकिता वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने व्याख्यान में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने करियर से जुड़े विभिन्न प्रश्न भी पूछे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.के.शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों के ज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें अपने भविष्य के प्रति जागरूक और प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में एमए एवं बीए अंग्रेजी साहित्य के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### छत पर सोते समय हुई घटना

## सोते समय सांप काटने से दो सगी बहनों की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

कानवन थाना क्षेत्र के इंद्रावल गांव में मंगलवार रात सांप काटने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। गर्मी के कारण दोनों बहनें घर की छत पर सो रही थीं। बुधवार सुबह उन्हें सिविल अस्पताल बदनावर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान वेदिका (7) और योगिता (10) के रूप में हुई है, जो महेश चौधरी की बेटियां थीं। सूचना मिलने पर बदनावर पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चलेगा। मामले में आगे की कार्रवाई कानवन पुलिस की ओर की जाएगी। तहसीलदार सुरेश नागर ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन कमांक-03 का उत्तरी दिशा भाग कालिदास मार्ग गली नंबर 16 फ्रीगंज उज्जैन में स्थित है जिसके पूर्व में मकान राधेलाल सिंधी, पश्चिम में गली कालिदास मार्ग नंबर-16, उत्तर में गली 10 फीट कॉमन तथा दक्षिण में इसी भवन का भाग श्रीमती सुमति आप्टे का मिला हैं। यह भवन मेरे पक्षकार द्वारा भवनस्वामी कौस्तुभ भारदे पिता स्वर्गीय री कमलाकरजी भारदे निवासी 337 प्रीमियम पार्क इन्दौर से कय करने का अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया हैं। शेष विक्रय मूल्य का भुगतान कर अनुबंधित भवन का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में होना शेष हैं। इस कारण कोई भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक निकाय का उक्त भवन पर कोई देय मतालबा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात 07 दिवस में अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें ताकि उसका निराकरण किया जा सके । अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र का पंजीयन अपने हित में करा लेवेंगे उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी मेरे पक्षकार पर बंधनकारक भी नहीं रहेगी । सूचित हो । दिनांक 20.05.2026

**सत्यनारायण हंस एडव्होकेट,**
**104, कल्पतरू टॉवर, माधवनगर सिविल अस्पताल के सामने फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नंबर 98273-07989**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी रंजीत प्रजापत पिता श्री कैलाश चंद्र जी प्रजापत, निवासी- 1/2, यंत्र महल मार्ग, नीलगंगा, उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 47/1 रकबा 1.160 हेक्टर भूमि, ग्राम- सोडग तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभाव शून्य रहेगी। सो सूचित हो।

इतिः दिनांक-20/05/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-D-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मोबाईल नम्बर - 94248 78460**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी 1- बहादुरसिंह पिता रामसिंह, 2-रामसिंह पिता रूगनाथ जी, 3- मांगीलाल पिता रामसिंह, 4-श्रीमती सीमा पति भंवरसिंह पुत्री रामसिंह, निवासीगण - ग्राम पगारा तहसील नागदा जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 300 रकबा 1.43 हैक्टर भूमि ग्राम पगारा तहसील उन्हैल जिला उज्जैन में स्थित है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध का संपादन कर लिया है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध या विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक :- 20-05-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - सीएफ-7, भरतपुरी**
**शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**



## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी Sammaan Capital Limited (Formerly Known as Indiabulls Housing Finance Ltd.) के समक्ष प्रेमचंद रायकवार पिता श्री धन्नालाल जी रायकवार निवासी-14/1 कालिदास मार्ग, गली नंबर 05, कंचनपुरा, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक 14/1 कालिदास मार्ग, गली नंबर 05, कंचनपुरा, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 32.82 वर्गमीटर जिसके पूर्व में-गली, पश्चिम में-राघवेंद्र शर्मा का मकान , उत्तर में-छोटेलाल का मकान एवं दक्षिण में रूपनारायण दुबेजी का मकान है, को बंधक कर ऋण सुविधा की मांग की है उक्त संपत्ति को श्रीमती किराणबाई बोड़के पति श्री प्रकाशचंद जी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 3120 दिनांक 20.02.1992 के द्वारा इसके पूर्वस्वमी सिद्धार्थ पिता श्री परसराम जी शेन्द्रे को विक्रय किया था तत्पश्चात श्री सिद्धार्थ पिता श्री परसराम जी शेन्द्रे द्वारा उक्त भवन को पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 213 दिनांक 28.04.2014 के द्वारा श्री प्रेमचंद रायकवार पिता श्री धन्नालाल जी रायकवार को विक्रय किया गया तथा उनके द्वारा अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में दर्ज करवा लिया गया है, यदि उक्त भवन पर किसी भी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो या किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोई वाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हो तथा यदि उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबधं में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, को कोई आपत्ति हो अथवा शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को Sammaan Capital Limited (Formerly Known as Indiabulls Housing Finance Ltd.) द्वारा बधंक कर लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो । दिनांकः-20.05.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर-9827228461**

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में शाजापुर में मेडिकल स्टोर रहे बंद

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

ई-फार्मेसी (ऑनलाइन दवा बिक्री) कंपनियों की मनमानी और भारी छूट के कारण संकट में आए छोटे दवा व्यापारियों के अस्तित्व को बचाने के लिए बुधवार को शाजापुर जिले के केमिस्ट लामबंद हो गए। ई-फार्मेसी के बढ़ते चलन और इससे जनस्वास्थ्य को होने वाले खतरों के विरोध में शाजापुर जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इस दौरान जिलेभर के मेडिकल स्टोर पूर्णतः बंद रहे, जिससे शहर में दवाइयों का कारोबार तरह थमा रहा। हालांकि निजी अस्पतालों के मेडिकल और जन औषधि केंद्र खुले रहे। बुधवार को हड़ताल के दौरान दवा व्यापारियों ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक मार्च किया और एसडीएम मनीषा वास्कले को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित




एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से दवा व्यापारियों ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि इंटरनेट के जरिए बिना किसी वैध चिकित्सकीय पर्चे के दवाइयों की धड़ल्ले से बिक्री और होम डिलीवरी हो रही है। एसोसिएशन का स्पष्ट कहना है कि दवाइयों की इस तरह अनियंत्रित डिलीवरी से जनस्वास्थ्य पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। इससे नशीली या साइड-इफेक्ट वाली दवाइयों के गलत इस्तेमाल की आशंका बनी रहती है। दवा विक्रेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स द्वारा ग्राहकों को लुभाने के लिए भारी छूट (डीप डिस्काउंटिंग) दी जा रही है। इन बड़ी कंपनियों की इस प्रीडेटरी प्राइसिंग नीति के कारण स्थानीय, छोटे और लाइसेंसधारी केमिस्टों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### कानून में प्रावधान नहीं, फिर भी हो रही बिक्री

केमिस्ट एसोसिएशन ने कानूनी खामियों का हवाला देते हुए बताया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 और नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री को लेकर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद कई ऑनलाइन कंपनियां लंबे समय से अवैध रूप से दवाओं की बिक्री कर रही हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि ऑनलाइन कंपनियों की डीप डिस्काउंटिंग और प्रीडेटरी प्राइसिंग नीति पर तुरंत रोक लगाई जाए, बिना सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवा बिक्री और होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। शाजापुर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंदल ने बताया कि यह एक दिवसीय हड़ताल ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स और मध्यप्रदेश केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के प्रांतीय आह्वान पर आयोजित की गई थी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार छोटे व्यापारियों के हितों की अनदेखी करती है, तो आगामी समय में संगठन कड़े कदम उठाने को विवश होगा।

## इंदौर हाईकोर्ट में वायरल गर्ल की याचिका- कहा- उसे नाबालिग दिखाने बदला बर्थ सर्टिफिकेट

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की वायरल गर्ल ने खुद को बालिग साबित करने के लिए हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में याचिका लगाई है। याचिका में दावा किया गया है कि उनके विवाह को अपराध की श्रेणी में डालने के लिए सरकारी जन्म प्रमाण पत्र में फर्जी तरीके से बदलाव कर उसे नाबालिग दिखाने की कोशिश की गई। उन्होंने कोर्ट से अपना मूल जन्म प्रमाण पत्र बहाल करने और सरकारी रिकॉर्ड में कथित छेड़छाड़ की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। याचिका के अनुसार, केरल में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उनकी मुलाकात फरमान नामक युवक से हुई थी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और मार्च 2026 में उन्होंने विवाह कर लिया था। खरगोन जिले की रहने वाली वायरल गर्ल पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों के कारण चर्चा में आई थीं। मामला तब विवादों में आया, जब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस विवाह पर आपत्ति जताई। आयोग का दावा था कि शादी के समय वायरल गर्ल की उम्र महज 16 वर्ष थी और विवाह के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। इसके बाद खरगोन पुलिस ने फरमान के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। हालांकि, 20 अप्रैल 2026 को केरल हाईकोर्ट ने फरमान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। अब इस मामले की कानूनी लड़ाई मध्यप्रदेश हाई कोर्ट पहुंच गई है। वायरल गर्ल और फरमान द्वारा दायर संयुक्त याचिका में दावा किया गया है कि इस अंतरधार्मिक विवाह का विरोध करने के लिए उनके पिता ने जन्म रिकॉर्ड में हेरफेर कर उन्हें नाबालिग साबित करने की कोशिश की। मूल जन्म प्रमाण पत्र को बिना किसी नोटिस या कानूनी प्रक्रिया के सरकारी पोर्टल से हटा दिया गया और उसकी जगह गलत जन्मतिथि दर्ज कर दी गई। याचिका में यह भी कहा है कि उनके पिता और कुछ अन्य लोगों ने इंटरनेट मीडिया पर फरमान के खिलाफ भड़काऊ और द्वेषपूर्ण प्रचार किया। व्यक्तिगत विवाह को जानबूझकर लव जिहाद जैसे संवेदनशील शब्दों से जोड़कर सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गई, ताकि सामाजिक माहौल प्रभावित हो सके। अंतरधार्मिक विवाह, सरकारी दस्तावेजों में कथित हेरफेर और सोशल मीडिया पर बढ़ते विवाद के कारण मामला संवेदनशील बना हुआ है। इंदौर खंडपीठ में इस याचिका पर जल्द सुनवाई होने की संभावना है।

## ऑनलाइन दवा विक्रय के विरोध में बंद रहे मेडीकल स्टोर

**शुजालपुर।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आव्हान पर बुधवार को क्षेत्र की दवा दुकाने बंद रही। बता दे इस संगठन द्वारा ऑनलाइन दवा बिक्री पर नियंत्रण बडी कंपनियों के भारी छूट पर रोक, नकली दवा पर कार्यवाही की मांग की जा रही है। इसी के चलते शुजालपुर सिटी व मंडी सहित अंचलों में स्थित दवा विक्रेताओं ने अपने निजी मेडीकल स्टोर बंद रखे। हालांकि अपातकालीन सेवाओं के लिए निजी चिकित्सालयों में स्थित मेडीकल स्टोर का कामकाज सुचारू रहा। साथ ही शासकीय अस्पतालों में भी दवा वितरण केन्द्र जारी रहे। हड़ताल में शामिल हुए दवा विक्रेताओं का कहना है कि ऑनलाइन रूप से मंगाई जाने वाली दवाओं की प्रमाणिकता सही नहीं होती है, साथ ही इस तरह की दवाएं बिना चिकित्सक के परामर्श से भी मंगाई जा सकती है जो कि मरीज के लिए नुकसान दायक भी हो सकती है।

## रेलवे कॉलोनी में हुई चोरी का खुलासा,दो शातिर गिरफ्तार

**शाजापुर।** शहर की रेलवे कॉलोनी में दो महीने पहले हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में धार जिले के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की एक बाइक और सोने का मंगलसूत्र सहित कुल 1 लाख 30 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एसपी यशपाल सिंह राजपूत, एएसपी घनश्याम मालवीय और एसडीओपी अजय मिश्रा के निर्देश पर संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने 17-18 मई की दरमियानी रात कॉम्बिंग गश्त के दौरान धार-टांडा क्षेत्र के दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने रेलवे कॉलोनी में चोरी की वारदात करना कबूल कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अविन उर्फ अरविंद अलावा 20 वर्ष पिता बहादुर सिंह अलावा निवासी ग्राम गदरावद और रवि 22 पिता जवर सिंह मावड़ा निवासी ग्राम काकंडकुआ दोनों तहसील कुक्षी, जिला धार के रूप में हुई है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने 27 मार्च को रेलवे कॉलोनी निवासी महेंद्र आर्य और महेश कुमार चौधरी के सूने मकानों को निशाना बनाया था।

## राजीव गांधी की पूण्य तिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आज

**शुजालपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की पुण्यतिथि 21 मई गुरुवार को प्रातः 9 बजे पंडित लीलाधर जोशी समाधि स्थल तपोवन पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड ने समस्त कांग्रेस नेतागणों, पदाधिकारी, संगठन प्रकोष्ठों के अध्यक्षों, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों सहित कार्यकर्ताओं से पुष्पांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

## आग बुझाने की विधियों को समझाया

**शुजालपुर।** सिविल हॉस्पिटल शुजालपुर मण्डी में डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में एक दिवसीय अग्नि आपदा प्रबंधन डेमोस्ट्रेशन, मॉकड्रील का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में आपदा प्रबंधन कानून 2005 के विषय पर चर्चा की गई। साथ ही प्लाटून कमाण्डर होमगार्ड नम्रता सरावत द्वारा फायर सेफ्टी प्लान के तहत व्याख्यान एवं डेमोस्ट्रेशन दिए गए, उक्त डेमोस्ट्रेशन में एसडीईआरएफ टीम शाजापुर के द्वारा अग्निशमन संबंधित मॉकड्रील की गई। फायर दुर्घटना से बचाव संबंधित इक्यूपमेंट की प्रदर्शनी भी चिकित्सालय परिसर में लगाई गई।

# ग्राम पिपलोदा में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने शिकायत की

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

जिले की गुलाना तहसील के ग्राम पिपलोदा इस्माईल में शासकीय भूमि पर कथित तौर पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन देकर जांच और कार्रवाई की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा किया जा रहा है और पूर्व में शिकायत करने के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। कलेक्टर को सौंपे गए शिकायत पत्र के अनुसार, ग्राम पिपलोदा (ई.) में सर्वे नंबर 701 की शासकीय भूमि मुख्य सड़क से लगी हुई है। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में गांव के ही प्रह्लाद सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा है कि इस जमीन के एक हिस्से पर कथित तौर पर उनके द्वारा पहले ही मकान बना लिया गया है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि अब शेष बची हुई जमीन पर भी मुरम डालकर तार फेंसिंग कर ली गई है। शिकायत में बताया गया है कि तार फेंसिंग के कारण रास्ते पर लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों का दावा- पूर्व में भी कर चुके हैं शिकायत

शिकायतकर्ताओं का दावा है कि इस कथित अवैध कब्जे के संबंध में पूर्व में भी कई बार शाजापुर जिला मुख्यालय और तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत और पंचगणों की सहमति का हवाला देते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि उक्त भूमि की जांच कर वहां से कथित



अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए। साथ ही आग्रह किया है कि अतिक्रमण मुक्त होने के बाद उस शासकीय भूमि को संत सिंगाजी महाराज के मंदिर निर्माण के लिए आवंटित किया जाए।

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**गुना।** प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल की गुना इकाई ने विगत दो माह मार्च एवं अप्रैल से वेतन न मिलने से नाराज पटवारियों ने बुधवार तहसीलदार गुना को ज्ञापन सौंपकर तीन दिवस का सामूहिक अवकाश लेने की मांग की है। उक्त ज्ञापन में पटवारी संघ ने उल्लेख किया है कि विगत दो माह मार्च एवं अप्रैल हो चुके हैं और तीसरे माह मई की भी 20 तारीख हो चुकी है, परंतु कई बार सभी वरिष्ठ अधिकारियों से निवेदन करने के बाद भी आज दिनांक तक तहसील गुना के पटवारियों को वेतन प्राप्त नही हो सकी है।

# आवासीय प्रशिक्षण वर्ग 22-23 मई को

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत संपूर्ण राष्ट्र में चल रहे जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्गों की श्रृंखला में जिला गुना में भी दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 22 एवं 23 मई को आयोजित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संगठन महामंत्री अजय जामवाल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे एवं जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह राजपूत भी शामिल होंगे। मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मध्यप्रदेश से आए प्रमुख विषय वक्ताओं द्वारा कुल 12 सत्रों में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित उद्बोधन प्रदान किए जाएँगे, श्रेणी के कार्यकर्ता अनुशासित वातावरण में सहभागिता कर संगठनात्मक, वैचारिक एवं सामाजिक विषयों पर गहन मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कन्हैयालाल जायसवाल पिता सुखलाल जी जायसवाल निवासी-ए-3, ऋषि नगर, उज्जैन के द्वारा अपने पुत्र अमित जायसवाल पिता कन्हैयालाल एवं पुत्रवधु अंकिता पति अमित जायसवाल का व्यवहार मेरे प्रति ठीक नहीं है तथा इनके द्वारा किये गये कार्यों से मुझे सर्वथा शर्मिन्दा होना पड़ता है तथा विगत कई वर्षों से उक्त अमित जायसवाल एवं अंकिता जायसवा पृथक निवास कर रहा है तथा मेरे द्वारा मेरे पुत्र अमित जायसवाल एवं पुत्रवधु अंकिता जायसवाल को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पास कोई पैतृक संपत्ति नहीं है समस्त चल अचल संपत्ति मेरे द्वारा स्वअर्जित है। कोई भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था या निकाय मेरे पुत्र अमित जायसवाल एवं पुत्रवधु अंकिता जायसवाल से मेरी किसी चल अचल संपत्ति के संबंध में या मेरे नाम से किसी प्रकार का कोई सव्यंवहार या अंतरण न करे। यदि उक्त अमित जायसवाल एवं अंकिता जायसवाल से किस भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था या निकाय द्वारा कोई संव्यहार / अंतरण किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की रहेगी। सुचित हो।

इतिदिनांक-28.05.2026

**कन्हैयालाल जायसवाल पिता सुखलाल जी जायसवाल निवासी-ए-3, ऋषि नगर, उज्जैन मो. 9893148487**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता राहुल पिता हरिनारायण जाति कुमावत निवासी । कृषक ग्राम हात्याखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 180/1/2 रकबा 0.2000 हे., भूमि सर्वे क्र. 180/2 रकबा 0.4000 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 0.6000 हे. ग्राम हात्याखेडी तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी। सूचित हो ।

दिनांक- 20/05/2026

**लोकेन्द्र पटेल ( अभिभाषक )
161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन
मो. 7999800300**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्रीमती अनुपता शर्मा पति श्री संजय शर्मा निवासी-सी-37/7, ऋषिनगर एक्सटेंशन, कालिदास मोटसरी स्कुल, उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक भवन क्रमांक-ए-43 जो कि भूमि सर्वे नम्बर-68/2 का भाग होकर अभिलाषा कॉलोनी सेक्टर-ए, हामूखेड़ी, देवास रोड़, उज्जैन में स्थित है जिसका कूल क्षेत्रफल 156-25 वर्गमीटर है जिसकी पैमाईश में लम्बाई-उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम दोनों ओर 12. 50 मीटर चौड़ाई-पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण दोनो ओर 12.50 मीटर है तथा चर्तु:सीमा में पूर्व में भवन क्रमांक ए-44, पश्चिम में-भवन क्रमांक-ए-42 उत्तर में सड़क दक्षिण में खुली भूमि, इसी प्रकार भूखण्ड क्रमांक ए-43 से लगा हुआ दक्षिण वाला भूखण्ड जो कि भूमि सर्वे नम्बर 68/2 में का भाग होकर अभिलाषा कॉलोनी हामूखेड़ी, देवास रोड, उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 122-50 वर्गमीटर है जिसकी पैमाईश में लम्बाई-उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम दोनो ओर 9.80 मीटर चौड़ाई पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण दोनो ओर 12.50 मीटर है तथा चर्तु:सीमा में पूर्व में भवन क्रमांक ए-44 पश्चिम में-भवन क्रमांक-ए-42 उत्तर में भवन क्रमांक ए-43 दक्षिण में खुली भूमि है, को क्रय करने का अनुबंध किया है और आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप भी अदा कर दिया है तथा अब केवल उक्त भवन की शेष राशि अदा करके रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है। उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा। दिनांक 20.05.2026, उज्जैन

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन मो. 9425094349-9993079516**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गहु, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 179 रकबा 2.72 हेक्ट, में से 0.54 हेक्ट, की भूमि के संबंध में सागलराम पिता बगदीराम मृत तर्फे उत्तराधिकारी जितेन्द्र पिता सागलराम आदि के द्वारा तहसील कार्यालय में नामांतरण हेतु आवेदनपत्र अंतर्गत धारा 109, 110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता का प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में विचाराधीन है, जो प्रकरण कमांक 2465अ 6/25-26 पर सालगराम पिता बगदीराम मृत तर्फे उत्तराधिकारी जितेन्द्र पिता सालगरांग आदि विरुध्द अनोखीलाल पिता बगदीराम गृत तर्फे वारिसान ममता पति अनोखीलाल आदि के नाम से पंजीबध्द है। उक्त प्रकरण में ममता पति अनोखीलाल, विनोद पिता अनोखीलाल, बच्चु पिता अनोखीलाल, निवासीगण ग्राम पेटलावद रोड, तहसील बदनावर, जिला धार को भी पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। ऐसी स्थिति में यदि उक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी पक्ष को किसी प्रकार की कोई दावा, आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से प्रकरण में नियत दिनांक 01-06-2026 को या उक्त दिवस पर अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर तहसील कार्यालय महिदपुर में उपस्थित होकर मय प्रमाण एवं दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त अवधी के अवसान के पश्चात उक्त वर्णित भूमि पर आवेदकगण का नामांतरण प्रमाणित कर दिया जावेगा तथा पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा, आपत्तियां मान्य नही की जावेगी, इति सूचित हो।

**हस्ताक्षर / पद मुद्रा
तहसीलदार, तहसील महिदपुर,
जिला उज्जैन, म.प्र.**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने रणजीत सिंह परमार पिता सेवाराम जी परमार, निवासी ग्राम चंदेसरा, तहसील व जिला उज्जैन से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की राजस्व अभिलेख में दर्ज कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 103/3 रकबा 0.2810 हेक्टेयर में की 0.0300 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम चंदेसरा, तहसील व जिला उज्जैन, को क्रय करने का सौदा कर आंशिक प्रतिफल राशि अदा कर दी है, शेष प्रतिफल राशि अदा कर विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन कराना शेष है। उक्त वर्णित कृषि भूमि में किसी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार हो, भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था या बैंक का कोई ऋण, भार बकाया हो, भूमि अन्यत्र कहीं रहन, बय, दान या विक्रय अनुबंधित की हुई हो और भूमि के विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लेखी प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा अवधि व्यतीत होने के बाद विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करा ली जायेगी और बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी और न ही मेरे पक्षकार के स्वत्व, हित व आधिपत्य को प्रभावित करेगी। सूचित हो। दिनांक 21/05/2026

**प्रमोद कुमार जैन एडवोकेट
4, महावीर नगर, सार्वेर रोड, उज्जैन
मोबाईल नं. 94068-86383**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी पार्वतीबाई आयु 55 वर्ष पति जुवारसिंहजी चावड़ा जाति राजपूत, निवासी ग्राम लोहारिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवम् आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 70/3 रकबा 0.17 हे0, 70/4 रकबा 0.07 हे0, 70/5 रकबा 0.08 हे., 71/2 रकबा 0.16 हे0, 108/2 रकबा 0.17 हे., 108/3 रकबा 0.18 हे., 117/2 रकबा 0.24 हे., 117/3 रकबा 0.23 हे0 कुल किता 08 कुल रकबा 1.30 हे. ग्राम लोहारिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है व भूमि स्वामी द्वारा एक विक्रय अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित किया है तथा शीघ्र ही भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी।

सूचित हो। दिनांक 20/05/2026

**सूर्यकुमार परमार, एडव्होकेट
39/20 मंगलम परिसर बड़नगर जिला उज्जैन,
मो. 9977060138**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता जानकीलाल पिता शिवनारायण जाति ब्राह्मण कृषक ग्राम नानुखेड़ा तहसील तराना जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम नानुखेड़ा तहसील तराना जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) मे स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 90/1 रकबा 1.80 हेक्टेयर कृषि भूमि में से पैकी रकबा 0.75 हेक्टेयर भूमि, इस प्रकार कुल सर्वे नं. 01 कुल रकबा 0.75 हेक्टेयर अक्षरी (पिचोंत्तर आरे) कृषि भूमि स्थित है। उपरोक्त कृषि भूमि का राजस्व रेकॉर्ड में विक्रेता का नाम दर्ज है, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का करार विक्रेता ने मेरे पक्षकार से कर विक्रय अनुबंध पत्र गवाहो के समक्ष संपादित किया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित मे संपादित करवाने जा रहे है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में किसी प्रकार का ऋण भर बोझ किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा शासन का उक्त भूमि पर बकाया हो तथा किसी प्रकार की हक्क स्वत, कब्जे संबन्धित किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो, तो इस जाहीर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावे। यह सूचित हो। दिनांक 20/05/2026

**एडव्होकेट प्रवेश जोशी
कार्यालय- कोर्ट परिसर के सामने तराना जिला उज्जैन
म.प्र मो. 9424879582**

## कुंऐ से सिंचाई पंप की चोरी से किसान परेशान

**पिपलिया मंडी।** जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत गांव खात्याखेड़ी निवासी भंवरलाल (फौजी) पिता चुनिया माली ने बताया कि मेरे कुएं से विगत 1 फरवरी 2026 को विद्युत सिंचाई पंप एवं 150 फीट केबल चोरी हो जाने पर स्थानीय पुलिस चौकी 2 फरवरी को में रिपोर्ट दर्ज कराई। अभी तक कोई संतोष परत कार्रवाई नहीं होने से पुनः 1718 में 2026 की रात मैं दूसरी लगे मोटर वह भी चोरी चली गई। पुणे रिपोर्ट दर्ज कराकर भंवर भाई ने पुलिस प्रशासन से मांग करी है कि ऐसा अभियान चलाकर ऐसे सामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

## एमडी फैक्ट्री मामले में फरार मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ थाना पुलिस ने ग्राम सुरजना गरोठ एमडी फैक्ट्री मामले के मुख्य सूत्रधार को गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि बीते 8 फरवरी को ग्राम सुरजना में अवैध एमडी फैक्ट्री पर दबिश दी थी। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस अब तक 5 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है, जबकि इसका मास्टरमाइंड होकमसिंह (29) पिता दुर्गासिंह सोंधिया राजपूत निवासी दसोरिया, थाना गरोठ लगातार फरार चल रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अब मुख्य आरोपी होकमसिंह को भी सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

## खेतों में पराली जलाने वाले 10 किसानों से वसूला जुर्माना

**मंदसौर।** जिले के सीतामऊ और सुवासरा क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद व पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर खेतों में गेहूं की नरवाई (पराली) जलाने वाले 10 किसानों पर राजस्व विभाग ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए 25 हजार रू. जुमार्ना वसूला है। आर्थिक दंड भुगतने वाले किसानों में ग्राम देवरिया विजय की पार्वती बाई व कीर्तिराज सिंह, रुणीजा के दुर्गाशंकर व सत्तार, बर्डिया की श्यामुबाई, चापाखेड़ी के शासकीय भूमि बटाईदार समरतसिंह, घसोई की कृष्णाकुंवर, कराड़िया की बगतबाई, गैलाना के सुरेशसिंह और कुंडला के दशरथ, बगदीराम व गोपाल (बटाईदार बालाराम) शामिल हैं। इन सभी पर ढाई-ढाइ हजार रू. का जुर्माना लगाया गया है।

## मीसा बंधु के प्लाट पर अवैध कब्जा हटाने के लिए

# पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी को एसपी चेम्बर के बाहर जमीन पर अनशन पर बैठना पडा

- एस पी ने लिया एक्शन
- लम्बे अर्से से मीसा बंधु लगा रहे थे थाने के चक्कर
- थाने में सुनवाई नहीं होने पर पूर्व मंत्री श्री कोठारी को दी जानकारी
- पांच दिन पूर्व एस पी से भी मिले थे पूर्व मंत्री
- कार्रवाई नहीं हुई तो आज दे दिया धरना
- टी आई को लगी फटकार और होगा एक्शन

## हुई एफआईआर और लगेंगे निराकरण शिविर



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम,

बुधवार को दोपहर में जैसे ही प्रदेश के गृहमंत्री पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चेंबर के बाहर जमीन पर बैठे वैसे ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। अब न केवल मीसाबंदी के प्लांट से अवैध कब्जा हटेगा, अपितु दीनदयाल नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव के खिलाफ प्रारंभिक जांच भी होगी। सबसे बड़ी बात तो यह कि अब सबका भला होगा जितने भी जमीन संबंधी मामले हैं उनका निराकरण पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 7 दिनों तक चलने वाले शिविर में होगा।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि भूमि संबंधी शिकायतों एवं विवादों के त्वरित निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 21 मई से 7 दिनों तक (रविवार को छोड़कर) विशेष शिविर लगाया जाएगा जिसमें भूमि संबंधी मामलों का निराकरण किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय रतलाम के सभागृह में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। जिले के समस्त थाना क्षेत्रों से फरियादी अपनी भूमि संबंधी शिकायतें एवं दस्तावेज लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच सकेंगे। शिविर के दौरान प्राप्त शिकायतों पर पुलिस अधिकारियों द्वारा संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण कर त्वरित वैधानिक कार्रवाई एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। साथ ही लंबित भूमि विवादों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि थाना डीडी नगर क्षेत्र अंतर्गत भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित प्रकरण में थाना डीडी नगर पर अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

फरियादी शरद पिता वसंत पुरोहित, उम्र 80 वर्ष निवासी सुभाष मार्ग धानमंडी रतलाम द्वारा थाना डीडी नगर पर सूचना दी गई कि डीडी नगर क्षेत्र में स्थित उनके स्वामित्व के प्लॉट क्रमांक 237 एवं 238, जिनकी वैध रजिस्ट्री एवं संबंधित दस्तावेज उनके पास उपलब्ध हैं, लेकिन आरोपी कमलेश टाक एवं राजेश टाक द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है।

फरियादी के अनुसार आरोपी उक्त प्लॉटों पर अपने वाहन खड़े करते हैं तथा विरोध करने पर विवाद एवं धमकी देते हैं। पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी द्वारा जमीन पर भेजने के बाद शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना डीडी नगर पर अपराध क्रमांक 339/2026 धारा 329(1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

प्रकरण में लापरवाही बरतने के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने एक्शन में आए। मामले में थाना प्रभारी के विरुद्ध प्राथमिक जांच प्रारंभ कर अनुशासनात्मक कार्र वाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

आमजन की शिकायतों पर समयबद्ध, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पिपलीया में घरेलु गैस एजेंसी खोलने की मांग को लेकर कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलीया मंडी



तहसील के मुख्य विकसित नगर पिपलीया में घरेलू गैस एजेंसी खोलने की मांग को लेकर बुधवार को प्रातः ९,३० बजे भक्ति और आस्था के पर्व विनायक चतुर्थी पर सब्जी मंडी स्थित श्री गणेश मंदिर से मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

इस मौके पर शर्मा ने कहा कि आज छोटे छोटे गांवों में गैस एजेंसियां है किन्तु दुर्भाग्य की बात है लगभग २० हजार की आबादी वाले इस नगर में गैस एजेंसी नही होने के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ रहा है।वर्तमान में नगर में एलपीजी गैस सिलेंडर प्रियल गैस एजेंसी नारायणगढ़ एवं भारत गैस के सिलेंडर मल्हारगढ़ से सप्लाई होरहे है, इसके अलावा निर्धारित शुल्क के अलावा सप्लाई के नाम से अतिरिक्त शुल्क का भार भी उपभोक्ताओं को वहन करना पड़ रहा है । अगर यह सुविधा नगर में ही स्थापित होजाती है उपभोक्ताओ को काफी सुविधा रहेगी। शर्मा ने बताया की तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा अगस्त २००८ में जनदर्शन यात्रा के दौरान गांधी चौराहे पर नगर में तहसील टप्पा कार्यालय खोले जाने की घोषणा की गई थी किन्तु १९ वर्ष बाद भी आज तक घोषणा पर अमल नही हुवा है।इस हेतु कई बार धरने,ज्ञापन आंदोलन भी किये गए।शर्मा ने यह भी कहा कि पिपलीया एक व्यावसायिक मंडी गए है किन्तु यहां सुविधाओं के नाम पर नाम मात्र की सुविधाए है।उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी खोले जाने की मांग को लेकर पहले दिन ७५६ लोगो ने हस्ताक्षर अभियान को अपना समर्थन देते हुवे हस्ताक्षर किए है।शर्मा ने यह भी बताया कि हस्ताक्षर के बाद जून माह में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद को सोपे जाकर नगर में शीघ्र से शीघ्र गेस एजेंसी खोले जाने की मांग की।

## मंदसौर मंडी प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, बिना अनुज्ञा पत्र गेहूं ले जा रहा वाहन पकड़ा




**मन्दसौर।** कृषि उपज मंडी समिति मंदसौर ने अवैध रूप से कृषि उपजों के परिवहन पर लगाम कसने के लिए अपनी निगरानी तेज कर दी है। मंडी सचिव लक्ष्मण सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में गठित मंडी निरीक्षण दल ने क्षेत्र में गश्त और चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोककर उसकी जांच की। जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी ०९ जीएफ २३७८ में भारी मात्रा में गेहूं लदा हुआ पाया गया, जिसके संबंध में चालक या मालिक द्वारा कोई भी वैध अनुज्ञा पत्र (परमिट) या आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। परिवहन नियमों के सीधे उल्लंघन का मामला पाए जाने पर मंडी प्रशासन की टीम ने मौके पर ही पंचनामा तैयार किया और कुल 173.55 क्विंटल गेहूं को नियमानुसार जब्त कर लिया। इस अवैध परिवहन पर कड़ा रुख अपनाते हुए मंडी नियमों के तहत पांच गुना मंडी शुल्क के रूप में 22 हजार 344 रुपये, निराश्रित शुल्क के रूप में 4 हजार 469 रुपये तथा समझौता शुल्क के रूप में 5 हजार रुपये आरोपित किए गए। इस तरह वाहन स्वामी से कुल 31 हजार 813 रुपये की राशि बतौर जुमार्ना वसूल कर राजकोष में जमा कराई गई। मंडी सचिव ने चेतावनी दी है कि बिना परमिट और टैक्स चोरी कर कृषि उपज का परिवहन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष की दादागिरी विंड एनर्जी पर सिक्योरिटी का ठेका दो नहीं तो कंपनी पर जड़ देंगे ताला

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



जनसुनवाई में कालूखेड़ा स्थित विंड एनर्जी प्रोजेक्ट द्वारा सुखेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सांसद सुधीर गुप्ता के करीबी बताने वाले रितेश जैन के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन कर कहा कि मंडल अध्यक्ष ने अपने राजनीतिक पद एवं रसूख का इस्तेमाल करते हुए कंपनी के सब स्टेशन में जबरन घुसकर अधिकारियों एवं इंजीनियर और सुरक्षा कर्मियों को खुली धमकी दी। कहा मुझे कम दो नहीं तो कंपनी में ताला लगेगा और तोड़फोड़ भी होगी ।

मंगलवार को सिक्योरिटी एजेंसी के मैनेजर पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी एवं बड़ी संख्या में उपस्थित सुरक्षा कर्मियों ने एकजुट होकर एसडीएम सुनील जायसवाल को ज्ञापन दिया ।इस दौरान नेता की तानाशाही नहीं चलेगी और दबंगई बंद करो ।जैसे नारे गूंजते रहे आश्चर्य है कि विरोध प्रदर्शन एवं शिकायत करने वाले सुखेड़ा मंडल अध्यक्ष रितेश जैन के फोटो वाले पोस्टर के साथ नारेबाजी की तो माहौल काफी गर्म हो गया। शिकायत में कहां की मंडल अध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ प्रतिबंधित क्षेत्र सब स्टेशन में घुस आए थे वहां कर्मचारियों को धमकाते हुए कहा कि यदि सिक्योरिटी इलेक्ट्रिक और मेंटेनेंस का कार्य उन्हें नहीं दिया गया तो वह सब स्टेशन पर ताला लगाकर काम बंद करवा देंगे। एजेंसी प्रबंधन के पास सभी घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। यह भी आरोप लगाया कि मंडल अध्यक्ष की सरपंच पत्नी चांदनी जैन का पंचायत लेटर हेड पर कंपनी को धमकी भरे पत्र भिजवा चुके हैं ।जैन द्वारा आए दिन भोपाल से फोन लगवाए जाते है अपने पद और रसूख के चलते आए दिन सांसद एवं मंत्रियों का नाम लेकर कर्मचारी और संचालकों को डराया वह धमकाया जाता है।

## बी बी ए और बी सी ए के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम देकर रॉयल कॉलेज का नाम रोशन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम




सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन द्वारा घोषित बीबीए (बीबीए) एवं बीसीए (बीसीए) तृतीय वर्ष के वार्षिक परीक्षा परिणामों में रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज (रॉयल कॉलेज) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। दोनों ही पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों ने शानदार अंक अर्जित कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

यह जानकारी देते हुए रॉयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन श्री प्रमोद गुगालिया ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं प्राध्यापक वर्ग को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि, "विद्यार्थियों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी प्रतिभा, निरंतर मेहनत तथा संस्थान के श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। संस्थान सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु सर्वोत्तम मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान की मेरिट सूची की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि बी.बी.ए. तृतीय वर्ष में कु. उम्मेहानी खामोशी पिता श्री शब्बीर हुसैन खामोशी ने 87.80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं कु. अल्जीना खान पिता श्री मोहम्मद अफजल खान ने 86.80 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय तथा कु. निशिता पाटीदार पिता श्री परमेश्वर पाटीदार ने 86.20 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है। इसी प्रकार बी.सी.ए. तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में कु. अशिका पांचाल ने 86.20प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, कु. दीप्ति कुशवाह ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा कु. प्रांजल शर्मा ने 82.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया है।

## स्व. आशा भोंसले, ताई को समर्पित गीतों की सध्या संपन्न

**नीमच।** शहर के गीत संगीत को समर्पित सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप नीमच द्वारा स्व. आशा भोंसले, ताई को समर्पित गीतों की सध्या संपन्न हुई अपने सदस्यों के पारिवारिक मिलन कार्यक्रम में स्थानीय रेस्टोरेंट में 17 मई रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें ग्रुप के सदस्यों ने गीतों के माध्यम से फिल्म संगीत जगत की आधुनिक चुलबुले गीतों की गायिका आशा ताई के गीतों को गाकर अपनी भावपूर्ण आदरंजलि दी । ग्रुप संयोजक महेश शर्मा, सहयोगी वीरेंद्र दुबे, सतीश पाटीदार, लोकेश सैनी ने मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर नमन किया द्य साथ स्व. आशा भोंसले के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित की ।

## नीमच जिले मे मेडिकल स्टोर रहे बंद, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच




देश मे अनियंत्रित और अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री से खुदरा व्यापारी संकट का सामना कर रहा हैद्य साथ ही इसका जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है द्य मध्य प्रदेश के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने अपने केमिस्ट साथियो के हितों की रक्षा के लिए 20 मई को व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया जिसका प्रभाव पूरे जिले में देखा गया और बंद पूर्णता सफल रहा।

संगठन के अध्यक्ष संजय किलेवाला, सचिव राकेश पटवा, कोषाध्यक्ष अजय तिवारी शाहिद जिले भर से सैकड़ो केमिस्ट साथी व्यापार व्यवसाय बंद कर कलेक्ट पहुंचे द्य रोटरी भवन से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे केमिस्ट साथियों ने केमिस्ट एकता जिंदाबाद के नारे बुलंद किये। आगे ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन और जिला केमिस्ट एसोसिएशन के ऑनलाइन दवा व्यापार के खिलाफ बंद संबंधी बैनर हाथों में लिए चल रहे थे द्य कलेक्ट्रेट मे जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर पराग जैन को ज्ञापन सोपा। जिसमें लिखी मांगों के ज्ञापन को संगठन के सचिव राकेश पटवा ने पढ़कर प्रस्तुत किया। ज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्र सरकार के समक्ष अपनी निम्न मांगों को रखते हुए लिखा कि, 20 मई 2026 को हमने अपनी सभी दवा दुकानें एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के रूप में बंद रखी हैं। यह कदम लंबे समय से संबंधित प्राधिकरणों से लगातार आग्रह करने के बावजूद इंटरनेट के माध्यम से हो रही अवैध दवा बिक्री पर कोई प्रभावी कार्यवाही न होने के विरोध स्वरूप उठाया गया है। देशभर के लाखों केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं में व्याप्त गहरे असंतोष के कारण, ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स मध्यप्रदेश राज्य केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर नीमच जिले के समस्त केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने संयुक्त एवं सर्वसम्मति से इस आंदोलन में भाग लिया है। इस ज्ञापन मे जनस्वास्थ्य एवं मरीजों की सुरक्षा से जुड़े अत्यंत गंभीर विषयों की ओर आकर्षित कर लिखा कि बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन, बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श के घर-घर दवा वितरण तथा अत्यधिक जैसी गतिविधियों करोड़ों मरीजों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं।

## न्यूज कालम



## दिवंगत प्रधान आरक्षक के परिवार को मिली 1.10 करोड़ की सहायता राशि

**मंदसौर ।** दिवंगत प्रधान आरक्षक शांतिलाल चौधरी के आश्रित परिवार को पुलिस सैलरी पैकेज (पीएसपी) योजना के तहत वित्तीय संबल प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि पुलिस विभाग में पदस्थ प्रधान आरक्षक शांतिलाल चौधरी का अक्टूबर 2025 में एक सड़क दुर्घटना के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान दुखद निधन हो गया था। पुलिस मुख्यालय भोपाल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, मध्य प्रदेश के पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ एक विशेष अनुबंध किया गया है, जिसके तहत ऑन-ड्यूटी या दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रितों को बड़ी राहत राशि दी जाती है। एसपी विनोद कुमार मीणा, एएसपी टी.एस. बघेल, पीएसपी योजना प्रभारी एएसआई (एम) विनोद आर्य, एसबीआई मुख्य शाखा के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपेंद्र रघुवंशी आदि उपस्थिति में दिवंगत प्रधान आरक्षक के पुत्र एवं पुत्री को १ करोड़ १० लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया।

## भोपाल प्रदेश कार्यालय पर होगा कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन



**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 22 मई सुबह 11 बजे भोपाल प्रदेश कार्यालय पर होगा आयोजित। उक्त जानकारी देते हुए मप्र असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस विभाग के प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह शक्तावत ने बताया कि असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 22 मई को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य रूप से मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं मप्र के कद्दावर नेता अजय सिंह राहुल भैया पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, पूर्व मंत्री प्रियवृत सिंह खींची के साथ-साथ भोपाल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं एवं कार्यकर्ता उपस्थित होंगे। इसके साथ-साथ असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के सभी प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों के साथ-साथ कई कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे! कार्यक्रम में विशेष तौर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता उदित राज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होंगे! कार्यक्रम में संगठन की आगामी कार्य योजना एवं उनके क्रियांवन के लिए उठाए जाने वाले मजबूत कदमों पर विशेष तौर पर चर्चा होगी! तत्पश्चात सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं का सहभोज होगा।

## सांसद गुप्ता कॉरपोरेट लॉ अमेंडमेंट बिल की परीक्षण समिति के अध्यक्ष बने



**मन्दसौर।** देश के कॉरपोरेट ढांचे को अधिक पारदर्शी, आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। इसी सिलसिले में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने च्कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 के गहन परीक्षण, समीक्षा और सुधारों के लिए एक 30 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया है। संसदीय राजनीति में अपनी गहरी आर्थिक और प्रशासनिक समझ के लिए पहचाने जाने वाले मंदसौर संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता को इस बेहद महत्वपूर्ण समिति का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस उच्च स्तरीय जेपीसी में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 9 सदस्य नामित हैं। यह समिति देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने, स्टार्टअप्स को मजबूत करने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए उद्योग जगत और विधि विशेषज्ञों से राय मशविरा कर अपनी रिपोर्ट संसद को सौंपेगी।

## ड्रग तस्करी के आरोपी शानू पठान को पिट-एनडीपीएस में जेल भेजा

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने क्षेत्र के कुख्यात और आदतन ड्रग तस्कर शानू उर्फ शाहनवाज (38) पिता जमील खान पठान निवासी नाटाराम को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ अत्यंत कड़े कानून स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।पुलिस द्वारा तैयार किए गए पुख्ता कानूनी प्रतिवेदन को जिला दण्डाधिकारी मंदसौर के माध्यम से उज्जैन कमिश्नर को भेजा गया था, जहाँ से आरोपी के खिलाफ औपचारिक निरोधात्मक आदेश जारी किए गए। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सीधे केंद्रीय जेल इंदौर दाखिल कर दिया है। एसपी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि अपराधियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आईसीजेएस पोर्टल के माध्यम से तस्करों के रिकॉर्ड को अपडेट किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत निर्मित डोजियर से खुलासा हुआ कि शातिर तस्कर शानू पठान पर कुल 6 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 5 मामले अकेले मंदसौर के अफजलपुर, सीतामऊ, सुवासरा और राजगढ़ जिले के ब्यावरा थाने में मादक पदार्थों की अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़े हैं।

## शनिदेव जन्मोत्सव पर नीमच की प्रभात फेरी अनुशासन का केंद्र रही

**नीमच।** देश भर के साथ क्षेत्र मे भी सूर्यपुत्र शनिदेव जन्मोत्सव मनाया गया द्य इस अवसर पर बाला कुंड बालाजी, श्री राम मंदिर प्रभात फेरी एवं देव मंडल सुंदरवधान में रिविणगढ़ में प्रयुक्त समिति के फेरियों का महाकुंभ आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 100 स्थानों से रामधुन एवं प्रभात फेरियां सहभागी बनी। मनीष चौधरी ने बताया कि इस महाकुंभ में मंशापूर्ण महादेव रणजीत हनुमान मंदिर व इंदिरा नगर नीमच में भी सहभागिता निभाई। "श्री जय राम जिया राम के जयघोष एवं धार्मिक भजनों के साथ सभी रामभक्त अनुशासित रूप से झूमते, नाचते और गाते हुए आगे बढ़ रहे थे। प्रभात फेरी में हिमाक्ष नामक बालक भगवान गोरखनाथ की वेशभूषा में आस्था का केंद्र रहा। नगर के विभिन्न स्थानों पर रामधुन में शामिल भक्तों का वर्षों स्थगित किया गया।



## राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नृत्योत्सव में डॉ. मेघा ने निभाई निर्णायक की भूमिका

**महिदपुर।** उज्जैन में आयोजित द्विदिवसीय कन्किनी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव 2026 में महिदपुर की डॉ. मेघा शर्मा जादौन को निर्णायक की भूमिका निभाने का अवसर मिला। यह आयोजन प्रतिभा संगीत कला संस्थान, उज्जैन द्वारा दिवंगत नृत्याचार्य पं. सुंदरलाल गंगानी एवं वरिष्ठ नृत्यगुरु पं. राजेंद्र गंगानी को समर्पित किया गया था। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस नृत्योत्सव में देशभर के विभिन्न शहरों से आए 110 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया गया था। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें 3 वर्ष से लेकर 72 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डॉ. मेघा शर्मा जादौन ने बताया कि सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुति और तैयारी अत्यंत उत्कृष्ट थी, जिससे निर्णायक के रूप में चयन करना काफी चुनौतीपूर्ण रहा। आयोजन के दौरान संस्था की निर्देशक प्रतिभा ऐलची, वरिष्ठ गुरु पद्मजा रघुवंशी एवं डॉ. रौनक ऐलची को सफल एवं सुंदर आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। वही आयोजन में डॉ मेघा को भी सम्मनित किया।

## स्वच्छ पेयजल हेतु नपाध्यक्ष द्वारा फिल्टर प्लांट का निरीक्षण



**खाचरौद।** नगर को प्रतिदिन साफ एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा भीषण गर्मी में प्रतिदिन नगरवासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो इस हेतु नगर पालिका परिषद निरंतर प्रयासरत हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा द्वारा सतत फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया जाता हैं, हाल ही मे अध्यक्ष भरावा द्वारा नायन फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण नपा उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ किया तथा नगर में सप्लाय होने वाले पेयजल की गुणवत्ता देखी। साथ ही प्लांट पर तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नगर में साफ स्वच्छ पेयजल सप्लाय हो यह सुनिश्चित किया जावे। किसी भी स्थिति में गन्दा पानी नगर में सप्लाय नही हो इस हेतु कड़े निर्देश दिए। साथ ही वर्तमान में गिर रही भीषण गर्मी में नागरिको को प्रतिदिन पर्याप्त जल उपलब्ध हो यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये लापरवाही पर कठोर कार्यवाही करने की भी हिदायत दी।इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद दशरथ वाकतरिया, जल कार्य विभाग सभापति प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, पार्षद प्रतिनिधि बाबू नागर, चम्पालाल चौधरी सहित समस्त नायन प्लांट का स्टॉफ उपस्थित था।

**भैंस चोरों के पीछे 200 बाईकों के साथ युवाओं ने की घेराबंदी**

## गड़बड़ी में गोवंश से भरी पिकअप पलटी, ड्राइवर भगा, सर्तकता से मिली सफलता



**सारंगपुर।** पुलिस से मिली जानकारी अनुसार जगदीश नागर पिता बालाराम नागर सुल्तानिया की 4 भैंस चोरी हो गयी। ग्रामीणों ने एसडीओपी अरविंदसिंह को मामले की जानकारी दी। एसडीओपी सहित लीमाचौहान थाना प्रभारी गोविन्द मीणा, सारंगपुर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी और पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया की टीम ने रात में ही अलग अलग टीम के साथ पूरे क्षेत्र के हाइवे और प्रमुख मार्ग से संपर्क सड़को की नाकाबंदी करवा दी। ग्रामीण इलाकों में गांव गांव से 200 के करीब बाईक से युवकों ने छानबीन शुरू की। ओर फोन, मैसेज से आसपास के गांवों में सर्तक कर दिया ओर सभी ने जगह जगह सडकों पर पहरा देना शुरू किया नतीजतन घेरा बंदी के कारण चोर आसपास के क्षेत्र से निकलने के प्रयास के बाद रात 3 बजे भैंसे छोड़कर भाग गए। लेकिन इसी बीच घेराबंदी की हड़बड़ी में क्षेत्र से निकल रही गोवंश से भरी पिकअप ने जंगल का रास्ता पकड़ लिया और धामंदा रोजड़ की बल्डी पर अनियंत्रित होकर पलट गयी। मौके से ड्राइवर अन्य लोग अंधेरे का एडा उठाकर भाग निकले जिसमे एक गोवंश की मौत हो गयी। पीछा कर रहे ग्रामीणों ने बाकी तीन गायों को छोड़ दिया। अंदेशा हे कि कही जंगलों के रास्ते पिकअप में गोवंश भरकर तस्करी, गोकशी के लिए तो नहीं जा रही थी जो पलटते ही भाग गए, जो अब पुलिस जांच का विषय है। 20 दिन पहले भी सुल्तानिया गांव के किसानों के कुएं से पानी की विद्युत मोटरों को अज्ञात चोरों ने चुराई थी जिसका कोई पता नहीं चल पाया पचोर थाने में आवेदन देकर किसानों ने चोरों को पकडने की मांग की थी।

## बुधवार को बंद रहे सभी मेडिकल स्टोर्स

**महिदपुर रोड।** केमिस्ट एसोसिएशन की और से बुधवार को केमिस्ट एसोसिएशन के प्रस्तावित भारत बंद और हड़ताल के




आव्हान पर नगर के दवा कारोबारियों ने भी अपने-अपने मेडिकल स्टोर्स बंद रखकर हड़ताल को समर्थन दिया। नगर के मेडिकल स्टोर्स संचा लक राजेश कांठेड सचिन सेठिया राहुल कांठेड के अनुसार संगठन के वहां पर मेडिकल संचालकों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रस्तावित बंद में नगर के सभी 15 से अधिक मेडिकल संचालकों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर हड़ताल को समर्थन दिया।

फार्मर आईडी बिना खाद नहीं मिलेगा:

# सारंगपुर में 90907 भू-स्वामियों में से 38226 किसानों की हो चुकी है रजिस्ट्री

### ई-टोकन प्रणाली लागू, राजस्व कार्यालयों पर किसानों की भीड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



सरकार ने किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ई-टोकन प्रणाली लागू की है। इस प्रणाली के तहत किसानों को अपने खातों की केवाईसी करवाने के बाद फार्मर आईडी बनाना अनिवार्य है। फार्मर आईडी के बिना अब सोसाइटियों से खाद नहीं मिल पाएगा, जिसके कारण खरीफ की बुआई से पहले खाद प्राप्त करने के लिए किसान बडी संख्या में राजस्व कार्यालयों और ऑनलाइन सेंटरों पर पहुंच रहे हैं।

दरअसल सोसाइटियों से यह जानकारी मिलने के बाद कि बिना फार्मर आईडी के ई-टोकन प्रणाली से खाद नहीं मिलेगा, किसान फार्मर आईडी बनवाने में जुट गए हैं। सारंगपुर ई-गर्वनेंस सहायक प्रबंधक महेश राजपूत ने बताया कि शासन की ई-टोकन प्रणाली के तहत खाद लेने वाले किसानों के लिए सहित अन्य योजना के लाभ के लिए फार्मर आईडी बनाना अनिवार्य कर दिया गया है।

**किसानों के सामने नई समस्या**

किसान कांग्रेस के जिला सचिव कमल सिंह राणा ने कहा कि ई-टोकन प्रणाली लागू करके सरकार ने किसानों के लिए नई समस्या खडी कर दी है। उन्होंने यह भी कहा कि एक बीघा जमीन पर मात्र एक बोरी यूरिया मिलेगी, जो अपर्याप्त है, और ऊपर से फार्मर आईडी बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। श्रीराणा ने इस प्रणाली को अव्यवहारिक बताया। उन्होंने कहा कि खरीफ के सीजन में किसानों को खुले बाजार से मनमानी कीमतों पर यूरिया खाद खरीदना पडेगा।

**38226 किसानों की हो चुकी रजिस्ट्री**

किसान रजिस्ट्री के काम में तेजी लाने के प्रयासों के बीच तहसील वार आंकडों पर नजर डाले तो अभी बहुत काम होना है। इन आंकडों के मुताबिक, जिले की सभी तहसीलों में कुन भूस्वामियों के मुकाबले किसान रजिस्ट्री करने की रफ्तार में बडा अंतर देखा जा रहा है। जिलेभर की वर्तमान रिपोर्ट के अनुसार पचोर तहसील जिले में सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर बनी हुई है, जबकि राजगढ तहसील इस सूची में सबसे निचले पायदान पर है। ताजा आंकडों के विश्लेषण से पता चलता है कि सारंगपुर अनुविभाग की पचोर तहसील में कुल 83771 भूस्वामियों में से 44219 किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, जो कि कुल लक्ष्य का 52.78 फीसदी है। वहीं, दूसरे नंबर पर खिलचीपुर तहसील है। सारंगपुर तहसील की बात करें तो यहाँ कुल 90907 भूस्वामी दर्ज हैं, जिनमें से अब तक 38226 किसानों की ही रजिस्ट्री हो पाई है। सारंगपुर 42.04 फीसदी के साथ जिले में पांचवें स्थान पर बना हुआ है, जिसे गति देने की अभी और आवश्यकता है।

**तहसील वार पूरी स्थिति पर एक नजर**

- पचोर 83771 44219 52.78%
- खिलचीपुर 142719 65321 45.76%
- जीरापुर 131295 57736 43.97%
- नरसिंहगढ 13179 57684 43.76%
- सारंगपुर 90907 38226 42.04%
- खुजनेर 60644 24693 40.71%
- सुठालिया 68701 27737 40.37%
- ब्यावरा 91340 34668 37.95%
- राजगढ 89956 32946 36.62%

# नरेगा में कूप मंजूरी के नाम पर दिव्यांग से 30 हजार की धोखाधड़ी

### सरपंच पर आरोप, कलेक्टर से शिकायत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

जिले के सुसनेर विकासखंड में ग्रामीण विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार और एक गरीब दिव्यांग के



साथ छल-कपट का एक मामला सामने आया है। सुसनेर तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कायरा के सरपंच पर शासन की महत्वाकांक्षी नरेगा योजना के तहत कूप (कुआँ) स्वीकृत कराने के नाम पर एक दिव्यांग ग्रामीण से 30 हजार की मोटी रकम हड़पने का गंभीर आरोप लगा है। न्याय न मिलने से परेशान पीड़ित दिव्यांग ने अब जिला कलेक्टर महोदय के समक्ष उपस्थित होकर लिखित आवेदन सौंपते हुए कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

शिकायती आवेदन के अनुसार, ग्राम कायरा निवासी पीड़ित बालूसिंह पिता देवीसिंहजी सोंधिया जाति से सोंधिया हैं और शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। बालूसिंह ने अपने खेत में सिंचाई की व्यवस्था के लिए शासन की नरेगा योजना के तहत कूप निर्माण के लिए पंचायत में आवेदन किया था। आरोप है कि ग्राम पंचायत कायरा के सरपंच बलराम चौहान ने कूप निर्माण से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज और कागजात अपने पास रख लिए। इसके बाद सरपंच ने पीड़ित को झांसा दिया कि यदि उसे कुएँ की सरकारी मंजूरी चाहिए, तो ऊपर के अधिकारियों को देने के लिए 30,000 का खर्च आएगा। इसके बिना कुआँ स्वीकृत होना असंभव बताया गया।

**ब्याज पर कर्ज लेकर सरपंच को थमाए पैसे, गवाह भी मौजूद**

गरीब और दिव्यांग होने के कारण बालूसिंह के पास इतनी बड़ी रकम नहीं थी। लेकिन अपने खेत में कुएँ की आस और सरपंच के दबाव के आगे मजबूर होकर उन्होंने गाँव और आसपास के अन्य लोगों से ब्याज पर कर्ज लिया। पीड़ित ने जैसे-तैसे 30,000 की व्यवस्था की और करीब एक वर्ष पूर्व यह राशि सरपंच बलराम चौहान को सौंप दी। बालूसिंह का दावा है कि जब उन्होंने यह पैसे दिए, तब वहाँ गवाह के तौर पर तेजपाल (निवासी कायरा), कालू सिंह (निवासी कायरा) और हरिओम (निवासी जयपुर) भी मौके पर मौजूद थे, जिनके समक्ष यह लेनदेन हुआ।

सारंगपुर कृषि मंडी:

## सोयाबीन के दामों में जोरदार उछाल, 7400 प्रति क्विंटल तक पहुंचे भाव

**सारंगपुर।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में मंगलवार को कारोबारी हफ्ते के दूसरे दिन खासी चहल-पहल देखने को मिली। मंडी में विभिन्ना कृषि उपजों की कुल आवक 1300 क्विंटल दर्ज की गई। इस दौरान मंडी प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक आंकडों के मुताबिक बाजार में सोयाबीन के दामों में जबरदस्त तेजी और मजबूती का रुख देखा गया, जिसने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी। वहीं दूसरी ओर गेहूं की बंपर आवक ने मंडी की रौनक को दोगुना कर दिया, जबकि इसके भावों में स्थिरता का माहौल बना रहा। सारंगपुर मंडी में सोयाबीन की आवक भले ही सीमित रही, लेकिन भावों के मामले में इसने शानदार प्रदर्शन किया। मंडी में कुल 100 क्विंटल सोयाबीन की आवक दर्ज की गई। बाजार खुलने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता वाली सोयाबीन की मांग में भारी उछाल देखा गया। इसके चलते सोयाबीन के न्यूनतम भाव 6912 रुपए प्रति क्विंटल रहे, जबकि उच्च स्तर पर इसके दाम 7400 रुपए प्रति क्विंटल के उच्चतम स्तर को छू गए। दिनभर चले उतार-चढाव के बाद मंडी में सोयाबीन का औसत भाव 7300 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक बाजारों में खाद्य तेलों की मजबूत मांग और स्थानीय स्तर पर अच्छी क्वालिटी की आवक के कारण सोयाबीन के दामों को बल मिल रहा है।

## समाजसेवी सत्यनारायण पुष्पद का निधन

**सारंगपुर।** पूर्व पार्षद ओम पुष्पद



राधिका के पिता सत्यनारायण पुष्पद का 75 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से शहर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दोड़ गई। वह हंसमुख, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। शवयात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष ओम पुष्पद, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सूरज के तीखे तेवर, लोग गर्मी से बेहाल

## 43 डिग्री तापमान में लोग करते रहे गर्मी से बचने के उपाय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ कानड़

दिन ब दिन बढ़ते तापमान के कारण होने वाली भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव के बाद एक बार फिर सूरज अपनी गर्मी से लोगों को परेशान कर रहा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया जिसने लोगों का हाल बेहाल कर दिया इस भीषण गर्मी से आमजन राहत पाने के कुलर,पंखे आदि का उपयोग कर रहे है।



सुबह से तीखी धूप और भीषण गर्मी के चलते दोपहर तक तो बाजार पूरे सुनसान नजर आते है गर्मी से बचने हेतु लोग आवाश्यक कार्य के लिए ही घर से बाहर निकलते है या फिर सुबह और शाम के समय घर से बाहर निकलते हैं जिससे इस भीषण गर्मी से बचा जा सके। इसी लिए दोपहर 1 बजे से चार बजे तक नगर की अधिकतर सड़के वीरान नजर आती है। नवतपा में तापमान बहुत अधिक बढ़ जाने से शरीर में पानी की मात्रा बहुत कम रह जाती है। इस कारण ज्यूस,दही, नारियल पानी, खरबूज और तरबूज जैसी ठंडक देने वाली चीजों का सेवन करना सबसे अधिक लाभदायी माना जाता है। गर्मी में ठंडक पहुंचाने वाली ठंडी कोल्ड ड्रिंक्स एवं ताजा ज्यूस की दुकानों पर सुबह शाम लोगो की भीड़ लगी रहती है।

# जनपद पंचायत भवन निर्माण की भूमि आवंटन नहीं होने पर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरौद

खाचरौद में जब तक जनपद पंचायत भवन निर्माण के लिए विधिवत भूमि आवंटन नहीं हो जाता, तब तक वर्तमान में चल रहे तहसील भवन निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोकने तथा एक परिसर-एक प्रशासन नीति के अनुरूप जनपद पंचायत एवं तहसील की भूमि को समेकित कर शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 984 रकबा 1.4210 हेक्टेयर पर जनपद पंचायत व तहसील दोनों के नवीन भवनों का निर्माण करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक महेश परमार, विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह पंवार, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा के नेतृत्व में चबुतरा चौहरा खाचरौद से न्याय यात्रा निकाल कर एसडीएम कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम नेहा साहू को सौंपा।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष व विधायक महेश परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बताये कि क्या मजबूरी है कि



उनके गृह जिले में अधिकारी मुख्यमंत्री से भूमिपूजन तो करा लेते है परंतु उनके भवन बनाने हेतु मनमानी करते हुए भूमि का आवंटन नहीं कर रहे है सरकार कौन सी कुंभकर्ण की नींद सो रही है अधिकारी किन भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए भूमि आवंटन में जानबुझकर देरी कर रहे है। अगर तत्काल जनपद पंचायत भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटित नही की गई तो आगामी दिनों में कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने बताया कि सामान्यतः मुख्यमंत्री या केन्द्रीय मंत्री व राज्य शासन के उच्च स्तर से प्रस्तावित किसी भी शासकीय भवन के भूमिपूजन से पूर्व प्रशासनिक, तकनीकी, वित्तीय एवं भूमि संबंधी सभी प्रक्रियाएं पूरी की जाती हैं, जिसमें भूमि आवंटन, राजस्व अभिलेखों में नामांतरण, डायवर्जन, निर्माण स्थल का सीमांकन तथा विधिवत कब्जा हस्तांतरण संबंधित विभाग को प्रदान किया जाना आवश्यक है परंतु स्थानीय प्रशासन द्वारा इन आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण किए बिना ही मुख्यमंत्री मोहन यादव से जनपद पंचायत भवन निर्माण का भूमिपूजन करा दिया गया, जिसके चलते वर्तमान में जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य एवं भूमि आवंटन की स्थिति विवादित एवं अव्यवस्थित बनी हुई है। पूर्व विधायक गुर्जर ने कहा कि पटवारी हल्का कस्बा खाचरौद की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 984 रकबा 1.4210 हेक्टेयर भूमि जो नवीन तहसील भवन व जनपद पंचायत भवन की आवश्यकता अनुरूप पर्याप्त मात्रा में भूमि है वर्तमान में जनपद व तहसील के समस्त कार्यालय उक्त भूमि पर स्थित है दोनो कार्यालयों की भूमि को समेकित कर समान रूप से आवंटित किया जाना चाहिए।

विधायक दिनेश जैन बोस, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह पंवार, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा, पीसीसी सदस्य अनोखीलाल सोलंकी, संतोष बरखेडावाला,ब्लॉक अध्यक्ष जीवन ढोला पाटीदार, राधेश्याम चन्द्रवंशी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश चौहान, दिपेन्द्रसिंह पंवार, जिला पंचायत सदस्य राधा मालवीय आदि ने सम्बोधित किया।

## पुरुषोत्तम मास में भक्तिमय हुआ मोड़ी ग्राम, जारी है भागवत कथा

**सुसनेर।** ग्राम मोड़ी में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन मंगलवार को दूसरे दिन भी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ जारी रहा। कथा का वाचन उज्जैन वाले व्यास लक्ष्मीनारायण शर्मा एवं सहयोगी रौनक शर्मा द्वारा किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पाटीदार धर्मशाला में आयोजित की जा रही है। दूसरे दिन कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान व्यासपीठ से भगवान की महिमा, धर्म, भक्ति एवं मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। व्यास शर्मा ने अपने प्रवचनों में कहा कि मनुष्य को जीवन में सदैव अच्छे कर्म करते हुए भगवान की भक्ति में लीन रहना चाहिए। कथा के मधुर प्रसंगों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। महिलाओं एवं युवाओं की भी अच्छी सहभागिता देखने को मिली। रात्रि में आयोजित नानीबाई रो मायरो की प्रस्तुति ने भी श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है।

## कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई भगवान देवनारायण की नौ दिवसीय कथा



**जगोटी ।** महिदपुर तहसील के बड़े गांव जगोटी में भगवान देवनारायण की नौ दिवसीय कथा की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई। श्री चैतन्य हनुमान मंदिर से आरंभ हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व महिलाओं ने भाग लिया, यात्रा का गांव में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। बालाजी परिसर में आयोजित कथा के प्रथम दिवस कथाकार पं . ईश्वर सिंह गुर्जर भगत जी ने भगवान श्री देवनारायण के पृकटोत्सव पर विस्तार से प्रकाश डाला। पोथी पूजा भगवान सिंह आंजना व श्याम प्रजापति द्वारा की गई। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु ठंडे पेयजल व गर्मी से बचाव हेतु सराहनीय व्यवस्था की गईं।

## सेवा सदन पर नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर संपन्न



**सारंगपुर।** सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र दीनदयाल चौराहा सारंगपुर सहयोगी संस्था मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार, सचिव नंदकिशोर सोनी, शिविर संयोजक कांतिलाल सूरजमल चौधरी, ऑपरेटर अनूप अरविंद चौधरी अन्य द्वारा आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि, मां सरस्वती एवं संत हिरदाराम के चित्र पर माल्यार्पण पूजन अर्चन कर शिविर का शुभारंभ किया गया। सेवा सदन सहायक संस्था अध्यक्ष त्रिकार ने बताया कि सेवा सदन मुफ्त नेत्र जांच शिविर और मोतियाबिंद के ऑपरेशन आयोजित करता है ताकि समाज में हर वर्ग को अच्छी तरह नेत्र दृष्टि मिल सके, यह भी बताया आंखें प्रकृति प्रदत्त एक अनमोल उपहार है सही समय पर सही इलाज कर जीवन सुखमय बना सकते हैं। इस दौरान 81 नेत्र रोगियों का पंजीयन किया गया जिसमें मोतियाबिंद वाले चिन्हित 19, मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भेजे 16, चश्मे वाले 23, नॉर्मल 42 जिन्हें आंखों की सुरक्षा संबंधी उचित जानकारियां दी गई। शिविर संयोजक अनूप अरविंद चौधरी द्वारा रोगियों को भोजन पैकेट एवं पानी की बोतल प्रदाय की गई। तत्पश्चात वाहन ऑपरेशन हेतु भोपाल सेवा सदन विदा की गई। सचिव नंदकिशोर सोनी ने बताया निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण के साथ रोगियों को निशुल्क आवास, भोजन दवाई, काला चश्मा आदि अन्य सुविधा दी जाएगी और ऑपरेशन पश्चात वापस बस द्वारा ही स्थानीय सेवा केंद्र दीनदयाल चौराहा पर 20 मई को लाया जाएगा। इस अवसर पर रामनारायण टेटवाल, शिवनारायण मालवीय, श्रीवल्लभ सोनी, डॉ. विशाल कुशवाहा, सहायक नीरज विश्वकर्मा, ब्लड प्रेशर शुगर एवं आंखों की जांच की गई।

## इंगोरिया-उन्हेल रोड चौड़ीकरण में खोदे गड्ढे से नल जल योजना बाधित



**इंगोरिया।** उन्हेल से इंगोरिया सड़क चौड़ीकरण हेतु निर्माण कार्य चल रहा है। इंगोरिया छोटी चौपाटी पर ठेकेदार द्वारा की गई खुदाई से गांव की नल जल योजना की पाईप लाईन तोड़ दी गई। जिससे ग्राम पंचायत द्वारा गांव में सप्लाई की जा रही नल जल योजना बंद हो गई है। पिछले 3 दिनों से गांव के लोग पेय जल के लिए इधर उधर भटक रहें हैं। हैंड पंपों में भी जल स्तर गिरने से पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में ग्राम वासियों को पेय जल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पहले 15 दिन पहले भी सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार ने जे सी बी से खुदाई की थी पाईप लाईन क्षति ग्रस्त होने पेय जल सप्लाई बाधित कर दी थी। तीन दिन पहले फिर से खुदाई कर पाईप लाईन क्षति ग्रस्त कर दी। ग्रामवासियों ने मांग की है कि अतिशीघ्र पाईप लाईन दुरुस्त कर पेय जल सप्लाई चालू की जाए।

# 400 साल पुराना अद्भुत शिवमंदिर नंदी के मुख से बहती है चमत्कारी धारा



क्या आप जानते हैं कि भारत मे एक ऐसा रहस्यमयी शिव मंदिर है। जहां पर नंदी के मुख से शिवलिंग पर निरंतर जलधारा गिरती रहती है। वह भी बिना किसी ज्ञात जलस्त्रोत के। बता दें कि यह आध्यात्मिक और चमत्कारी स्थल कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में है।



देश भर में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं देश में कई प्राचीन और अद्भुत शिव मंदिर हैं। हर रोज भक्त इन शिवधामों के दर्शन और जलाभिषेक करने के लिए आते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत मे एक ऐसा रहस्यमयी शिव मंदिर है। जहां पर नंदी के मुख से शिवलिंग पर निरंतर जलधारा गिरती रहती है। वह भी बिना किसी ज्ञात जलस्त्रोत के। बता दें कि यह आध्यात्मिक और चमत्कारी स्थल कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में है। यहां स्थित काडू मल्लेश्वर मंदिर का रहस्य और चमत्कार इस जगह को और अधिक खास बना देती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस चमत्कारी मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं।

## काडु मल्लेश्वर मंदिर का रहस्य

दक्षिण भारत का रहस्यमयी शिवधाम बेंगलुरु के मल्लेश्वरम क्षेत्र में स्थित है। इस मंदिर का नाम काडु मल्लेश्वर मंदिर है, जोकि करीब 400 साल पुराना माना जाता है। माना जाता है कि इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का स्वरूप है। इस मंदिर का निर्माण 17वीं शताब्दी में मराठा राजा शिवाजी के भाई वेंकोजी द्वारा कराया गया था। इस मंदिर का वास्तुकला मराठा और द्रविड़ शैली का अद्भुत संगम है। मंदिर की दीवारों, स्तंभों और शिखर की नक्काशी इसकी प्राचीनता और भव्यता को दशार्ती है।

## दक्षिणामुख नंदी तीर्थ में होता है चमत्कार

काडू मल्लेश्वर मंदिर के पास श्री दक्षिणामुख नंदी तीर्थ कल्याणी क्षेत्र स्थित है। स्थानीय मान्यता के मुताबिक जब तक नंदी तीर्थ के दर्शन न हों, तब तक काडु मल्लेश्वर मंदिर की पूजा को अधूरा माना जाता है।

इस क्षेत्र में नंदी महाराज की प्रचीन पत्थर की प्रतिमा स्थापित है। नंदी के मुख से निरंतर साफ और ठंडा पानी निकलता है। यह जलधारा शिवलिंग पर गिरकर स्वतः जलाभिषेक करती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस पानी का स्त्रोत आज तक अज्ञात बना हुआ है। शोधकर्ता और वैज्ञानिक भी इस जलधारा के उद्गम का पता लगाने का प्रयास कर चुके हैं। लेकिन अब तक कोई भी ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

### भक्त मानते हैं इसको चमत्कार

इस रहस्य को जहां विज्ञान समझ पाने में असमर्थ रहे हैं। तो वहीं श्रद्धालु इसको भगवान शिव की दिव्य कृपा और चमत्कार मानते हैं। धार्मिक मान्यता हैं कि यहां पर सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है।

### विशेष आयोजन

बता दें कि महाशिवरात्रि के पावन मौके पर काडु मल्लेश्वर मंदिर और नंदी तीर्थ क्षेत्र में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। इस दौरान मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया जाता है। रुद्राभिषेक और महापूजा का आयोजन किया जाता है। इस पावन मौके पर भगवान शिव की रथ यात्रा निकाली जाती है। वहीं 15 दिन प्रसिद्ध मूंगफली मेला लगता है। जोकि दूर-दराज से भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस दौरान लाखों की संख्या में भक्त दर्शन के लिए बेंगलुरु पहुंचते हैं।

**ऐसे पहुंचे-** आप यहां पर अगर हवाई मार्ग से आना चाहते हैं, तो केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु है। अगर आप रेल मार्ग से यहां आना चाहते हैं, तो बेंगलुरु सिटी रेलवे स्टेशन है। वहीं शहर के सभी प्रमुख हिस्सों से मेट्रो और बस सुविधा उपलब्ध है।

ठहरने की सुविधा- मल्लेश्वरम और आसपास के क्षेत्रों में धर्मशालाएं, बजट होटल और मिड रेंज होटल आसानी से मिल जाएंगे।



# जहां शिव के साथ विराजती हैं शक्ति, विश्व का इकलौता ऐसा मंदिर

शिव भक्त भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए किसी भी शिवालय में जाकर भगवान शिव की पूजा करते हैं। वहीं भगवान शिव की पूजा करने से जातक के जीवन के कष्टों का अंत होता है। लेकिन द्वादश ज्योतिर्लिंग यानी कि भगवान शिव के 12 शिवलिंगों की पूजा और दर्शन करने का अपना एक अलग महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों के दर्शन और सुबह-शाम के स्मरण मात्र से व्यक्ति के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। द्वादश ज्योतिर्लिंग में देवघर के बाबा बैद्यनाथ की पूजा का विशेष महत्व होता है। क्योंकि यह इकलौता ऐसा ज्योतिर्लिंग है, जिसके साथ शक्तिपीठ भी मौजूद है।

## कामना ज्योतिर्लिंग

झारखंड के देवघर में द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से बाबा बैद्यनाथ का ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठों में से एक मां पार्वती की शक्तिपीठ एक साथ विराजमान है। जिसकी वजह से बाबा बैद्यनाथ को कामना ज्योतिर्लिंग भी कहते हैं। क्योंकि यहां पर जो भक्त आते हैं, वह भगवान शिव के साथ मां शक्ति की भी पूजा-अर्चना करते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

## विश्व का इकलौता ज्योतिर्लिंग

बता दें कि देवघर में बाबा बैद्यनाथ का ज्योतिर्लिंग विश्व का एकमात्र ऐसा ज्योतिर्लिंग है। जहां पर ज्योतिर्लिंग के साथ शक्तिपीठ भी मौजूद है। शिव और शक्ति के एक साथ होने से बाबा नगरी और बाबा बैद्यनाथ का महत्व विश्व विख्यात है।

## शिव और शक्ति की पूजा

आध्यात्म जगत में शिव और शक्ति की पूजा का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि भगवान शिव और शक्ति जीवन के दो मूलभूल स्तंभ हैं। वहीं पौराणिक कथाओं के मुताबिक देवघर में मां सती का हृदय गिरा था। जिस वजह से देवघर में भगवान शिव के साथ मां पार्वती का भी निवास है। बाबा नगरी में बसे भगवान शिव और शक्ति के दर्शन के लिए भक्त दूर-दूर से यहां पहुंचते हैं और मां पार्वती और भगवान शिव की एक साथ पूजा की जाती है।




पंत के लिए फिलहाल सफेद गेंद के दरवाजे बंद, ईशान पर भरोसा

# टीम के चयन में मिशन 2027 के संकेत, स्पिन विभाग में भी भविष्य के विकल्प चुने

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने मंगलवार को सिर्फ टीम का ऐलान नहीं किया, बल्कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य की एक बेहद स्पष्ट और कड़ी तस्वीर सामने रखी है। उन्होंने संकेत दिए कि चयनकर्ता अब 2027 वनडे विश्व कप की टीम तैयार करने के मिशन पर आगे बढ़ रहे हैं।

सबसे बड़ा संदेश ऋषभ पंत को लेकर दिखा। टेस्ट में बने रहना और वनडे टीम से बाहर होना बताता है कि वह फिलहाल सीमित ओवरों की योजना में नहीं हैं। अगरकर ने साफ कहा कि पंत भारत के अहम ह्यटेस्टह्न बल्लेबाज हैं। टीम चाहती है कि वह उसी में अपना सर्वश्रेष्ठ दें।

इसके साथ ही केएल राहुल के साथ ईशान किशन को वनडे टीम में बैकअप विकेटकीपर बनाना बताता है कि सफेद गेंद के प्रारूप में विकल्पों की नई परत तैयार हो रही है। केएल राहुल के साथ उनका चयन 2027 विश्व कप के लिए संकेत है। इस सवाल पर अगरकर ने कहा कि इस समय यह सबसे अच्छा विकल्प था।

स्पिन विभाग सबसे दिलचस्प नजर आ ा य ा ा । ज ड े जा क ो आ रा म औ र अ क्षा र प ट े ला को बाहर रखने के साथ भारत ने भविष्य के वि क ल्प ा तलाशने शुरू कर दिए हैं। हर्ष दुबे और मानव सुथार का चयन संकेत है कि वे ऐसे स्पिन ऑलराउंडरों की तलाश में हैं जो दक्षिण अफ्रीका में टीम को संतुलन दे सकें। अगरकर ने खुद माना कि अगले 15-16 महीनों में नए विकल्पों को परखा जाएगा। छह फुट पांच इंच लंब तेज गेंदबाज गुरनूर बरार 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लगातार गेंदबाजी कर सकते हैं। 2021 में पंजाब के लिस्ट ए में पदार्पण करने वाले बरार का पहला प्यार क्रिकेट नहीं था। वह स्कूल में टेनिस और फुटबॉल खेलते थे। लंबे कद की वजह से एक दोस्त ने उन्हें स्कूल में गेंदबाजी का ट्रायल देने को कहा।



### सड़क पर एक गलत मोड़ ने क्रिकेटर बना दिया

साल 2010 में नागपुर का एक 9 साल का बच्चा अपने पिता के साथ चौथी क्लास की किताबें खरीदने निकला था। रास्ते में एक गलत मोड़ पर मुड़ने की वजह से वे दोनों ह्यरूबी क्रिकेट क्लबह्न के सामने जा पहुंचे। वहां बच्चों को खेलते देख जब बच्चे ने पिता से सवाल किया, तो पिता ने कहा-यहीं क्रिकेटर्स बनते हैं। बस, वही एक लम्हा था जिसने उस बच्चे के दिमाग में क्रिकेट का कीड़ा डाल दिया। घरेलू क्रिकेट में विदर्भ के लिए खेलने वाले 23 वर्षीय ऑलराउंडर हर्ष दुबे 27 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 133 विकेट ले चुके हैं.

## डिकॉक और बावा आईपीएल से बाहर

**कोलकाता।** मुंबई इंडियंस के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर राज अंगद बावा चोट के कारण आईपीएल के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए हैं। प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी मुंबई को अभी दो मैच और खेलने हैं।

# जयपुर में सूर्यवंशी की सुनामी

एजेंसी ▸▸ जयपुर



वंडर ब्वॉय वैभव सूर्यवंशी ने मंगलवार को स्वाई मानसिंह स्टेडियम में बवंडर ला दिया। सूर्यवंशी नाम की सुनामी में लखनऊ सुपर जायंट्स पूरी तरह से बह गया। राजस्थान रॉयल्स ने सात विकेट की बड़ी जीत के साथ जयपुर का किला फतेह किया। साथ ही प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों का नई उड़ान भी दी।

सूर्यवंशी सात रन से दूसरे शतक से चूक गए पर उनकी 93 रन की पारी से राजस्थान ने 221 रन का लक्ष्य तीन विकेट पर 225 रन बनाकर हासिल कर लिया। यशस्वी (43) ने आकाश के पहले ही ओवर में चौकों की हैट्रिक से 23 रन बटोरकर टीम को जो धमाकेदार शुरूआत दिलाई उसे सूर्यवंशी ने परवान चढ़ाया। सूर्यवंशी ने मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया। उन्होंने यशस्वी के साथ पहले विकेट के लिए 79 तो जुरेल (53 नाबाद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 105 रन जोड़ दिए।

वह 17वें ओवर में जब मोहसिन की गेंद पर आउट हुए तब टीम जीत से 21 रन दूर थी। फरेरा ने अंतिम ओवर की पहली गेंद पर शाहबाज को छक्के साथ जयपुर में टीम को लगातार पांच हार के बाद पहली जीत दिलाई। लखनऊ ने मार्श (96)और इंग्लिस (60) के बीच पहले विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 220 रन बनाए।

## चोटिल अल्काराज विम्बलडन से भी हटे

**लंदन।** दो बार के विम्बलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को घोषणा की कि कलाई की चोट के कारण वह अगले महीने होने वाले विम्बलडन टूर्नामेंट से भी हट रहे हैं। पिछले महीने बार्सिलोना ओपन के दौरान उनकी दाईं कलाई में चोट लग गई थी। वह इस सप्ताहांत से शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन से भी पहले ही हट चुके हैं। उन्होंने पिछले दो वर्षों में यह क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट जीता था। अल्काराज ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, मेरी रिकवरी अच्छी चल रही है। मैं बेहतर महसूस कर रहा हूं, पर दुर्भाग्य से खेलने को तैयार नहीं हूं।

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# पटाखा दुकान में आग लगने से 7 वाहन जले, इस बीच फूटते रहे पटाखे

## इधर-उधर उड़ते रहे रॉकेट, जिम तक पहुंचीं लपटें, फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर वक्त रहते आग पर काबू पा लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के नायता मुंडला के समीप एक पटाखा दुकान के गोडाउन में मंगलवार शाम को अचानक आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर खड़ी एक कार भी आग की चपेट में आने से जल गई, वहीं दो पहिया वाहन भी जल गए। कुल 7 वाहन जले हैं। घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और वक्त रहते आग पर काबू पा लिया गया।

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, घटना नायता मुंडला इलाके में एक पटाखा दुकान में आग लगने की सूचना 5.55 बजे पर मिली थी। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां तत्काल रवाना हुई। जिसके बाद वहां पहुंचकर आग बुझाने की कवायद शुरू की गई।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि यहां बिल्डिंग में नीचे पटाखा दुकान है, जहां माल भरा हुआ था। दुकान के ऊपर जिम भी है। दुकान में मंगलवार शाम करीब 5.40 बजे आग लग गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के समय जिम में 5 से 6 युवक वर्कआउट कर रहे थे। आग और धमाकों के बीच सभी युवक पीछे के रास्ते से बाहर निकलकर सुरक्षित बच गए। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन एक ऑटो, एक कार और पांच दोपहिया वाहन आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गए।





### बेलमोर्ट पार्क ऑफिस में आगः दस्तावेज समेत ऑफिस का पूरा सामान जला और 2 जगहों पर भी लगी आग

इंदौर के लसूडिया क्षेत्र में बेलमोर्ट पार्क के ऑफिस में बुधवार सुबह आगजनी की घटना हो गई। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ऑफिस में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के एएसआई सुशील कुमार दुबे ने बताया कि आग बेलमोर्ट पार्क के मेंटेनेंस ऑफिस में लगी थी, जहां टाउनशिप बिल्डर का भी कार्यालय है। सुबह करीब 5 बजे गार्ड ने धुआं निकलते देखा था। आसपास मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर पानी डालकर आग पर नियंत्रण किया। आग में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जलकर नष्ट हो गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

खंडवा रोड स्थित अनुराधा नगर में भी अलसुबह एक सब्जी की दुकान में आग लग गई। इस घटना में दुकान का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के अनुसार बबली पति प्रीतम सिंह की दुकान में यह आग लगी थी। मौके पर करीब 1000 लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। शुरूआती जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इंदौर के रेडिसन चौराहे के पास महिदपुर वाला फर्नीचर की बिल्डिंग के सातवें माले पर भी बुधवार करीब 10.30 बजे आग लग गई। घटना के करीब 15 मिनट बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। बताया जाता है कि आग टावर के पिछले हिस्से में लगी थी। दमकलकर्मियों ने बिल्डिंग में मौजूद कर्मचारियों की मदद से आग पर तुरंत काबू पा लिया।

### न्यूज कॉलम

## नर्मदा कंट्रोल रूम पहुंचे निगम कमिश्नर, पानी की सप्लाई चेक की



**इंदौर।** शहर में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है। लोगों को पानी की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह तो लोग टैंकरों पर ही निर्भर है। ऐसे में वे यहीं उम्मीद लगाए है कि नगर निगम और जनप्रतिनिधि इस समस्या का जल्द समाधान करें। पानी की समस्या को देखते हुए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल बुधवार को बीजलपुर नर्मदा कंट्रोल रूम पहुंचे और यहां पर सप्लाई की स्थिति चेक की। निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल बुधवार को शहर में पानी की सप्लाई को लेकर बीजलपुर नर्मदा कंट्रोल रूम पहुंचे और यहां की व्यवस्थाओं को चेक किया। इस दौरान उनके साथ कार्यपालन यंत्री और निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निगम कमिश्नर ने कंट्रोल रूप से ही फोन पर पानी की सप्लाई से संबंधित सभी सहायक यंत्री से नर्मदा पानी की टंकी भरने, पानी की सप्लाई, टैंकर से सप्लाई के बारे में जानकारी और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पानी की सप्लाई की व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए कहा है। निगम कमिश्नर ने हाइड्रेंट से टैंकर भरने के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए।

## बैंक कर्मचारी पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

**इंदौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित बीजलपुर की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा के एक कर्मचारी पर महिला और उसके देवर के बैंक खातों से लाखों रुपए निकालने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बीजलपुर निवासी द्रोपती बाई पति हीरालाल वर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की बीजलपुर शाखा में कार्यरत कर्मचारी विष्णु शर्मा ने धोखाधड़ी करते हुए उनके देवर सत्यनारायण के खाते से लाखों रुपए निकाल लिए। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने सत्यनारायण की जानकारी के बिना उसका एटीएम कार्ड जारी कराया और उसे अपने पास रख लिया। आरोप है कि 3 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 के बीच एटीएम और ट्रांसफर के जरिए खाते से लगातार रकम निकाली गई। सत्यनारायण को इस बात की जानकारी तक नहीं थी कि उसके नाम से एटीएम कार्ड जारी हुआ है। महिला ने पुलिस को बताया कि 16 सितंबर 2025 को आरोपी विष्णु शर्मा उनके घर पहुंचा और कहा कि बैंक अकाउंट आधार कार्ड से लिंक नहीं है। इस दौरान उसने ओटीपी लेकर उनके खाते से करीब 4 लाख 85 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। वहीं सत्यनारायण के खाते से भी करीब 4 लाख 89 हजार रुपए निकालने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी पहले सत्यनारायण की दुकान पर खाता खुलवाने पहुंचा था। उसी दौरान उसने कथित रूप से बिना जानकारी दिए एटीएम कार्ड जारी कराया और उसे अपने कब्जे में रख लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने कुछ रकम भूपेंद्र नाम के व्यक्ति के खाते में भी ट्रांसफर की थी। फिलहाल राजेंद्र नगर पुलिस ने संयुक्त एफआईआर दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

## तीन साल तक युवती को करता रहा गुमराह फिर किया शादी से इनकार

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में एक युवती ने छात्र पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खजराना पुलिस के मुताबिक निजी कंपनी में काम करने वाली युवती की शिकायत पर ऐलेंद्र राजपूत के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब तीन साल पहले उसकी आरोपी से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और वे साथ घूमने-फिरने लगे। युवती के अनुसार 12 मई 2024 को ऐलेंद्र उसे खजराना के न्याय नगर स्थित अपने एक दोस्त के घर ले गया। वहां पहुंचने पर उसका दोस्त मौजूद नहीं था। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद वह कई बार युवती के साथ संबंध बनाता रहा। पीड़िता ने बताया कि जब भी वह शादी की बात करती थी, आरोपी उसे भरोसा दिलाता था कि ग्रेजुएशन पूरा होने और नौकरी लगने के बाद वह शादी कर लेगा। युवती के मुताबिक 27 अप्रैल 2026 को आरोपी ने फिर मिलने बुलाया और उसके साथ संबंध बनाए। इस दौरान जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने उसे धमकाते हुए बार-बार शादी की बात न करने को कहा। आरोप है कि बाद में ऐलेंद्र ने शादी से साफ इनकार कर दिया और युवती का नंबर भी ब्लॉक कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने अपने परिवार को पूरी जानकारी दी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। खजराना पुलिस ने मंगलवार रात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## पति से विवाद के चलते नवविवाहिता ने लगाई फांसी, पुलिस ने शुरू की जांच

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने मंगलवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुरूआती जांच में पति और ससुराल पक्ष से विवाद के चलते तनाव में होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय सीमा जैन पति हेमंत जैन निवासी अंजनी नगर ने मंगलवार शाम अपने घर में सुसाइड कर लिया। घटना का पता उस समय चला जब सीमा की मां ने उसे कमरे में फंदे पर लटका हुआ देखा। इसके बाद परिजनों और पुलिस को सूचना दी गई। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि सीमा की शादी पिछले साल मई में खरगोन जिले के कसरावद में हुई थी। आरोप है कि शादी के समय ससुराल पक्ष ने हेमंत की बीमारी की जानकारी छिपाई थी। इस बात को लेकर शादी के बाद सीमा और ससुराल पक्ष के बीच विवाद शुरू हो गया था। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने के बाद सीमा पिछले करीब चार महीने से इंदौर में अपनी मां और भाई के साथ रह रही थी। पति-पत्नी के बीच तलाक का मामला भी चल रहा था। सीमा के पिता बुरहानपुर के पास के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जबकि उसकी मां और भाई कई वर्षों से इंदौर में निवास कर रहे हैं। विजयनगर पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में दंपती के बीच विवाद आत्महत्या की वजह के रूप में सामने आया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## कंपनी के ब्रांच मैनेजर ने युवती से छेड़छाड़ कर अश्लील मैसेज भी भेजे

**इंदौर।** 27 साल की युवती से टू व्हीलर कंपनी शोरूम के ब्रांच मैनेजर ने छेड़छाड़ की। इसके बाद युवती ने तिलक नगर पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी आंनद पुत्र ओमप्रकाश चौधरी निवासी सूर्यदेव नगर के खिलाफ छेड़छाड़ के मामले में एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, तिलक नगर पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि वह कासलीवाल होंडा में जॉब करती है। यहां आंनद पुत्र ओमप्रकाश चौधरी निवासी सूर्यदेव नगर ब्रांच मेनेजर के पद पर कार्यरत है, वह शुरू से ही गलत नजर रखते है। मोबाइल पर भी बात करने के दौरान उन्होंने अश्लील बातें की। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते पीड़िता ने शिकायत नहीं की, इससे आंनद की हिम्मत और बढ़ गई। युवती ने बताया कि आनंद उसे लगातार मैसेज भेजने लगा। शिवरात्रि के एक दिन बाद ही आंनद ने गलत तरीके से टच किया, तब उससे बचकर निकली। बाद में पति को आंनद की हरकतों की जानकारी देने की कोशिश की। पति ने नौकरी छोड़ने की बात की, लेकिन पारिवारिक समस्या को देखते ही काम करती रही। पिछले महीने भी आंनद ने कहा कि मई महीने में उसके घर पर कोई नहीं होगा, तब दोनों मुलाकात करेंगे। परेशान होकर पीडिता ने मंगलवार को आवेदन देकर शिकायत की। पुलिस ने आंनद के खिलाफ कारवाई की है।

### कारोबारियों-नेताओं को बनाते थे टारगेट, बदनामी के डर से कई लोग सामने नहीं आ रहे

# जेल में श्वेता-अलका की हुई दोस्ती, बनाया हनीट्रैप गैंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग कांड में पुलिस जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह ठाकुर उर्फ चिंटू ठाकुर से एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने वाले गिरोह की मास्टरमाइंड भोपाल निवासी श्वेता विजय जैन बताई जा रही है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि श्वेता और शराब तस्करी से जुड़ी अलका दीक्षित की दोस्ती जिला जेल में हुई थी। वहीं हनीट्रैप नेटवर्क की योजना बनी। क्राइम ब्रांच के अनुसार जेल से बाहर आने के बाद दोनों ने नेताओं, कारोबारियों और रसूखदार लोगों को जाल में फंसाकर ब्लैकमेलिंग और उगाही शुरू कर दी।

पुलिस का दावा है कि गैंग पिछले दो वर्षों से सक्रिय था और कई हाईप्रोफाइल लोगों को शिकार बना चुका है। बदनामी के डर से कई पीड़ित सामने नहीं आ रहे हैं। डीसीपी (क्राइम) राजेश त्रिपाठी के मुताबिक मंगलवार को श्वेता जैन, अलका दीक्षित, जयदीप दीक्षित, लाखन चौधरी और जितेंद्र पुरोहित को कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने सभी आरोपियों को छह दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पूछताछ में श्वेता जैन ने बताया कि 2019 के चर्चित हनीट्रैप मामले में जेल के दौरान उसकी मुलाकात अलका दीक्षित से हुई थी। उस समय अलका शराब तस्करी के मामले में जेल में बंद थी। दोनों की दोस्ती वहीं हुई और जमानत के बाद भी संपर्क बना रहा। पुलिस जांच में सामने आया है कि अलका पहले से अनैतिक गतिविधियों और शराब तस्करी से जुड़ी रही है। आरोप है कि श्वेता के इशारे पर अलका लोगों को जाल में फंसाती थी और फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर रकम वसूली जाती थी। जांच अधिकारियों के अनुसार गैंग नेताओं, कारोबारियों और रसूखदार लोगों को टारगेट करता था। पुलिस को शक है कि 2019 के हनीट्रैप कांड से जुड़े कुछ लोग भी इस नेटवर्क के संपर्क में रहे हैं।




### भाजपा पदाधिकारी बताकर करता था शिकार की तलाश

पुलिस के अनुसार आरोपी लाखन चौधरी पीथमपुर क्षेत्र का रहने वाला है और खुद को भाजपा पदाधिकारी बताता था। वह प्रॉपर्टी कारोबार की आड़ में लोगों से संपर्क कर संभावित शिकार तलाशता था। जांच में सामने आया है कि हितेंद्र सिंह उर्फ चिंटू ठाकुर को फंसाने के बाद अलका ने इंटेलिजेंस शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा से सलाह ली थी। आरोप है कि अलका ने कारोबारी के फोटो भी पुलिसकर्मी को भेजे थे। पूछताछ में प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा ने अलका से संपर्क होने की बात स्वीकार की है। पुलिस को शक है कि वह आरोपियों को ब्लैकमेलिंग और दबाव बनाने के तरीके बता रहा था।

# आईईटी हॉस्टल में हंगामे के बाद छात्रों ने मांगी माफी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग संस्थान स्थित रामानुजन हॉस्टल में शराब पार्टी और तोड़फोड़ मामले में प्रशासन की सख्ती के बाद छात्र बैकफुट पर आ गए हैं। संस्थान द्वारा बीटेक फाइनल ईयर के छात्रों का रिजल्ट रोकने, 25-25 हजार रुपए का जुर्माना लगाने और प्लेसमेंट कंपनियों को सूचना भेजने की तैयारी की जा रही है। इसी के चलते मंगलवार को हॉस्टल के छात्रों ने सामूहिक वीडियो जारी कर हाथ जोड़कर माफी मांगी।

छात्रों ने कुलपति प्रो. राकेश सिंघई और आईईटी डायरेक्टर प्रो. प्रतोष बंसल से अपील करते हुए कहा कि उनका भविष्य और करियर दांव पर लगा है। उन्होंने अनुरोध किया कि डिग्री और प्लेसमेंट पर असर पड़ने से उनका भविष्य खराब हो सकता है, इसलिए उन्हें एक मौका दिया जाए। हालांकि यूनिवर्सिटी प्रशासन फिलहाल सख्त रुख अपनाए हुए है। प्रशासन का कहना है कि सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई छात्रों को करनी होगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई नियमों के तहत की जाएगी।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले हॉस्टल में करीब दो घंटे तक छात्रों ने जमकर हंगामा किया था। इस दौरान टेबल-कुर्सियां, वाटर कूलर, पानी की टंकियां और खिड़कियों के कांच तोड़ दिए गए थे। कुछ छात्रों के नशे में होने की बात भी सामने आई थी।

मामले में छात्रों के अभिभावकों को इंदौर बुलाकर काउंसिलिंग की जाएगी। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुख्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## बेटी के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मिली मदद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मंगलवार को भीषण गर्मी में कलेक्टर की जनसुनवाई में कई लोग अलग-अलग समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए आए। इनमें से कइयों को आर्थिक मदद दी गई जबक कई मामले जांच में हैं।

राम नगर निवासी शोभा संतोष घाईतड़क ने बताया कि मेरी बेटी सोनिया (28) का इलाज एमवाय अस्पताल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चल रहा है। पिछले चार वर्षों से उसका लगातार डायलिसिस हो रहा है। इससे पहले मुंबई के केईएम अस्पताल में भी इलाज चला, लेकिन आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर होने के कारण हर दिन संघर्ष करना पड़ रहा था। परिवार में कोई सहारा नहीं है, इसलिए इलाज से लेकर घर चलाने तक की पूरी जिम्मेदारी अकेले मुझे ही संभालनी पड़ रही है। बेटी की दवाइयों, खाने-पीने, अस्पताल आने-जाने और अन्य खर्चों के लिए मुझे लोगों से मदद मांगनी पड़ी। शुरूआत में मैं किडनी ट्रांसप्लांट के बारे में सोच भी नहीं सकती थी, क्योंकि डायलिसिस का खर्च उठाना ही मुश्किल था। पिछले चार वर्षों में मैंने दुकान-दुकान जाकर लोगों से मदद मांगी और एक-एक रुपया जोड़कर बेटी के इलाज का प्रयास किया। धीरे-धीरे लोगों का सहयोग मिलने लगा तो मैंने अपनी बेटी को किडनी देने का निर्णय लिया। लेकिन उसमें भी एक समस्या सामने आई। मेरा ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव है और बेटी का बी पॉजिटिव, इसलिए सामान्य ट्रांसप्लांट संभव नहीं है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com